खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 30°C
न्यूनतम : 23°C

देहरादून, सोमवार 11 अगस्त 2025 देहरादून संस्करणः वर्ष 25 अंक 4 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 16 सफर 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र सरकार के बेड़े में शामिल होगा अगस्ता हेलीकॉप्टर पेज 2



एशियाई अंडर-19 मुक्केबाजीः निशा, मुस्कान और राहुल कुंडू ने जीता स्वर्ण खेल टाइम्स




फर्जी सरकार का फर्जी प्रधानमंत्री! सम्पादकीय



गाजा पर कब्जे की योजना के खिलाफ उतरा तुर्की पेज 12

# बिजनौरः कुएं की जहरीली गैस से तीन भाइयों की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो



एक को बचाने के चक्कर में गई तीनों की जान

**बिजनौर।** कुएं की जहरीली गैस से दो सगे और एक चचेरे भाई की मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे से कोहराम मच गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार शिवाला कलां थाना अंतर्गत ग्राम सरकथल है। ग्राम में धर्मवीर सिंह के खेत है। उनका पुत्र छत्रपाल सिंह (27 वर्ष) रविवार सुबह लगभग दस बजे अपने जंगल में गया था। उसे खेतों में पानी देखना था। इस बीच वह आगे बढ़ कर खेत में बने कुएं में मौजूद अपनी मोटर को देखने लगा। उसे शक था कि कहीं चोरों ने मोटर तो पार नहीं कर दी है। वह कुएं के अंदर उतर गया। कुएं में बरसात की वजह से जहरीली गैस बन रही थी। गैस की वजह से वह बेहोश हो गया। जब वह कुएं से बाहर नहीं आया, तो उसके चाचा हरि सिंह के पुत्र हिमांशु (22 वर्ष) व कशिश (20 वर्ष) भी कुएं में झांकने लगे। उन्होंने छत्रपाल सिंह को कुएं में बेहोश पड़ा देखा। उसे बाहर निकालने के लिए वह भी नीचे उतर गए। नीचे जाकर वह भी बेहोश हो गए। यह खबर ग्रामीणों तक पहुंची। तीनों को जैसे-तैसे रस्सियों से बांध कर बाहर निकाला गया। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

# ऑपरेशन जिंदगीः धराली में रेस्क्यू तेज, अब तक 1273 लोगों को बचाया

शाह टाइम्स संवाददाता





हर्षिल में बिजली-संचार व्यवस्था बहाल, सड़क की कनेक्टिविटी पर फोकस

**उत्तरकाशी।** धराली-हर्षिल वैली में आपदा राहत कार्य के छठे दिन मौसम साफ होने के बाद हर्षिल और धराली से हवाई रेस्क्यू दोबारा शुरू हुआ है। रविवार शाम तक 1273 से ज्यादा लोग सेना के एमआई 17 और चिनूक समेत राज्य सरकार के हेलीकॉप्टर से सुरक्षित निकाले गए हैं। भारत-चीन सीमा और गंगोत्री धाम को जोड़ने वाला लिम्चागाड़पुल तैयार होने से अभियान तेज होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं रेस्क्यू ऑपरेशन की समीक्षा कर रहे हैं।

उत्तरकाशी में आपदा राहत कार्य के छठे दिन रविवार 10 बजे मौसम साफ होने के बाद हर्षिल और धराली से हवाई रेस्क्यू दोबारा शुरू हुआ। अब तक 1273 से ज्यादा लोग सुरक्षित निकाले गए हैं। इनमें से 480 लोगों को शनिवार को हर्षिल और नेलांग से निकालकर जौलीग्रांट, मातली और चिन्यालीसौड़ पहुंचाया गया। हेलीकॉप्टरों के 270 सोर्टीज के जरिये चिन्यालीसौड़, जौलीग्रांट, मातली और हर्षिल से आपदाग्रस्त क्षेत्रों के लोगों को पहुंचाया गया है। गौरतलब है कि मंगलवार 5 अगस्त को जिले के धराली में एक स्थानीय मेला 'हरदूद' का आयोजन भी होना था। इसमें शामिल होने के लिए उत्तरकाशी और आसपास के इलाकों से भी लोग आए हुए थे। इसके अलावा स्थानीय लोग, होटल, होमस्टे में काम करने वाले कर्मचारी और मजदूर भी बड़ी संख्या में मौजूद थे। ठीक दिन के 1:25 मिनट पर महज 34 सेकंड में खीर गंगा के रौद्र रूप में आने के बाद तबाही और राहत-बचाव कार्यों की तस्वीरें सामने आई हैं। राज्य सरकार पूरी तत्परता -शेष पृष्ठ दो पर

## रॉबर्ट वाड्रा पर 58 करोड़ की अवैध कमाई का आरोप

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ दायर चार्जशीट में दावा किया है कि उन्होंने 58 करोड़ रुपये की अपराध से कमाई हासिल की। यह रकम दो कंपनियों के जरिये आई। ईडी का कहना है कि इस धन का इस्तेमाल वाड्रा ने संपत्तियां खरीदने, निवेश करने और अपनी कंपनियों के कर्ज चुकाने में किया। ईडी के मुताबिक, आरोपित 58 करोड़ रुपये में से 5 करोड़ रुपये ब्लू ब्रीज ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड (बीबीटीपीएल) के जरिये और 53 करोड़ रुपये स्काई लाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड (एसएलएचपीएल) के जरिये आए। दोनों कंपनियां वाड्रा के कारोबारी नेटवर्क से जुड़ी बताई गई हैं।

## दिल्ली में यमुना खतरे के निशान के करीब

**नई दिल्ली।** दिल्ली में तेज बारिश के कारण 300 से ज्यादा फ्लाइट्स लेट हुईं। रविवार को यमुना का जलस्तर खतरे के निशान 205 मी. से नीचे है। मध्य प्रदेश में भोपाल समेत आधे से ज्यादा राज्य में 24 साल में पहली बार है कि अगस्त महीने के पहले 9 दिन बिना बारिश के बीते। यहां एक मिमी भी बारिश नहीं हुई। 14 अगस्त से मौसम बदलने के आसार हैं, क्योंकि 13 अगस्त को बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर एरिया बनने की संभावना है, जो एक बड़े मानसूनी सिस्टम में बदल सकता है। यूपी में बीते एक हफ्ते से तेज बारिश जारी है। रविवार को भी 5 जिलों में बहुत तेज बारिश हो रही है।

## खामियां दूर करके फिर लागू होगी पीएम इंटर्नशिप योजना

**नई दिल्ली।** पीएम इंटर्नशिप योजना के पहले दो राउंड के नतीजे निराशाजनक रहे। इसके बाद केंद्र सरकार ने शीर्ष संस्थाओं से अध्ययन कराया। इसमें कंपनी की लोकेशन, एज लिमिट जैसी चार खामियां सामने आईं। कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ने इन खामियों को दूर करके योजना को लागू करने का रोड मैप बनाया है। नए प्लान को पीएम कार्यालय को सौंपा जाएगा।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर बोले मोदी

# दुनिया ने नए भारत का चेहरा देखा

बेंगलुरु, वार्ता



बेंगलुरुः बैंगलोर मेट्रो चरण-2 परियोजना के अंतर्गत आरवी रोड से बोम्मासंद्रा तक येलो लाइन मेट्रो को हरी झंडी दिखाते पीएम मोदी।

**कहाः ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के पीछे बहुत बड़ी वजह हमारी टेक्नोलॉजी और डिफेंस में मेक इन इंडिया की ताकत**

**आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है, अर्थव्यवस्था 10वें स्थान से ऊपर उठकर शीर्ष पांच में पहुंची**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने रविवार को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु का दौरा किया। यहां उन्होंने बेंगलुरु को कई सौगातें दीं और एक कार्यक्रम को संबोधित भी किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद मैं पहली बार बेंगलुरु आया हूं।

ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना की सफलता, सीमा पार कई किलोमीटर तक आतंकवादी ठिकानों को तबाह करने की हमारी क्षमता और आतंकवाद के बचाव में आए पाकिस्तान को कुछ ही घंटों में घुटने टेकने पर मजबूर करने की हमारी क्षमता देखी गई। पीएम मोदी ने कहा कि पूरी दुनिया ने नए भारत के इस स्वरूप के दर्शन किए हैं। ऑपरेशन सिंदूर की इस सफलता के पीछे बहुत बड़ी वजह हमारी टेक्नोलॉजी और डिफेंस में मेक इन इंडिया की ताकत है। इसमें बेंगलुरु और कर्नाटक के युवाओं का भी बहुत बड़ा योगदान है। मैं इसके लिए भी आप सभी का अभिनंदन करता हूं। इससे पहले उन्होंने कहा कि कर्नाटक की धरती पर कदम रखते ही अपनापन सा महसूस होता है। यहां की संस्कृति, यहां के लोगों का प्यार और कन्नड़ भाषा की मिठास दिल को छू जाती है। पीएम मोदी ने कहा कि बेंगलुरु को हम एक ऐसे शहर के रूप में उभरता देख रहे हैं, जो न्यू इंडिया के राइज का सिंबल बन चुका है। एक ऐसा शहर... जिसकी आत्मा में तत्व ज्ञान है और जिसके एक्शन में टेक ज्ञान है। एक ऐसा शहर... जिसने ग्लोबल आईटी मैप पर भारत का परचम लहराया है। हम बेंगलुरु को नए भारत के उदय का एक सच्चा प्रतीक बनते हुए देख रहे हैं। एक ऐसा शहर जिसने भारत को वैश्विक आईटी नक्शे पर गर्व से स्थापित किया है। बेंगलुरु की उल्लेखनीय सफलता की कहानी के पीछे प्रेरक शक्ति इसके लोगों की असाधारण प्रतिभा और सरलता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती -शेष पृष्ठ दो पर

## ऑपरेशन सिंदूर तीनों सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल का प्रमाणः सीडीएस चौहान

**नई दिल्ली।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता तीनों सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल और परिचालन सामंजस्य का प्रमाण है। रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। उन्होंने 21 वें उच्च रक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों व सीडीएम, सिकंदरा बाद के वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित करते हुए सशस्त्र बलों में एकीकृत अभियानों के भविष्य की कार्य योजना को आकार देने के लिए अहम बिंदुओं का उल्लेख किया। जनरल अनिल चौहान ने प्रौद्योगिकी-संचालित आधुनिक युद्ध में विघटनकारी परिवर्तनों से निपटने के लिए व्यापक क्षमता विकास, और सेना में किए जा रहे परिवर्तनकारी बदलावों की गहरी समझ के महत्व पर बल दिया।



# जल्द हो सकता है पाकिस्तान से अगला युद्धः आर्मी चीफ

चेन्नई, वार्ता



**हमें उसी के मुताबिक तैयारी करनी होगी, ऑपरेशन सिंदूर पर सरकार ने फ्री हैंड दिया थाः उपेन्द्र द्विवेदी**

**भारत के** थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान से जल्द ही दोबारा युद्ध होने की आशंका जताई है। उन्होंने कहा कि अगला युद्ध जल्द हो सकता है। हमें उसी के मुताबिक तैयारी करनी होगी और इस बार हमें यह लड़ाई मिलकर लड़नी होगी।


इसके अलावा ऑपरेशन सिंदूर को लेकर जनरल द्विवेदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सरकार ने हमें फ्री हैंड दिया था। ऑपरेशन में हम चेस खेल रहे थे। हमें नहीं पता था दुश्मन की अगली चाल क्या होगी और हम क्या करने वाले हैं। ऐसे ही पाक को भी हमारी चाल का नहीं पता था। जनरल द्विवेदी ने कहा कि इसे ग्रे जोन कहा जाता है। इसका मतलब है कि हम पारंपरिक ऑपरेशन नहीं कर रहे हैं। थल सेनाध्यक्ष ने 4 अगस्त को आईआईटी मद्रास में अग्निशोध- इंडियन आर्मी रिसर्च सेल (आईएआरसी) के उद्घाटन के दौरान यह बात कही थी। इसका वीडियो रविवार को सामने आया। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि 25 अप्रैल को हमने उत्तरी कमान का दौरा किया। यहां ऑपरेशन की प्लानिंग की, जिसमें हमने 9 में से 7 आतंकी ठिकानों को नष्ट किया, इसमें कई आतंकी भी मारे गए। उन्होंने कहा कि 29 अप्रैल को पीएम मोदी से मुलाकात की। यह महत्वपूर्ण है कि कैसे एक छोटा सा नाम ऑपरेशन सिंदूर पूरे देश को जोड़ता है। यह एक ऐसी बात है, जिसने पूरे देश को प्रेरित किया।

## पूर्व उपराष्ट्रपति के बारे में कोई जानकारी नहीं मिलने पर उठाए सवाल

**मुंबई/नई दिल्ली।** शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ के बारे में कोई जानकारी नहीं मिलने पर सवाल उठाए हैं और इसे भारत जैसे एक लोकतांत्रिक देश के लिए गलत करार दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार श्री धनखड़ के बारे में जानकारी छिपाती रही, तो भारत गठबंधन बंदी प्रत्यक्षीकरण प्रावधान के तहत सुप्रीम कोर्ट जाने पर विचार करेगा।

# सबके बॉस तो हम हैंः राजनाथ सिंह

## ट्रम्प का नाम लिए बिना रक्षा मंत्री ने कसा तंज



**कहाः कुछ लोग भारत के विकास से खुश नहीं**

**भोपाल।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार को मध्य प्रदेश के रायसेन जिले के दौरे पर थे। जिले के उमरिया गांव में औबेदुल्लागंज के दशहरा मैदान में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने रेल कोच इकाई का भूमि पूजन किया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने बिना नाम लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प पर हमला बोला।

राजनाथ सिंह ने कहा कि कुछ लोग ऐसे हैं, जो भारत के विकास की रफ्तार से खुश नहीं हैं। उन्हें यह अच्छा नहीं लग रहा। सबके बॉस तो हम हैं। भारत इतनी तेजी से कैसे आगे बढ़ रहा है? कई लोग कोशिश कर रहे हैं कि भारत में, भारतीयों के हाथों से बनी चीजें उन देशों में बनी चीजों से ज्यादा महंगी हो जाएं, ताकि जब ये चीजें महंगी हो जाएं, तो दुनिया इन्हें न खरीदे। यह प्रयास किया जा रहा है, लेकिन भारत इतनी तेजी से आगे बढ़ रहा है कि मैं पूरे विश्वास के साथ कहता हूं, अब दुनिया की कोई ताकत भारत को विश्व की एक बड़ी ताकत बनने से नहीं रोक सकती। रक्षा क्षेत्र को लेकर राजनाथ सिंह ने कहा कि आपको यह जानकर खुशी होगी कि अब हम 24 हजार करोड़ रुपये से अधिक के रक्षा सामान का निर्यात कर रहे हैं। यही भारत की ताकत है, यही नए भारत का नया रक्षा क्षेत्र है, हमारा निर्यात लगातार बढ़ रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आतंकवादी आए और लोगों को उनका धर्म पूछकर मार डाला। हमने भी तय किया कि हम किसी को धर्म पूछकर नहीं मारेंगे, बल्कि उनके कर्म देखकर मारेंगे। हमने ऐसा ही किया किया।

# राहुल ने 'वोट चोरी' के खिलाफ शुरू किया मिस्ड कॉल अभियान

## नेता प्रतिपक्ष ने किया समर्थन हासिल करने के लिए लोगों से मिस्ड कॉल का आग्रह

शाह टाइम्स ब्यूरो



**राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पोस्ट पर फोन नंबर 9650003420 जारी किया**

**इंडिया गठबंधन में शामिल दलों के सांसदों का संसद से चुनाव आयोग तक मार्च आज**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 'वोट चोरी' को लोकतंत्र पर हमला करार देते हुए इस मुद्दे पर और आक्रामक रुख अपनाते हुए इसके खिलाफ मिस्ड कॉल सार्वजनिक अभियान शुरू किया है।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पोस्ट पर रविवार को फोन नंबर 9650003420 जारी कर वोट चोरी के खिलाफ जन समर्थन हासिल करने के लिए लोगों से मिस्ड कॉल करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि वोट चोरी 'एक व्यक्ति, एक वोट' के बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांत पर हमला है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए साफ़-सुथरी मतदाता सूची अनिवार्य है। चुनाव आयोग से हमारी मांग साफ़ है कि पारदर्शिता दिखाएं और डिजिटल मतदाता सूची सार्वजनिक करें, ताकि जनता और राजनीतिक दल उसका खुद ऑडिट कर सकें। श्री गांधी ने जनता से इस मुहिम में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि आप भी हमारे साथ जुड़ कर वोट चोरी के खिलाफ लड़ाई में हमें अपना समर्थन दें और वोट चोरी-इन/एकडिमांड पर जाएं या 9650003420 पर -शेष पृष्ठ दो पर

## बिहार मतदाता सूची में चल रही मनमर्जी, लोकतंत्र तबाही की ओर : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि बिहार मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में चुनाव आयोग भाजपा के साथ मिलकर मनमर्जी कर रहा है और एक ही पते पर सैंकड़ों लोगों के नाम चढ़ा कर लोकतंत्र को तबाह किया जा रहा है। कांग्रेस ने आधिकारिक सोशल पेज पर रविवार को एक पोस्ट में यह जानकारी देते हुए कहा है कि चुनाव आयोग और भाजपा लोकतंत्र को तबाह करने पर तुले हुए हैं। पार्टी के अनुसार चुनाव आयोग ने उच्चतम न्यायालय में साफ कहा कि हम बिहार के उन 65 लाख लोगों के नाम नहीं बताएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### विद्युत बिल जमा न करने वालों पर होगी कार्रवाई

**लखनऊ।** विद्युत बिल जमा करने के बावजूद विद्युत आपूर्ति न होने की मिल रही शिकायतों के मद्देनजर उप्र पावर कारपा. रेशन के अध्यक्ष डा. आशीष गोयल ने सभी अधिकारियों को निर्देश जारी कर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा है, साथ बिल जमा न करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश भी दिए हैं। अध्यक्ष की तरफ से सभी वितरण निगमों को जारी निर्देश जारी किया गया है।

### अब खड़गे देंगे इंडिया गठबंधन के नेताओं को डिनर

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बाद अब कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे इंडिया गठबंधन के नेताओं के लिए डिनर का आयोजन कर रहे हैं, जिसमें चुनाव आयोग पर 'वोट की चोरी', बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण तथा अन्य कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया जाएगा।

### सुनाई देंगी 30 अमर शहीदों की गाथाएं

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में अगस्त क्रांति के अवसर पर रविवार को स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों की स्मृति में तैयार किए गए शहीद वॉल पर स्मार्ट जोन का भव्य उद्घाटन इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह ने किया। शहीद वॉल के संस्थापक वीरेंद्र पाठक ने बताया कि स्मार्ट जोन में खड़े होकर भारतीय तिरंगे को सलामी देने पर प्रयागराज के स्वतंत्रता आन्दोलन और वहां प्रदर्शित 30 अमर शहीदों की गाथाएं स्वचालित रूप से सुनाई देंगी।

# फर्रुखाबाद और मथुरा बाढ़ की चपेट में

**पानी गांवों में घुसा, ग्रामीणों की बढ़ी मुसीबतें**

फर्रुखाबाद/मथुरा

यूपी के फर्रुखाबाद जिले में गंगा के किनारे बसे तटवर्ती गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया है, जिससे ग्रामीणों की दिक्कतें बढ़ने लगी हैं। बाढ़ की चपेट में कई गांव आने की आ गए हैं। वहीं अमृतपुर तहसील क्षेत्र के चित्रकूट गांव में बाढ़ से हालात काफी खराब हो गई है। जिसमें ज्यादातर की आजीविका कृषि कार्यों पर ही निर्भर है।

बाढ़ से फसलें पहले ही तबाह हो गई है। ग्रामीण छतों पर पन्नी डालकर रहने को मजबूर हैं। जिला प्रशासन बाढ़ क्षेत्र में प्रभावित ग्रामों में मदद देने में लगा हुआ है।मथुरा में भी यमुना के उफान पर आने से देहात क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। सड़कों पर 3 से 4 फीट पानी भर चुका है। सैकड़ों बीघा खेती डूब गई है। देहात क्षेत्र के नौहझील और शेरगढ़ मार्ग पर सड़कों पर



पानी बढ़ जाने के कारण लोग परेशान हैं। यमुना नदी का जलस्तर बढ़ जाने के कारण वृंदावन के केसी घाट पर पूजा स्थल और यमुना आरती के घाट पर भी पानी आ गया है।

विश्राम घाट पर यमुना नदी का जल स्तर बढ़ जाने के कारण पानी में आठ सीढ़ियां पानी में डूब चुकी हैं। यमुना का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच चुका है। मौसम वैज्ञानिक डा. अतुल सिंह ने बताया कि 48 घंटे तक उत्तर प्रदेश में बारिश की तीव्रता में कमी आएगी। ज्यादातर जिलों में आसमान साफ रहेगा। तापमान में 2 से लेकर 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की जाएगी। इसके बाद फिर से मौसम करवट लेगा। 12 अगस्त से पूर्वी उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर भारी से ज्यादा भारी बारिश तथा 13 व 14 अगस्त को उत्तर प्रदेश के कई जिलों में भारी से ज्यादा भारी बारिश होने की संभावना है।

# उप्र सरकार के बेड़े में शामिल होगा अगस्ता हेलीकॉप्टर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** दुनिया के सबसे अत्याधुनिक हेलीकाप्टरों में शुमार अगस्ता एडब्लू 139 जल्द यूपी सरकार के बेड़े में शामिल होगा। इस हेलीकॉप्टर खरीद की मंजूरी के साथ ही तीन पायलटों को विशेष प्रशिक्षण के लिए इटली भेजा जाएगा।

नागरिक उड्डयन विभाग ने इसकी मंजूरी देते हुए आदेश जारी कर दिया है। अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर की निर्माता कंपनी इटली की लियोनार्डो हेलीकाप्टर है, जो पायलटों को हेलीकॉप्टर की उड़ान के लिए तकनीकी और आपात स्थिति में लैंडिंग का प्रशिक्षण देगी। इसके तहत कैप्टन अमित कुमार भूटानी और कैप्टन अक्षय जायसवाल को 13 अगस्त से 10 अक्तूबर तक और कैप्टन राजेश कुमार शर्मा को 9 अक्तूबर से 27



**■ प्रशिक्षण को इटली भेजे जाएंगे पायलट, नागरिक उड्डयन विभाग ने मंजूरी देते हुए आदेश जारी किया**

नवम्बर तक विशेष प्रशिक्षण के लिए इटली भेजा जाएगा। विदेश यात्रा के दौरान उनके हवाई किराया, दैनिक भत्ता, होटल, बीमा, वीजा शुल्क आदि पर 50.40 लाख रुपए के खर्च को शासन ने मंजूरी दे दी है। अमित और अक्षय पर प्रति पायलट 17.61 लाख रुपए और राजेश शर्मा पर 15.18 लाख रुपए खर्च होंगे। प्रदेश सरकार हेलीकाप्टर के

**अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर की खूबियां**

अधिकतम रफ्तार 278 किलोमीटर प्रति घंटा, बुलेटप्रूफ बाडी, मशीनगन फिट करने की सुविधा, दो पायलट की क्षमता, तीन ताकतवर इंजन, हवा में ईंधन भरने की क्षमता, सबसे बड़ा केबिन 8.3 फीट चौड़ा, 6.1 फीट ऊंचा, अधिकतम वजन 15,600 किलो।

अलावा एक नया अत्याधुनिक चार्टर्ड प्लेन भी खरीदने की तैयारी कर रही है। चार्टर्ड प्लेन और हेलीकॉप्टर खरीदने में 600 से 700 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। इससे पहले मायावती और अखिलेश यादव के शासनकाल में चार्टर्ड प्लेन और हेलीकाप्टर की खरीद हुई थी।

योगी सरकार में पहली बार चार्टर्ड प्लेन और हेलीकॉप्टर खरीदने का फैसला हुआ है। अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर के साथ फांस के में बने फ्लेकन या बाम्बार्डियर चार्टर्ड प्लेन को लेकर विचार किया जा रहा है। अमेरिका और यूरोप की चार बड़ी कंपनियों ने चार्टर्ड प्लेन के लिए अपना प्रस्ताव दिया है। नागरिक उड्डयन विभाग के मुताबिक नया चार्टर्ड प्लेन और हेलीकाप्टर खरीद के साथ ही सरकार के हवाई बेड़े में पांच चार्टर्ड प्लेन और चार हेलीकॉप्टर हो जाएंगे। देश के किसी भी राज्य की सरकार के पास इतने चार्टर प्लेन और हेलीकॉप्टर नहीं हैं। मायावती सरकार में वर्ष 2008 में एक बीचक्राफ्ट प्रीमियर 1-ए जेट और हाकर 900 एक्सपी खरीदा गया था। अखिलेश यादव की सरकार में एक बीचक्राफ्ट 200 टर्बोप्राप एयरक्रॉफ्ट और एक बेल 412 हेलिकॉप्टर खरीदा गया था।

## उप्र मानसून सत्र आज से, सर्वदलीय बैठक में सभी दलों से मांगा सहयोग

# जनता से जुड़े मुद्दों पर हो सार्थक चर्चा: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में रविवार की विधानसभा अध्यक्ष की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें उन्होंने सभी दलों के नेताओं से सदन चलाने के लिए सहयोग मांगा।

बैठक में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, मुख्यमंत्री और नेता सदन योगी आदित्यनाथ, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय, कांग्रेस की नेता आराधना मिश्रा मोना, ओम प्रकाश राजभर, डा. संजय निषाद, रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया मौजूद रहे । विधानसभा का मानसून सत्र 11 अगस्त से शुरू होकर 16 अगस्त तक चलेगा। हालांकि सदन की



**■ सोमवार से शुरू होगा, 16 अगस्त तक चलेगा सत्र, हंगामा होने की उम्मीद**

कार्यवाही केवल चार दिन ही चलेगी, क्योंकि 15 अगस्त और 16 अगस्त को जन्माष्टमी का अवकाश रहेगा। माना जा रहा है कि इस बार का मानसून सत्र काफी हंगामेदार रहने की संभावना है। बैठक में एसआईआर और समाजवादी पार्टी की पीडीए पाठशाला के मुद्दे पर हंगामा होने की संभावना है। बारिश की वजह से पूर्वांचल के कई जिलों में आई बाढ़ से जनजीवन प्रभावित है। इसको लेकर भी विपक्ष हंगामा कर सकता है। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा कराने को तैयार है, हालांकि प्रतिपक्ष के नेता माता प्रसाद पांडेय ने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार केवल चार दिन का सत्र आयोजित कर जनता के मुद्दों पर चर्चा कराने से भाग रही है। सर्वदलीय बैठक में शामिल होने से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधान भवन के प्रवेश द्वार के नवीनीकृत गुम्बद का लोकार्पण किया।

### राहुल गांधी के आरोपों का मामला अब तूल पकड़ रहा है: प्रमोद तिवारी



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में राज्य सभा सांसद और विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने रविवार को अपने घर प्रयागराज में कहा कि चुनाव आयोग पर राहुल गांधी के आरोपों का मामला अब तूल पकड़ रहा है। कांग्रेस पार्टी अब इस मुद्दे पर लंबी लड़ाई लड़ने की तैयारी में है। राज्यसभा सांसद व विपक्ष के उपनेता ने कहा कि 11 अगस्त को पूरा विपक्ष संसद भवन से निर्वाचन आयोग तक मार्च करेगा। इसमें सभी सांसद शामिल होंगे। ये हमारा हक है और भाजपा इसे रोकने की कोशिश न करे। तिवारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के पास जाकर हम कहेंगे ये पेपर, सबूत और तथ्य हैं, ये आप ही के हैं। अब हमें डॉक्यूमेंट दें, डेटा उपलब्ध कराएं। आयोग अब आप हमें जवाब दें। उन्होंने कहा कि इलेक्शन कमीशन के पास एक शानदार मौका होगा कि संपूर्ण विपक्ष के नेता उनके दरवाजे पर पहुंचेगे इलेक्शन कमीशन को चाहिए कि वह डेटा दे और स्पष्टीकरण दे। ये जो कुहासा, अंधेरा और जो चोरी पकड़ी गई है, उसका स्पष्टीकरण इलेक्शन कमीशन आप को देना होगा। उन्होंने कहा कि इलेक्शन कमीशन चाहे, तो हर दल से दो या तीन सांसद को बुला ले और सबकुछ साफ कर दे।

# केरल व पं. बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाए केन्द्र: विहिप

लखनऊ, वार्ता

विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने रविवार को कहा कि केरल और पश्चिम बंगाल आज खतरनाक मोड़ पर खड़े हैं। दोनों राज्य मुस्लिम राष्ट्र के रूप में खुद को भारत से अलग करने की साजिश रच रहे हैं। यही वजह है कि यहां लव जिहाद और हिंदुओं के खिलाफ हिंसा तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो यह देश के लिए दूसरा विभाजन साबित हो सकता है। सरकार को चाहिए कि तुरंत इन दोनों राज्यों में राष्ट्रपति शासन लगाए, ताकि वहां की देश विरा.धी ताकतों को कुचला जा सके। लखनऊ में रविवार को

**■ दोनों राज्य इस्लामिक मोड़ पर खड़े**

आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में गोपाल राय ने कहा कि इन राज्यों में जो घटनाएं हो रही हैं वे किसी संयोग का नतीजा नहीं, बल्कि सुनियोजित रणनीति का हिस्सा हैं। 1947 में भी ठीक यही माहौल बनाया गया था, जिसके बाद देश का विभाजन हुआ और पाकिस्तान बना। आज केरल और बंगाल में वही तस्वीर दोहराई जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि केरल और बंगाल में यह सिर्फ कानून- व्यवस्था का संकट नहीं है, बल्कि भारत की अखंडता, संप्रभुता और अस्तित्व के लिए सीधा खतरा है। अगर हिंदू समाज अब भी नहीं जागा, तो आने वाली पीढ़ियां हमें माफ नहीं करेंगी।



**सेंसेक्स** 80583.99
**निफ्टी** 24574.20



**सोना रु.** 102710
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 117100
प्रति किलो



# महंगाई के आंकड़ों से तय होगा बाजार का रुख

मुंबई, वार्ता

अमेरिका में भारतीय सामानों पर आयात शुल्क बढ़ाए जाने से उत्पन्न चिंता और विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली से घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह भी गिरावट जारी रही और प्रमुख सूचकांक करीब एक प्रतिशत की टूटकर बंद हुए।

निवेशक आने वाले सप्ताह में भी आयात शुल्क पर स्थिति और स्पष्टत होने का इंतजार कर सकते हैं। ऐसे में निवेशक अभी बाजार में कोई बड़ा दाव लगाने में सावधानी बरत सकते हैं। निवेशकों की निगाह मुद्रास्फीति के नए आंकड़ों पर भी होगी, जो अगले सप्ताह ही जारी किए जाने वाले हैं। खुदरा मुद्रास्फीति का आंकड़ 12 अगस्त को और थोक मुद्रास्फीति का आंकड़ा 14 अगस्त को आएगा। सप्ताह के दौरान बड़ी कंपनियों में ऑयल इंडिया, ओएनजीसी, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन और आईआरसीटीसी के परिणाम भी जारी



होने हैं, जो बाजार को प्रभावित कर सकते हैं। पिछले सप्ताह बाजार में गिरावट दर्ज की गई, जो लगातार छठी साप्ताहिक गिरावट थी। बीएसई का सेंसेक्स इससे पिछले सप्ताहांत की तुलना में 742.12 अंक यानी 0.92 प्रतिशत लुढ़ककर 79,857.79 अंक पर आ गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी 0.82 प्रतिशत (202.05 अंक) टूटकर शुक्रवार को 24,363.30 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों सूचकांकों का 9 मई के बाद का निचला स्तर है। बाजार में बिकवाली चौतरफा रही। एनएसई में 100 शेयरों पर आधारित निफ्टी-100 सूचकांक भी 0.86 प्रतिशत टूटा। कमजोर निवेश धारणा के बीच मझौली और छोटी कंपनियों पर ज्यादा दबाव देखा गया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.11 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.37 फीसदी की साप्ताहिक गिरावट में रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 15 लाल निशान में और 15 हरे निशान में बंद हुए। सप्ताह के दौरान इंफोसिस के शेयर सबसे ज्यादा 3.19 प्रतिशत टूटे। सनफार्मा में 2.60 फीसदी और आईसीआईसीआई बैंक में 2.38 फीसदी की गिरावट रही। टाटा मोटर्स, पावरग्रिड, हिंदुस्तान यूनिलिवर और कोटक महिंद्रा बैंक भी दो प्रतिशत से अधिक का नुकसान उठाने वालों में रहे। टाइटन का शेयर सबसे ज्यादा 4.39 फीसदी चढ़ा। टाटा स्टील में 3.27 प्रतिशत, टेक महिंद्रा में 2.84 प्रतिशत और ट्रेंट में 2.51 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी रही। मारुति सुजुकी का शेयर 2.27 प्रतिशत मजबूत हुआ।

### रुपए में 42 पैसे की साप्ताहिक गिरावट

**मुंबई।** विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली और दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में मजबूती से बीते सप्ताह रुपया 42.50 पैसे (0.49 प्रतिशत) लुढ़ककर 87.61 रुपए प्रति डॉलर पर आ गया। रुपए के लिए यह सप्ताह उतार चढ़ाव भरा रहा। पहले दो दिन इसमें बड़ी गिरावट रही और मंगलवार को यह 87.88 रुपए प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ। वहीं बुधवार और गुरुवार को मजबूत होने के बाद शुक्रवार को मामूली गिरावट के साथ 87.61 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ। इससे पहले के सप्ताह में भी रुपया 62 पैसे टूटा था। विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारतीय पूंजी बाजार में बिकवाली से भारतीय मुद्रा दबाव में रही।

बीते सप्ताह विदेशी संस्थागत निवेशकों ने अगस्त में अब तक 156.4 करोड़ डॉलर की शुद्ध बिकवाली की है। साथ ही, दुनिया की अन्य छह प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में अमेरिकी डॉलर सूचकांक में मजबूती से भी रुपए पर दबाव बढ़ा।

# गेहूं-चीनी मजबूत, चावल नरम, दालों में रही घट-बढ़, ,खाद्य तेल हुए महंगे

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह गेहूं के औसत भाव बढ़ गए जबकि चावल में हल्की गिरावट रही। गुड़ और चीनी में भी साप्ताहिक तेजी रही। वहीं खाद्य तेलों में तेजी देखी गयी जबकि दालों में उतार-चढ़ाव रहा।

घरेलू थोक बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत तीन रुपए घटकर सप्ताहांत पर 3,802.20 रुपए प्रति क्विंटल पर रही। वहीं गेहूं 10 रुपए महंगा होकर 2,849.23 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत 16 रुपए बढ़ी और यह 3,317.21 रुपए प्रति क्विंटल हो गया गया। सरसों तेल के दाम में औसतन 168 रुपए प्रति क्विंटल की साप्ताहिक तेजी देखी गई। मूंगफली तेल की कीमत 60 रुपए और वनस्पति की 20 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ी। सोया तेल 57 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सप्ताह के दौरान सूरजमुखी तेल 20 रुपए और पाम ऑयल 42 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। बीते सप्ताह दाल-दलहनों के औसत दाम में उतार-चढ़ाव देखा गया। दलहन बाजार में चना



दाल औसतन 42 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई, जबकि मसूर दाल 42 रुपए फिसल गई। वहीं तुअर दाल में दो रुपए प्रति क्विंटल की मामूली गिरावट दर्ज की गयी। उड़द दाल करीब 12 रुपए और दाल मूंग 10 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़त में रही। गुड़-चीनी : बाजार में गुड़ के औसत भाव 58 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी 48 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई।

दाल-दलहन: दाल चना 7958.30 रुपए, मसूर काली 8140.35 रुपए, मूंग दाल 10142.08 रुपए, उड़द दाल 10464.55 रुपए, अरहर दाल 10839.22 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2849.23 रुपए और चावल 3802.20 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4327.81 रुपए और गुड़ 4992.58 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ऑपरेशन जिंदगी...**

से राहत और बचाव कार्यों में लगी हुई नजर आ रही है और तो और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी न सिर्फ उत्तरकाशी पहुंच गए हैं, बल्कि तीन दिनों तक वहीं प्रवास किया है, ताकि राहत-बचाव कार्यों की नजदीक से मॉनिटरिंग हो सके। इस त्रासदी में अभी दर्जनों लोगों के लापता होने की सूचना हैं। साफ है कि धराली में हुई तबाही उससे बहुत ज्यादा है, जो सरकार के आंकड़े कह रहे हैं। राहत और बचाव की चुनौतियां भी बड़ी हैं। आने वाले दिनों में जब तस्वीर साफ होगी तब पता चलेगा कि नुकसान कितना हुआ है।

**दुनिया ने...**

10वें स्थान से ऊपर उठकर शीर्ष पांच में पहुंच गई है। अब हम शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। हमने यह गति कैसे हासिल की? यह हमें रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की भावना से मिली है। हमने यह गति नेक इरादों और ईमानदार प्रयासों से हासिल की है। उन्होंने कहा कि 2014 में मेट्रो सिर्फ पांच शहरों तक सीमित थी। अब 24 शहरों में 1000 किलोमीटर से ज्यादा का नेटवर्क है। 2014 से पहले लगभग 20,000 किलोमीटर रेलमार्ग का विद्युतीकरण था। हमने पिछले 11 वर्षों में ही 40,000 किलोमीटर से ज्यादा रेलमार्ग का विद्युतीकरण किया है। 2014 तक भारत में सिर्फ 74 हवाई अड्डे थे। अब इनकी संख्या बढ़कर 160 से ज्यादा हो गई है। जलमार्गों के आंकड़े भी उतने ही प्रभावशाली हैं। 2014 में सिर्फ 3 राष्ट्रीय जलमार्ग चालू थे। अब ये संख्या बढ़कर 30 हो गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल समाधानों की पहुंच गांव-गांव तक पहुंच गई है। दुनिया के 50 फीसदी से ज्यादा रीयल-टाइम लेन-देन भारत में यूपीआई के जरिये होते हैं। तकनीक की मदद से हम सरकार और नागरिकों के बीच की खाई को पाट रहे हैं। अब हम एआई-संचालित खतरे का पता लगाने जैसी तकनीकों में भी निवेश कर रहे हैं। हमारा प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि देश में डिजिटल क्रांति का लाभ समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे। बेंगलुरु इस प्रयास में सक्रिय रूप से काम कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मौजूदा उपलब्धियों में हमारी अगली बड़ी प्राथमिकता टेक-आत्मनिर्भर भारत होनी चाहिए। अब समय आ गया है कि हम भारत की जरूरतों को और ज्यादा प्राथमिकता दें और नए उत्पाद विकसित करने में तेजी से आगे बढ़ें। प्रधानमंत्री मोदी ने बेंगलुरु के केएसआर रेलवे स्टेशन पर तीन वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इसमें बंगलूरू से बेलगावी, अमृतसर से श्री माता वैष्णो देवी कटरा और नागपुर (अजनी) से पुणे तक की ट्रेनें शामिल हैं। इस दौरान कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने बेंगलुरु मेट्रो चरण-2 परियोजना के आरवी रोड (रागीगुड्डा) से बोम्मासंद्रा तक एलो लाइन का उद्घाटन किया। इसकी लंबाई 19 किलोमीटर से अधिक है। इसमें 16 स्टेशन हैं, जिसकी लागत लगभग 7,160 करोड़ रुपये है। पीएम मोदी ने आरवी रोड (रागीगुड्डा) से इलेक्ट्रॉनिक सिटी मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो की सवारी भी की। इसके अलावा पीएम मोदी ने 15,610 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली बेंगलुरु मेट्रो रेल चरण-3 परियोजना की आधारशिला भी रखी। इस परियोजना की कुल लंबाई 44 किलोमीटर से अधिक होगी और इसमें 31 एलिवेटेड स्टेशन होंगे। यहां उन्होंने एक सार्वजनिक समारोह को संबोधित भी किया।

**राहुल ने...**

मिस्ड कॉल दें। यह लड़ाई लोकतंत्र की रक्षा की है। वहीं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के चुनाव आयोग पर वोट चोरी कराने के आरोप के बाद इंडिया गठबंधन के नेता सोमवार को संसद से निर्वाचन कार्यालय तक मार्च करेंगे। राहुल गांधी का सीधा आरोप है कि चुनाव आयोग भाजपा के साथ मिलकर वोट चोरी करवा रहा है और भाजपा को फायदा पहुंचा रहा है। श्री गांधी के आवास पर पिछले सप्ताह आयोजित डिनर में इस विषय पर चर्चा के बाद तय हुआ था कि गठबंधन दलों के सांसद इस मुद्दे पर संसद भवन से चुनाव आयोग के कार्यालय तक मार्च करेंगे। मार्च का आयोजन सोमवार 11 अगस्त को हो रहा है।

# सीबीएसई की आंसर-शीट्स का होगा डिजिटल मूल्यांकन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं की आंसर शीट्स का डिजिटल मूल्यांकन किए जाने का फैसला लिया है। इसके लिए बोर्ड के द्वारा कुछ एजेंसियों का चयन किया जाएगा, इन एजेंसियों के पास स्कूल बोर्ड या यूनिवर्सिटीज की परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के डिजिटल मूल्यांकन करने का पहले अनुभव होना चाहिए। सीबीएसई की गवर्निंग बॉडी की बैठक में लिए गए इस निर्णय में सदस्यों ने सुझाव दिया कि बोर्ड के अलग-अलग क्षेत्रीय कार्यालयों में कुछ विषयों में पायलट प्रोजेक्ट्स के पूरा होने के बाद ही 10वीं-12वीं के सभी विषयों में मूल्यांकन लागू किया जा सकता है। इससे पहले भी आंसर-शीट्स के मूल्यांकन के समय को कम किए जाने और मूल्यांकन में अधिक सटीकता लाने के मकसद से सीबीएसई ने वर्ष 2014 में अपने कुछ क्षेत्रीय कार्यालयों के तहत 10वीं की बोर्ड परीक्षा और उसके अगले साल यानी 2015 में दिल्ली में 12वीं की बोर्ड परीक्षा के कुछ विषयों के लिए डिजिटल मूल्यांकन को लागू किया था। सीबीएसई के निर्णय को माने, तो आंसर-शीट्स के डिजिटल मूल्यांकन के लिए इस तरह की एजेंसियों का चयन किया जाएगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# राज्य में 13 आदर्श संस्कृत ग्रामों का शुभारंभ

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया शुभारंभ, लोगों से किया वर्चुअल संवाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** प्रदेश के सभी 13 जिलों के 13 आदर्श संस्कृत ग्रामों का शुभारंभ किया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को रा. प्र. विद्यालय भोगपुर देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में संस्कृत ग्रामों का शुभारंभ किया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार भविष्य में इन सभी आदर्श संस्कृत ग्रामों में संस्कृत भवनों के निर्माण के साथ ही राजकीय प्राथमिक संस्कृत विद्यालयों की भी स्थापना करेगी।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न संस्कृत ग्रामों के लोगों से वर्चुअल माध्यम से संवाद भी किया। इस अवसर पर विधायक बृजभूषण गैरोला, मेयर ऋषिकेश शंभू पासवान, सचिव दीपक कुमार, उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र शास्त्री, मधुकेश्वर भट्ट, एवं अन्य लोग मौजूद रहे। उन्होंने कहा राज्य सरकार, उत्तराखंड के प्रत्येक जनपद में आदर्श संस्कृत ग्राम की स्थापना कर देववाणी संस्कृत को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। देवभूमि उत्तराखंड सदियों से देववाणी संस्कृत के अध्ययन और शोध का केंद्र रही है। राज्य सरकार का प्रयास है कि देववाणी संस्कृत की पवित्र ज्योति को उत्तराखंड में प्रज्ज्वलित रखा जाए।

**■ संस्कृत ग्रामों में संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए किया जाएगा काम ■ संस्कृत गांवों में संस्कृत भवन व संस्कृत विद्यालयों की होगी स्थापना**

### ये रहे 13 जिलों के संस्कृत ग्राम

मुख्यमंत्री ने देहरादून में भोगपुर गांव, टिहरी गढवाल के मुखेम गांव, उत्तरक. ाशी के कोटगाँव, रुद्रप्रयाग के बैंजी गांव, चमोली के डिम्मर गांव, पौड़ी गढ़वाल के गोदा गांव, पिथौरागढ के उर्ग गांव, अल्मोड़ा के जैंती पाण्डेकोटा गांव, बागेश्वर के शेरी गांव, चम्पावत के खर्ककार्की गांव, हरिद्वार के नूरपुर पंजनहेडी गांव, नैनीताल के पाण्डे गाँव एवं ऊधमसिंहनगर के नगला तराई गांव को आदर्श संस्कृत ग्रामों के रूप में उनका शुभारंभ किया।

### संस्कृत विद्यालयों में एनसीसी व एनएसएस जल्दः धन सिंह

कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि संस्कृत भाषा हमारी ऐतिहा. सिक धरोहर है। उत्तराखंड भारत का पहला राज्य है, जिसने संस्कृत भाषा को अपनी दूसरी आधिकारिक भाषा घोषित किया है। उन्होंने कहा अगले वर्ष से संस्कृत विद्यालयों में एनसीसी, एन.एस.एस का शुभारंभ के साथ ही शिक्षकों की कमी को दूर किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री ने संस्कृत विश्वविद्यालय के इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए पूर्व में मुख्यमंत्री द्वारा 75 करोड़ दिए जाने पर भी आभार जताया। उन्होंने कहा कि 13 संस्कृत ग्रामों में संस्कृत भाषा के प्रचार प्रसार के लिए आगे काम किया जाएगा।

**नई शिक्षा नीति में संस्कृत के लिए हो रहे प्रयासः** मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन के लिए कार्य किया जा रहा है। नई शिक्षा नीति में संस्कृत को आधुनिक और व्यावहा. रिक भाषा के रूप में स्थापित करने के लिए विशेष प्रयास किए गए हैं। संस्कृत विश्वविद्यालयों को आधुनिक संसाधनों से जोड़ा जा रहा है। संस्कृत साहित्य को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, ई-संस्कृत शिक्षण प्लेटफॉर्म एवं संस्कृत ऐप्स विक. सित किया जा रहा है। केंद्र सरकार ने लोकसभा की कार्यवाही का अनुवाद संस्कृत भाषा में भी किए जाने की शुरुआत की है।

# कमिश्नर गढ़वाल ने की बचाव राहत कार्यों की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** हर्षिल धराली में आपदा के बाद से प्रशासन द्वारा व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडे और पुलिस महानिरीक्षक राजीव स्वरूप ने आपदा कंट्रोल रूम पहुंचकर आपदा से निपटने के लिए चल रहे कार्यों की समीक्षा की तथा सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

धराली हर्षिल में आपदा प्रभावितों को सरकार द्वारा सभी जरूरी सुविधा मुहैया कराई जा रही है। प्रभावित लोगों को सूखा राशन सहित सभी आवश्यक वस्तुओं का वितरण निरंतर जारी है तथा प्रभावितों के लिए खाद्यान्न से लेकर स्वास्थ्य और सुरक्षित रुकने की सभी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। विद्युत विभाग द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में विद्युत की सप्लाई भी युद्धस्तर पर अभियान चलाकर बहाल कर दी गई है जबकि संचार कनेक्टिविटी को पहले ही बहाल कर दिया गया है। रोड कनेक्टीविटी के भी युद्ध स्तर पर कार्य जारी है।

# बीजेपी नेता जुगरान ने आपदा प्रबंधन विभाग पर साधा निशाना

## सीएम से मांगः आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों पर करें कार्रवाई

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** वरिष्ठ भाजपा नेता रविन्द्र जुगरान ने उत्तरकाशी जिले के धराली, सुखीटॉप और हर्षिल में आयी आपदा और जान माल की हानि पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों पर घोर लापरवाही और गैर जिम्मेदाराना तरीके से कार्य करने का आरोप लगाया है। जुगरान ने यह भी कहा कि आपदा प्रबंधन विभाग कुछ अधिकारियों के कारण अब घोटाला प्रबंधन विभाग बन चुका है। इसलिए वह बहुत जल्द



आपदा प्रबंधन विभाग में हुए करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार और घोटालों के विरुद्ध उनके द्वारा अब तक की गई समस्त शिकायतों जिन पर आज तक आपदा प्रबंधन विभाग ने कोई कार्यवाही नहीं की है, की एक विस्तृत रिपोर्ट बनाकर मुख्यमंत्री को प्रस्तुत करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि इसरो के संस्थान आई.आई.आर.एस. ने एक वर्ष पूर्व ही उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को रिपोर्ट प्रेषित करके अवगत करवा दिया था कि धराली और हर्षिल के ऊपरी क्षेत्र में कृत्रिम झीलों का निर्माण हो रखा है, जो कभी भी एक भयानक आपदा का रूप ले सकती हैं। लेकिन आश्चर्य की बात है कि आपदा प्रबंधन विभाग ने एक अधिकृत बयान जारी करके अनभिज्ञता जताते हुए आई. आई.आर.एस. के इस बयान का खंडन किया।

# बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करेगा शैलहरी धरोवर ट्रस्ट

## शिक्षामंत्री डॉ. धन सिंह रावत की उपस्थिति में विभाग के साथ समझौते पर हुए हस्ताक्षर

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने और सरकारी स्कूलों में आधुनिक शैक्षिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विद्यालयी शिक्षा विभाग और शैलहरी धरोवर ट्रस्ट के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत तथा ट्रस्ट की निदेशक एवं प्रसिद्ध सिने अभिनेत्री हिमानी शिवपुरी मौजूद रहीं।



एमओयू के तहत ट्रस्ट द्वारा स्मार्ट क्लासरूम, लाइब्रेरी, साइंस लैब, कौशल शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य शिविर जैसी पहलें भी की जाएंगी। साथ ही, ट्रस्ट कुछ गांवों को गोद लेकर उन्हें आदर्श ग्राम के रूप में विक. सित करेगा। डॉ. रावत ने कहा कि उत्तराखंड देश का पहला राज्य है जिसने नई शिक्षा नीति-2020 को लागू किया है और एनईपी के अनुरूप शैक्षणिक गतिविधियां संच. ालित की जा रही है। उन्होंने कहा डिजिटल एजुकेशन को लेकर1340 विद्यालयों में वर्चुअल शिक्षा संवाद कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने ट्रस्ट से डिजिटल, कौशल व तकनीकी शिक्षा में सहयोग जारी रखने की अपेक्षा जताई। हिमानी शिवपुरी ने विद्यालयों और बच्चों को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन देते हुए कहा कि उनकी संस्था आने वाले वर्षों में अधिक विद्यालयों और गांवों को सहायता प्रदान करेगी। इस अवसर पर निद. ेशक माध्यमिक शिक्षा डॉ. मुकुल कुमार सती, ट्रस्ट के सचिव, उप निदेशक जगदीश प्रसाद काला, पंकज शर्मा, रमेश तोमर, शैलेन्द्र रावत तथा सलाहकार मदन मोहन जोशी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### धराली से लौटकर पीसीसी अध्यक्ष ने उठाए कई सवाल

# मैं पैदल चल रहा था, भट्ट खरीद-फरोख्त कर रहे थेः माहरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तरकाशी के आपदा प्रभावित धराली-हर्षिल से लौटकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करना माहरा ने रविवार को मीडिया से वार्ता करते हुए पीड़ित परिवारों के दु:ख दर्द को साझा करने के साथ-साथ सरकार पर कई सवाल दागे, कहा कि धराली में पानी और खाने की व्यवस्था नहीं की गई। लोग विस्थापित होने की मांग कर रहे हैं। भारी संख्या में मजदूर लापता हैं। 37 होटल और होम तबाह हो गये है, वहा रूके श्रद्धालुओं और मजदूरों की सूची जारी की जानी चाहिए। माहरा ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की और से लगाए गये आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि, मैं पैदल चल रहा था, भट्ट पंचायत चुनाव के लिये खरीद-फरोख्त में



**■ चुनाव के लालच में सीएम अकेले ही पहुंचे, कहां है कैबिनेट ■ आपदा प्रभावितों का सही आंकड़ा जारी करे सरकार**

व्यस्त थे।

रविवार को राजीव भवन में पत्रकारों से वार्ता करते हुए माहरा ने कहा कि दो दिन तक प्रशासन ने मुझे लैम्चागाड़ से आगे नहीं बढ़ने दिया। सिर्फ मुझे ही नहीं, बल्कि उन जुझारू पत्रकारों को भी रोक दिया,

जो सच दिखाने का साहस रखते हैं। ये सिर्फ मुझे रोकने की बात नहीं थी, ये उस सच्चाई को दबाने की कोशिश थी, जिसे अगर पहले दिन से पूरी दुनिया जान लेती, तो शायद कई जिंदगियाँ बच सकती थीं। कहा कि सीएम अकेले दिखाई दे रहे है, पूरी कैबिनेट कहा हैं। सरकार वहा उपयोग हो रहे फोन नम्बरों की जांच से भी प्रभावितों की संख्या पता कर सकती है। एक सवाल के जवाब में कहा कि जन हानी का आंकलन करना मुश्किल है, वहा हर तरफ तबाही का मुजर है, 250 करोड से अधिक के नुकसान का अंदेशा है, स्थानीय लोगों ने बीमा आदि भी नही कराया हुआ है।

कहा कि प्रशासन ने वहा जाने में देरी की। कह कि आपदा 1:30 के आस-पास आई रास्ता शाम छह बजे के बाद बंद हुआ, अगर प्रशासन चाहता तो जल्द निर्णय ले कर वहा पहुंच सकता था। उन्होने पहाड़ में युवा अफसरों को तैनात करने की मांग उठाई। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना, सैनिक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष राम रतन नेगी, सुजाता पॉल, नवीन जोशी, शिशपाल बिष्ट व पंकज क्षेत्री आदि मौजूद रहे।

### असी गंगा व सावरीगाड वेली ब्रिज नहीं हुआ पक्का

माहरा ने कहा कि 2013 के बाद कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में असी गंगा व सावरीगाड में वेली ब्रिज बनाया गया था, जो आज तक पक्का नहीं किया गया।

### मुखबा में पीएम ने किए थे वादे जनता ने किया चुनाव बहिष्कार

**देहरादून।** माहरा ने कहा कि कुछ दिन पूर्व पीएम मोदी मुख्बा आये थे, कई वादे किये थे, कोई भी वादा पुरा नही हुआ तो जनता ने वहा पंचायत चुनाव का बहिष्कार किया। आपदा के बाद भी स्थानीय विधायक पांच-पांच हजार के चौक लेकर पहुंचे तो लोगों ने विरोध किया, कहा कि आपदा प्रभावित क्षेत्र में कोन सा बैंक खुला है, जहा से पैसा मिलेगा।

### परिजनों को भी रोक दिया गया

**देहरादून।** माहरा ने कहा कि भटवाड़ी और उत्तरकाशी में आपदा पीड़ितों के परिजनों को भी रोक दिया गया। सोचिए, जिनके अपने मलबे में दबे हैं, जो यह भी नहीं जानते कि उनके परिवार के लोग जिंदा हैं या नहीं, उन्हें अपने ही लोगों को देखने से, ढांढस बंधाने से रोक दिया गया। क्या इससे बड़ा अमानवीय व्यवहार हो सकता है?

# कांग्रेस ने जिपं व ब्लॉक प्रमुख प्रत्याशी किए घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जिला पंचायत अध्यक्ष व ब्लॉक प्रमुख पद के लिये विभिन्न जनपदों में पार्टी की और से समर्थित प्रत्याशियों की घोषणा की है।

जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने बताया कि सभी वरिष्ट नेताओं व स्थानीय कांग्रेस नेताओं से बातचीत के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष व ब्लॉक प्रमुख पद के लिए पार्टी के समर्थित उम्मीदवारों की घोषणा की गई है जिसमे जिला पंचायत नैनीताल से पुष्पा नेगी अध्यक्ष व देवकी विष्ट उपाध्यक्ष, जिला पौड़ी में जिला पंचायत अध्यक्ष पौड़ी दीपिका इस्टवाल, जिला पंचायत रुद्रप्रयाग अध्यक्ष पद के लिये प्रीति पुष्पवान, जिला पंचायत अल्मोडा मे अध्यक्ष पद पर सुनीता कुंजवाल को पार्टी समर्थित प्रत्याशी घोषित किया गया है।

### ब्लॉक प्रमुख प्रत्याशी

देहरादून। विकास खंड अगस्त्यमुनि प्रमुख पद पर गायत्री देवी, विकास खंड जखोली के प्रमुख पद पर विनीता चमोला को पार्टी समर्थित प्रत्याशी घोषित किया गया है। जिला चमोली के ब्लाक गैरसैंण से सुमति बिष्ट, ब्लाक कर्णप्रयाग से माहेश्वरी देवी, ब्लाक थराली से प्रवीण पुरोहित, पोखरी से राजी देवी व ब्लाक जोशीमठ से अनूप नेगी को पार्टी समर्थित प्रत्याशी घोषित किया गया है।

# दुष्कर्म के दौरान छत से गिरी नाबालिगः महिला आयोग सख्त

## नाबालिग से दुष्कर्म मामले में आरोपियों को मिले कड़ी सजा, पीड़िता को मिले बेहतर उपचार : कुसुम

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** हरिद्वार जनपद के धनपुरा पथरी में बीते दिवस 9 अगस्त को तीन युवकों के अपनी ही गांव की नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के मामले में उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने स्वत: संज्ञान लिया है। मामले में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार प्रमेन्द्र डोभाल से फोन पर वार्ता कर आरो. पियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए है।

मामले में एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि दो आरोपी फरार हैं। आयोग की अध्यक्ष ने बाकी दो आरोपियों की जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। एसएसपी डोभाल ने बताया कि पुलिस टीमों ने रविवार को मुख्य आरोपी अरविन्द को 15 घंटे



के भीतर रेलवे स्टेशन पथरी से गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरो. पियों की तलाश में पुलिस टीमें रवाना की गई हैं। एसएसपी डोभाल ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य आरोपी अरविंद नाबालिग को जानता था, उसने उसे बहला फुसला कर उसके साथ दुष्कर्म किया और फिर बाद में दो लड़कों को बुला लिया। दो और लड़कों ने उसके साथ अश्लील हरकत व बदतमीजी की है। मुख्य आरोपी का पीड़ित नाबालिग के साथ दुष्कर्म का मामला स्पष्ट हो गया है। बाद में वो उसे छत पर ले गए थे, जहां बदतमीजी के दौरान पीड़ित नाबा. लिग छत से नीचे गिर गयी। जिस कारण उसके गंभीर चोट लगी है। नाबालिग पीड़िता एम्स में एडमिट है। नाबालिग का मेडिकल हो गया है। जिसमें दुष्कर्म की पुष्टि हुई है। पीड़िता के 164 के बयान सोमवार को होंगे। आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने मामले में गंभीरता से कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं तथा पीड़िता को बेहतर उपचार के निर्देश दिए है।

# कांग्रेस के पास प्रस्तावक-अनुमोदक नही बड़ी संख्या में निर्विरोध जीतेगी भाजपा : भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा ने आपदा राशि को लेकर कांग्रेस के मिथ्या प्रचार पर पलटवार किया कि अब तक की सर्वाधिक 5 लाख की मदद धामी सरकार कर रही है। प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि सभी निर्वाचित प्रतिनिधि विकास के लिए ट्रिपल इंजन की सरकार बनाना चाहते हैं। जहां तक सवाल कांग्रेस का है तो उनके पास न



उम्मीदवार हैं, न प्रस्तावक और ना ही अनुमोदक। लिहाजा बड़ी संख्या में अध्यक्ष एवं प्रमुख पद के भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध जीतने जा रहे हैं।

पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनता के सहयोग से धराली आपदा से निपट रही है। सेना, आइटीबीपी, एनडीआरफ की मदद से वहां शासन प्रशासन युद्ध स्तर पर राहत बचाव कार्य चला रहा है। लेकिन बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि मुख्य विपक्षी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष इस पूरे संवेदनशील विषय पर लगातार राजनीति कर रहे हैं।

## मुनस्यारी के अमितेज पांगती को मिला आईएएस कैडर

**मुनस्यारी।** दरकोट निवासी अमितेज पांगती को सिविल सर्विस परीक्षा में आईएएस का कैडर मिला है। 32 वर्षो के लंबे अंतराल के बाद मुनस्यारी ब्लॉक से आईएएस अफसर बनने वाले युवा है। साम. ुदायिक पुस्तकालय अमितेज का नागरिक अभिनंदन करेगा। अमितेज का परिवार वर्तमान में लखनऊ में रहता है। उनके पिताजी तेज बहादुर सिंह पांगती भारतीय सेना से कर्नल पद से सेवानिवृत्त हुए है। अमितेज का मूल गांव दरकोट है। अमितेज जोहार के प्रतिष्ठित व शिक्षित परिवार के भगत सिंह पांगती के पौत्र है। इनके दादा को जोहार में सेठ जी के नाम से जाना जाता था। इनके जमाने में सेठ जी का कार्य काल गरिमामय रहा है।

# ‘पंचायत’ की गद्दी पर शहर जैसी सियासत

**■ जिपं अध्यक्ष व ब्लॉक प्रमुख चुनाव में खरीद-फरोख्त के आरोप ■ आरक्षण विवाद और हाईकोर्ट की सुनवाई के बीच आज से नामांकन**

**मौहम्मद शाह नजर**

**देहरादून।** उत्तराखंड के 12 जनपदों में जिला पंचायत चुनाव की सरगर्मी थमी नहीं कि अब अध्यक्षों और ब्लॉक प्रमुखों की जंग ने सियासी पारा और बढ़ा दिया है। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने अपनी-अपनी बिसात बिछा दी है। मुकाबला सिर्फ भाजपा और कांग्रेस का नहीं, बल्कि रणनीतियों, समीकरणों और




निर्दलियों को साधने का है।

कांग्रेस, भाजपा पर सत्ता के रसूख और संसाधनों के दम पर नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों की खरीद-फरोख्त करने का आरोप लगा रही है। वहीं भाजपा का दावा है कि बड़ी संख्या में नवनिर्वाचित सदस्य उनके साथ आने को तैयार हैं, जिससे सत्ता पक्ष का पलड़ा और भारी होगा। पंचायत चुनाव में भाजपा ने आधिकारिक तौर पर 122 सीटें जीती हैं, जबकि कांग्रेस ने 80 सीटों पर जीत दर्ज की है। हालांकि, दोनों ही पार्टियां निर्दलियों को अपने पाले में बताकर अपनी संख्या को लगभग दोगुना बता रही हैं। भाजपा का कहना है कि उनके पास 216 सदस्य हैं, जबकि कांग्रेस का दावा है कि उनके पास 160 समर्थक हैं। जिप अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख पदों के लिए नामांकन आज से शुरू हो रहे हैं। मतदान और मतगणना दोनों ही 14 अगस्त को होंगी।

**आरक्षण विवाद हाईकोर्ट में, सुनवाई आजः** कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और चकराता विधायक प्रीतम सिंह ने जिला पंचायत और ब्लॉक प्रमुख पदों के लिए आरक्षण निर्धारण पर सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा ने राजनीतिक लाभ के लिए आरक्षण में ‘सियासी इंजीनियरिंग’ की है। यह मामला अब हाईकोर्ट में विचाराधीन है और किसी भी वक्त बड़ा फैसला आ सकता है।

### आपदा प्रभावित क्षेत्र के प्रतिनिधि मौज में व्यस्त

**देहरादून।** कई नव निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधि, जिनके क्षेत्र हालिया आपदा से प्रभावित हैं, जनता के बीच रहने की बजाय अपने ‘भविष्य की राजनीति’ के लिए नेपाल और अन्य अज्ञात स्थानों पर सैर-सपाटे में लगे हैं। सोशल मीडिया पर इनके मजे करते वीडियो भी वायरल हो रहे हैं, जो जनता के बीच नाराजगी का कारण बने हैं।

### भाजपा का खुला खेल, कांग्रेस की ‘गुप्त चाल’

भाजपा ने अपने जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख पदों के प्रत्याशियों की सूची पहले ही जारी कर दी है, ताकि प्रचार और समीकरण साधने के लिए पर्याप्त समय मिल सके। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान के मुताबिक, सभी प्रमुख पदों के लिए उम्मीदवार तय कर दिए गए हैं। इसके उलट, कांग्रेस ने आखिरी वक्त तक अपने पत्ते न खोलने की रणनीति अपनाई है। पार्टी का मानना है कि इससे भाजपा को पाला बदलवाने के मौके कम मिलेंगे। हालांकि कांग्रेस ने देर शाम चार जिला पंचायत व आठ ब्लॉक प्रमुख घोषित कर दिए।

### 2027 का ‘पॉलिटिकल ट्रेलर’

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख चुनाव के नतीजे 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले ग्रामीण राजनीति की दिशा तय कर सकते हैं। गांव की इस गद्दी पर बैठने वाले नेता आने वाले वर्षों में राज्य की सत्ता के समीकरण बदलने की क्षमता रखते हैं।

# खिर्सू के आठ गांवों में पेयजलापूर्ति ठप

■ बारिश के चलते उफान पर आए गंदेरों से पेयजल लाइनें क्षतिग्रस्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** विकासखंड खिर्सू क्षेत्रांतर्गत भूटोली और सेम-मंदोली पेयजल योजना से पेयजल आपूर्ति न होने से ग्रामीणों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों को हैंडपंप और धारों से पानी ढोना पड़ थहा है। बीते 5-6 अगस्त को हुई तेज बारिश के कारण गदेरे उफान फर होने के चलते पाइप लाइनें पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी। जिसके चलते देवलगढ़, मदेरा, मुसोला, चकवाली सहित आठ गांवों में पेयजलापूर्ति पूर्ण रूप से बाधित है। देवलगढ़ के स्थानीय निवासी मनोज उनियाल, कुंजिका प्रसाद उनियाल ने बताया कि बीते 5 अगस्त से देवलगढ़ सहित अन्य गांवों में पेयजलापूर्ति पूर्ण रूप से बाधित है। बताया कि पेयजलापूर्ति न होने से ग्रामीणों को हैंडपंप और नाले-धारों के सहारा पानी ढोना पड़ रहा है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से जल्द पेयजलापूर्ति सुचारू किए जाने की मांग की है। उधर, जल संस्थान के अवर अभियंता आयुष कंडारी ने बताया कि बीते 5-6 अगस्त से हुई तेज बारिश के कारण गदेरे उफान पर आने के चलते पेयजल लाइने पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गई है। बताया कि गांवों में पेयजलापूर्ति सुचारू करने को लेकर जल संस्थान प्रयास कर रहें है। कहा कि एक-दो दिन के भीतर गांवों में पेयजलापूर्ति सुचारु कर दी जायेगी।

### श्रीनगर में विभिन्न स्थानों पर पेयजलापूर्ति सुचारू

**श्रीनगर।** तेज बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुई पेयजल लाइनों का मरम्मत का कार्य पूर्ण हो गया है। जल संस्थान श्रीनगर ने प्रभावित क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति सुचारू कर दी गई है। जल संस्थान श्रीनगर कि अवर अभियंता पूजा धनाई ने बताया कि नगर निगम क्षेत्रांतर्गत डाक बंगला, घसिया तहादेव, कोठड, श्रीकोट में पेयजल समस्या बनी हुई थी। बताया कि पेयजल लाइनों को सुचारू कर दिया गया है।

# भारी बारिश से दो स्टेट हाईवे पर भूस्खलन, यातायात बाधित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिले में जारी भारी बारिश के चलते दो प्रमुख स्टेट हाईवे और कई ग्रामीण सड़कों पर भूस्खलन और भू-धंसाव से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। नरेंद्रनगर-रानीपोखरी मोटर मार्ग डागर और खर्क गांव के पास करीब 35 मीटर हिस्से के धंसने से पूरी तरह बंद हो गया है। मार्ग पर आवा. जाही रोक दी गई है और इसे 10 अगस्त तक बहाल करने की संभावना जताई जा रही है। भू-धंसाव के कारण सड़क के ऊपरी हिस्से में बड़ी दरारें पड़ गई हैं, जिससे नीचे खेतों के क्षतिग्रस्त होने और पेयजल लाइनों के टूटने की आशंका है। लोनिवि के अधिशासी अभियंता विजय कुमार मोघा ने बताया कि जेसीबी मशीनों की मदद से मलबा हटाने का कार्य जारी है।

वहीं रायपुर-कुमाल्डा-कद्दूखाल मोटर मार्ग पर ग्राम दौंक और ग्राम कटुकी चेल के बीच करीब 30 से 35 मीटर सड़क धंसने से यातायात ठप हो गया था। गुरुवार रात से मार्ग पूरी तरह बंद रहा, हालांकि शुक्रवार को लोनिवि ने प्रयास कर छोटे वाहनों के लिए आवागमन आंशिक रूप से शुरू कर दिया है। बड़े वाहनों की आवाजाही फिलहाल पूरी तरह रोक दी गई है, जिससे स्थानीय लोगों और परिवहन सेवाओं को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

लोनिवि थत्यूड़ की जेई समीक्षा वर्मा ने कहा कि जल्द ही मार्ग को बड़े वाहनों के लिए भी खोलने का प्रयास किया जाएगा।

भारी वर्षा ने केवल इन दोनों हाईवे को ही नहीं, बल्कि जिले की कई अन्य सड़कों को भी प्रभावित किया है। लोनिवि के अधीन एक अन्य स्टेट हाईवे और तीन ग्रामीण सड़कें, जबकि पीएमजीएसवाई की पिलखी-द्वारी, रगड़ गांव सड़क, सकलाना का भुत्सी मोटर मार्ग, खनाना-फणिका, सुपाणा-धारी और विनयखाल-गेंवली मोटर मार्ग मलबा आने से बाधित पड़े हैं। लगातार हो रही बारिश के कारण राहत और बहाली के प्रयासों में भी कठिनाई आ रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन और आपूर्ति व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो गई है।

# धराली आपदा के रेस्क्यू टीम के लिए व्यापारियों ने भेजी 10 क्विंटल सब्जी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** धराली -हर्षिल आपदा रेस्क्यू ऑपरेशन में लगी सेना के जवान, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस, होमगार्ड जवान के लिए उत्तरकाशी के सब्जी व्यापारियओं 10 क्विंटल सब्जी भेजी।

उक्त जानकारी देते हुए व्यापार मंडल सचिव तस्दीक खान ने कहा कि देश के सैनिकों के लिए इस समय आपदा राहत कार्य में सब्जी कि कोई कमी नही होने दिया जाएगा उन्होंने कहा कि इसके लिए एक छोटा सा सहयोग सभी के द्वारा मिलजुल कर किया। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष रमेश चौहान, होटल एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र मटूड़ा सब्जी व्यापारियों का आभार जताया है।

सब्जी व्यापारी तस्दीक खान, मनोज कुमार, रिजवान, इरफान, रमेश नौटियाल, अशोक, सुनील कुमार, सद्दाम, सत्तार अहमद, रिहान, गोविन्द सिंह, भेजोल आदि ने आलू, लोकी, टमाटर, कद्दू की सब्जी आपदा में कार्य कर रहे सैनिकों, पुलिस, कर्मचारियों के लिए उत्तरकाशी से सहयोग कर सब्जी भेजी।

# आपदा प्रभावित क्षेत्रों में बिजली, पानी व्यवस्था बहाल : डीएम

■ सीएम के निर्देश पर राहत, बचाव कार्य युद्ध स्तर : आर्य
6 दिनों से धराली में कैंप कर रहे जिले के डीएम





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** धराली आपदा में पिछले 6 दिनों कैंप कर रहे जिलाधिकारी प्रशांत आर्य रविवार को उत्तरकाशी पहुंचे हैं।

आपदा प्रभावित क्षेत्रों से जनपद मुख्यालय पहुंचे डीएम ने आपदा स्मार्ट कंट्रोल रूम पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लिया और आपदा प्रभावित क्षेत्र में राहत बचाव अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिये। उन्होंने आपदाग्रस्त क्षेत्र में सभी जरूरी व्यवस्थाओं को बहाल किए जाने की रणनीति पर चर्चा की व अवश्य दिशा निर्देश जारी किए।

डीएम ने कहा कि गंगोत्री हाईवे के खुल जाने से आवागमन से लेकर कई अन्य परेशानियाँ दूर होंगी। डीएम ने कहा कि आपदा प्रभावित इलाके में बिजली, पानी,कनेक्टिविटी में तेजी से कार्य हुआ है और बहाली भी हुई है। डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री के धराली,हर्षिल आने के बाद उनके दिशा निर्देशों पर राहत, बचाव व रेस्क्यू का कार्य युद्ध स्तर पर हुआ है जिसमे प्रशासन व आर्मी दोनों ग्राउंड जीरो पर कार्यरत हैं। डीएम ने कहा कि क्षति के आंकलन की रिपोर्ट आज शाम तक आ जायेगी। धराली- हर्षिल आपदा से पता लोगों की जानकारी के जवाब में उन्होंने कहा कि यह कार्य एनडीआरएफ व एसडीआरएफ कर रही है। जिनका सर्च अभियान इसे लेकर चल रहा है। लापता लोगों की पुष्ट जानकारी मिलने के बाद ही इसका डाटा बन पाएगा कि कितनी जन हानि हुई है।

डीएम प्रशांत आर्य ने कहा कि धराली, हर्षिल में आयी आपदा के बाद से ही जिला प्रशासन पूरी तत्परता और संवेदनशीलता के साथ प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा है। वे स्वयं घटना के बाद से प्रभावित क्षेत्र में कैंप कर रहे हैं तथा लोगों के बीच जा कर समन्वय स्थापित करने के साथ- साथ इस संकट की घड़ी में उनका ढांढस भी बंधा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि धराली ख्र हर्षिल से लोगों को निकालने के लिए पिछले 6 दिनों से लगातार राहत बचाव अभियान युद्ध स्तर पर जारी है। जिससे आपदा प्रभावितों को वहां से सुरक्षित निकालकर निरंतर उनके गंतव्य के लिए भेजा जा रहा है। आपदा प्रभावित क्षेत्रों से लोगों को निकालकर सुरक्षित राहत शिविर में रखा गया है जहां उन्हें भोजन, पानी और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के साथ सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। डीएम ने कहा कि सरकार व प्रशासन इस मुश्किल घड़ी में प्रभावितों के साथ है और उनकी सहायता के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता पीड़ितों को सुरक्षित करना और उन्हें हर जरूरी सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने प्रभावित लोगों से अपील की है कि वे धैर्य रखें और किसी भी जरूरत के लिए सीधे प्रशासन से संपर्क करें।

## एक नजर .......

### राशन कार्ड सत्यापन में आम जनता को हो रही परेशानी पर पार्षद ने किया रोष व्यक्त

**कोटद्वार ।** राशन कार्ड सत्यापन को लेकर आम जनता को हो रही परेशानी पर पार्षद सौरभ नौडियाल ने रोष व्यक्त किया है। उन्होंने परिवार रजिस्टर की प्रमाणिकता के लिए पार्षद की आख्या को भी मान्य करने की मांग करते हुए कहा कि इससे लोगों को राहत मिलेगी। वहीं तहसील में आय प्रमाण पत्र बनाने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। इस संबंध में जिलाधिकारी को प्रेषित ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि वर्तमान में राशन कार्ड सत्यापन के लिए आय प्रमाण पत्र बनाए जा रहे हैं। कुछ उपभोक्ताओं ने पूर्व में अन्य कार्यों के लिए आय प्रमाण पत्र बनाए थे। ऐसे में जब वह खाद्य आपूर्ति विभाग में उक्त आय प्रमाण पत्र को जमा कर रहे हैं तो अधिकारी नया प्रमाण पत्र बनवाने के लिए कह रहे हैं।वहीं एक व्यक्ति के एक वर्ष के भीतर दो आय प्रमाण पत्र बनाना भी नियमों के विरुद्ध है। ज्ञापन में उन्होंने जिलाधिकारी से पार्षदों की आख्या के आधार पर जारी परिवार रजिस्टर सहित पूर्व में बने आय प्रमाण पत्र को भी मान्य करने की मांग की है।

### भंडारी के निधन पर अधिवक्ताओं ने जयाया शोक

**श्रीनगर।** बार एसोसिएशन श्रीनगर के पूर्व अध्यक्ष दीपक भण्डारी के पिता कमल सिंह भण्डारी के निधन पर अधिवक्ताओं ने शोक व्यक्त किया है। बार एसोसिएशन श्रीनगर के संरक्षक अनूप श्री पांथरी ने कहा कि स्वर्गीय कमल भण्डारी अपने सहज सुलभ स्वभाव के लिए जाने जाते थे। बताया कि सोमवार को सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत रहेंगे। शोक व्यक्त करने वाले बार एसोसिएशन श्रीनगर के पूर्व अध्यक्ष कृष्णानंद मैठाणी, संरक्षक अनूपश्री पांथरी, अध्यक्ष प्रमेश चन्द्र जोशी, सचिव ब्रह्मानंद भट्ट, पूर्व सह सचिव प्रदीप मैठाणी, कोषाध्यक्ष सुबोध भट्ट, महेन्द्र पाल सिंह रावत, पूर्व उपाध्यक्ष विवेक जोशी, पूर्व महासचिव विकास पंत, सरेन्द्र प्रसाद शुक्ला, विकास कठैत, भूपेन्द्र पुण्डीर सह सचिव देवी प्रसाद खरे सहित आदि ने शोक व्यक्त किया है।

### बेलेश्वर धाम में तीनों महापुराणों का भव्य समापन

**नई टिहरी।** प्रथम केदार बेलेश्वर धाम में आयोजित 11 दिवसीय धार्मिक आयोजन का समापन रविवार को भव्यता और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। इस महोत्सव में शिव महापुराण, श्रीमद देवी भागवत और स्कंध महापुराण की पावन कथाओं का विधिवत वाचन हुआ, जिसे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक श्रवण किया और व्यास पीठ से आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर समिति और स्थानीय जनता के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में सेंद. ुल, सिल्यारा, कैमरा, सरंसगांव, गनगर, चमोलगांव और श्रीकोट सहित सात गांवों के देवी-देवताओं की डोलियों और पवित्र निशानों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था।समापन दिवस पर सभी डोलियों और निशानों को गगनभेदी जयकारों के बीच शोभायात्रा के रूप में बालगंगा नदी तक ले जाया गया, जहां उनका पवित्र स्नान कराया गया। नदी तट पर भक्तों की भारी भीड़ ने इस अलौकिक दृश्य का दर्शन किया, जिसे देख श्रद्धा और आस्था का माहौल और भी गहरा हो गया।

### संस्कृत दिवस पर पोखरी-क्वीली महाविद्यालय में हुई सारगर्भित गोष्ठी

**नई टिहरी।** नरेंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र के शहीद बेलमती चौहान राजकीय महाविद्यालय, पोखरी-क्वीली में संस्कृत दिवस के अवसर पर एक विचारोत्तेजक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने संस्कृत की महत्ता और उसके बहुआयामी योगदान पर प्रकाश डाला। श्रावण शुक्ल पूर्णिमा के पावन अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शशिबाला वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया।अपने संबोधन में डॉ. वर्मा ने संस्कृत को भारतीय भाषाओं की जननी बताते हुए कहा कि आयुर्वेद, ज्योतिष, गणित और खगोल विज्ञान जैसे कई विषयों का प्राचीन और प्रामाणिक ज्ञान संस्कृत में संरक्षित है। उन्होंने कहा कि संस्कृत की वैज्ञानिक संरचना और उसका व्याकरण इसे दुनिया की सबसे सटीक और व्यवस्थित भाषाओं में शामिल करता है। वैज्ञानिक युग में, विशेषकर आधुनिक तकनीकी उपकरणों और कंप्यूटर प्रोग्रामिंग के लिए भी संस्कृत एक आदर्श भाषा मानी जाती है।डॉ. वर्मा ने संस्कृत को भारतीय संस्कृति की आत्मा बताते हुए विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे इसे केवल पढ़ाई तक सीमित न रखें, बल्कि अपने दैनिक जीवन में भी अपनाएं, ताकि यह अमूल्य धरोहर पीढ़ी-दर-पीढ़ी जीवित रह सके।

# धराली आपदा रेस्क्यू कार्यों में होमगाड्र्स का योगदान



**चिरंजीव सेमवाल**

**उत्तरकाशी :** जिले के धराली हर्षिल में आई आपदा में दिन रात रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। इस दौरान सेना , एसडीआरएफ, एनडीआरएफ,पुलिस के जवानों के साथ संकट इस घड़ी में होमगार्ड के स्वयंसेवी भी कदमताल करते हुए नजर आ रहे हैं। खास बात यह है कि पूरे रेस्क्यू ऑपरेशन में उत्तरक. ाशी के होमगार्ड के जवान सराहनीय कार्य कर रहे हैं।

गौरतलब है कि 5 अगस्त को धराली - हर्षिल वैली में आई विनाशकारी भीषण त्रासदी के बाद जिलाधिकारी प्रशांत आर्य के सफल नेतृत्व में जनपद उत्तरकाशी के जिला कमांडेंट विजयपाल जनपद के होमगार्ड मातली हेलीपैड उत्तरकाशी महिला पुरुष होमगार्ड रेस्क्यू कार्य में मोर्चा संभालने उतर गये है। मुख्यालय एवं जिलाधिकारी निर्देशानुसार होमगार्ड का एक दल हर्षिल -धराली आपदाग्रस्त क्षेत्र में तरुण कुमार सव जिला कमांडेंट के नेतृत्व में शासन- प्रशासन की हर पहलू से दृढ़ता से निर्वाह किया जा रहा है।यूं तो होमगार्ड पुलिस के साथ मिलकर आपदा हो या चारों धामों में श्रद्धालुओं को दर्शन करवाने को लेकर हर समय सेवा भाव के साथ खडे रहते हैं।

कुल मिलाकर, पुलिस और होमगार्ड के बीच यह तालमेल, आपदा हो या चार धाम यात्रा को सुचारू रूप से चलाने और तीर्थयात्रियों को एक सुरक्षित और सुखद अनुभव प्रदान करने में एक महत्वपूर्ण कारक है।

# धराली आपदा पीड़ितों के प्रति टिहरी में भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** उत्तरकाशी जिले के धराली क्षेत्र में हाल ही में आई भीषण आपदा में जान गंवाने वालों की स्मृति में शुक्रवार को क्लीन हिमालय-ग्रीन हिमालय टीम के तत्वावधान में भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर शहर के हनुमान चौक पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एकत्र हुए और कैंडल मार्च के माध्यम से आपदा पीड़ितों के प्रति अपनी संवे. दनाएं व्यक्त कीं। कैंडल मार्च के दौरान लोगों ने मोमबत्तियों की रोशनी में मौन यात्रा निकाली, जो पीड़ा और शोक का मौन संदेश देती रही। इस मौन यात्रा के पश्चात सभी उपस्थितजन दो मिनट तक मौन खड़े रहे, दिवंगत आत्माओं की शांति और प्रभावित परिवारों के साहस की कामना की।

कार्यक्रम के दौरान लोगों ने धराली आपदा में हुए भीषण नुकसान और जनहानि को याद करते हुए अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। कई वक्ताओं ने कहा कि यह त्रासदी केवल एक क्षेत्र की नहीं, बल्कि पूरे पहाड़ी समाज के लिए गहरा आघात है। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावित परिवारों को न केवल आर्थिक सहयोग, बल्कि पुनर्वास और मान. सिक सहारा भी मिलना चाहिए।

# बागासू महादेव मंदिर: धरती से प्रकट शिवलिंग और अद्वितीय लोक आस्था का केंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** टिहरी गढ़वाल के चंबा-धरासू मार्ग पर स्थित बागासू महादेव मंदिर अपनी प्राचीन लोक आस्था, पौराणिक मान्यताओं और अद्वितीय प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है। चंबा से लगभग 8 किलोमीटर दूर डडूर और मुडिया गांव के पास बसा यह मंदिर आकार में भले छोटा है, लेकिन धार्मिक महत्त्व और श्रद्धा के मामले में यह क्षेत्र का एक प्रमुख आस्था केंद्र माना जाता है।

स्थानीय मान्यताओं के अनुसार यहां स्थित शिवलिंग "स्वत: प्रकट" है, यानी यह धरती से स्वयं प्रकट हुआ माना जाता है। मंदिर के निर्माण काल या निर्माणकर्ता के बारे में कोई ठोस ऐतिहासिक साक्ष्य उपलब्ध नहीं है, लेकिन ग्रामीणों का विश्वास है कि यह स्थान अनादिकाल से पूजनीय है। मंदिर तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को लगभग एक किलोमीटर लंबा पैदल मार्ग तय करना पड़ता है, जो सीढ़ीनुमा खेतों, घने जंगलों और हिमालयी दृश्यों के बीच से होकर गुजरता है। इस यात्रा के दौरान प्राकृतिक नजारे और वातावरण की शांति मन को भक्ति और आनंद से भर देते हैं।

# पांच दिन से सड़क संपर्क टूटा, पिंसवाड़ के ग्रामीणों की बढ़ी मुश्किलें

■ भारी बारिश से बंद बुढाकेदार-पिंसवाड़ मार्ग, ग्रामीणों को पैदल करना पड़ रहा सफर
बीमारों को स्ट्रेचर से ढोकर लाना ग्रामीणों की मजबूरी बनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** भिलंगना ब्लॉक के दूरस्थ पिंसवाड़ गांव का सड़क संपर्क पिछले पाँच दिनों से पूरी तरह बाधित है, जिससे ग्रामीणों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सड़क बंद होने के कारण लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए 10 किलोमीटर लंबा पैदल सफर तय करना पड़ रहा है। यह कठिनाई केवल सामान ढोने तक सीमित नहीं है, बल्कि बीमार और बुजुर्ग लोगों को भी स्ट्रेचर या पीठ पर उठाकर बुढाकेदार तक ले जाना ग्रामीणों की मजबूरी बन गया है।

गांव को जोड़ने वाला बुढाकेदार-पिंसवाड़ मोटर मार्ग हाल ही में हुई भारी बारिश के कारण कई स्थानों पर मलबा और विशाल बोल्डर गिरने से अवरुद्ध हो गया है। स्थिति इतनी गंभीर है कि कई वाहन भी मार्ग में फंसे हुए हैं और उन्हें निकालने की कोई व्यवस्था अभी तक नहीं हो पाई है। ग्रामीणों को खाद्यान्न, दवाइयां और अन्य आवश्यक वस्तुएं सिर पर लादकर लानी पड़ रही हैं, जिससे उनकी दैनिक दिनचर्या पर भारी असर पड़ा है।

गौरतलब है कि पिछले वर्ष आई विनाशकारी आपदा में यह सड़क पहले ही बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। तब से सड़क जगह-जगह धंस चुकी है, जिससे यात्रा पहले से ही जोखिम भरी बनी हुई थी। स्थानीय निवासियों का कहना है कि वे लगातार प्रशासन से मार्ग की मरम्मत और सफाई की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल सड़क खोलने और स्थायी मरम्मत की व्यवस्था करने की अपील की है, ताकि वे सामान्य जीवन में लौट सकें और आपात स्थितियों से सुरक्षित रह सकें।

# टिहरी गढ़वाल में संस्कृति और भाषा संरक्षण की नई पहल



■ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया वर्चुअल शुभारंभ, ग्रामवासियों में उत्साह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** उत्तराखंड सरकार द्वारा संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार को गति देने की दिशा में टिहरी जनपद के मुखेम गांव को 'संस्कृत ग्राम' के रूप में विकसित करने की ऐतिहा. सिक पहल शुरू की गई है। 10 अगस्त 2025 को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल माध्यम से इसका औपचारिक शुभारंभ किया। राजकीय संस्कृत पाठशाला मुखेम में आयोजित भव्य कार्यक्रम में विधायक विक्रम सिंह नेगी के प्रति. निधि सोहन लाल शाह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखेम गांव की नव-निर्वाचित प्रधान राजेश्वरी देवी ने की।

मुख्य शिक्षा अधिकारी शिव प्रसाद सेमवाल ने ग्रामवासियों को बधाई देते हुए कहा कि संस्कृत 3 हजार वर्षों से अपने मूल स्वरूप में सुरक्षित है, और यही इसकी अद्वितीय विशेषता है। उन्होंने ग्रामवासियों से अपील की कि वे इस पहल को जन-जन तक पहुँचाने में सहयोग दें।

कार्यक्रम का संचालन संस्कृत ग्राम के संयोजक एवं पाठशाला के प्रधानाचार्य डॉ. देशबन्धु भट्ट ने किया।

जिन्होंने इस उपलब्धि के लिए ग्रामीणों को आभार व्यक्त किया। संस्कृत शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक पूर्णानन्द भट्ट ने ग्राम स्तर पर भाषा को पुनर्जीवित करने के प्रयास की सराहना की और इसे सांस्कृतिक संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि संस्कृत केवल प्राचीन भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और ज्ञान की आधारशिला है। इस पहल से मुखेम गांव आने वाले समय में संस्कृत और परंपराओं के संरक्षण का प्रेरक उदाहरण बन सकता है।

# संस्कृत सप्ताह में रंगारंग प्रस्तुतियों ने बांधा समा

**नई टिहरी।** केंद्रीय संस्कृत विश्व. विद्यालय, रघुनाथ कीर्ति परिसर में संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत आयोजित सांस्कृतिक संध्या में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा और सृजनात्मकता का भव्य प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत शास्त्री द्वितीय वर्ष की छात्रा अक्षिता के अधरं मधुरं गीत पर मनमोहक नृत्य से हुई, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। इसके बाद ज्योति, किरण और ख्याति ने एकल नृत्यों के माध्यम से अपनी लय, ताल और अभिव्यक्ति से मंच पर विशेष छाप छोड़ी

# पुल निर्माण में देरी पर भड़के स्थानीय निवासी, आंदोलन की चेतावनी

■ 58 करोड़ की डीपीआर स्वीकृत, फिर भी सरकार ने जारी नहीं की धनराशि, टिहरी-पौड़ी संपर्क के लिए आवश्यक पुल पर निर्माण शुरू न होने से बढ़ा आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** लंबे समय से पुल निर्माण की मांग को लेकर संघर्षरत स्थानीय निवासी विकास चंद्र रयाल ने सरकार पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि जनहित के इस महत्वपूर्ण परियोजना को जानबूझकर रोका जा रहा है। रयाल ने बताया कि बीते 26 मई को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई वित्तीय व्यय समिति की बैठक में लगभग 58 करोड़ रुपये की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) और पुल का डिजाइन स्वीकृत कर दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद अब तक सरकार ने इस योजना के लिए धनराशि जारी नहीं की है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ प्रभावशाली तत्व नहीं चाहते कि यह पुल बने, जबकि इसके निर्माण से टिहरी और पौड़ी जिलों के बीच यातायात का सीधा और सुविधाजनक मार्ग तैयार होगा। यह पुल न केवल स्थानीय निवासियों की आवागमन समस्या को दूर करेगा, बल्कि व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच को भी सुलभ बनाएगा, जिससे क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी।

रयाल ने चेतावनी दी कि यदि महीने के अंत तक वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर निविदा प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की गई, तो वे क्षेत्रीय जनता के साथ मिलकर आंदोलन शुरू करेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आवश्यकता पड़ने पर मुख्यमंत्री आवास का घेराव कर कड़ा विरोध दर्ज कराया जाएगा। उनकी इस चेतावनी से स्थानीय लोगों में भी पुल निर्माण को लेकर उम्मीद और आक्रोश दोनों बढ़ गए हैं, और अब सभी की निगाहें सरकार के अगले कदम पर टिकी हुई हैं।

# उत्तरकाशी में राहत व बचाव कार्यों की डीजीपी ने की समीक्षा

## सभी अधीनस्थों को अलर्ट मोड पर रहने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** पुलिस महानिदेशक, दीपम सेठ ने रविवार को पुलिस मुख्यालय, स्थित सभागार में उत्तरकाशी के धराली एवं हर्षिल क्षेत्र में आई प्राकृतिक आपदा के उपरांत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में चल रहे राहत एवं बचाव कार्यों की प्रथम चरण की विस्तृत समीक्षा करते हुए आगामी कार्ययोजना पर उच्च स्तरीय समीक्षा की। बैठक में उत्तरकाशी जनपद में राहत एवं बचाव कार्यों के प्रभावी संचालन हेतु भेजे गये पुलिस की एसडीआरएफ, फायर सर्विस, पीएसी, दूरसंचार, आदि के सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं टीम लीडर्स शामिल हुए।



बैठक के दौरान, पुलिस महा. निदेशक ने सभी अधिकारियों से राहत एवं बचाव कार्यों की अद्यतन जानकारी ली तथा घटनास्थल पर कार्यरत बलों द्वारा अब तक किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि विपरीत परिस्थितियों, मार्ग अवरोधों और मौसम की चुनौतियों के बावजूद पुलिस, एसडीआरएफ फायर और अन्य एजेंसियों ने आपसी समन्वय से बड़ी संख्या में फंसे लोगों को सुरक्षित निकाला और आवश्यक राहत सामग्री समय पर पहुँचाई।

बैठक में दूसरे चरण की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा हुई और यह निर्णय लिया गया कि राहत एवं बचाव के दूसरे चरण में सर्च ऑपरेशन पर फोकस किया जाएगा। उक्त अभियान हेतु उत्तराखंड शासन द्वारा श्री अरूण मोहन जोशी, पुलिस महानिरीक्षक, एसडीआरएफ को धराली हर्षिल में समग्र खोज एवं बचाव अभियान तथा अर्पण यदुवंशी, कमाण्डेन्ट, नियुक्त किया गया है।

सर्च और रेस्क्यू अभियान में गति लाने के लिए , एसडीआरएफ फायर, पीएससी और पुलिस बल की पर्याप्त संख्या को धराली और हर्षिल घटनास्थल में रणनीतिक रूप से तुरंत तैनात किया जाए।स्थानीय नागरिकों, ग्राम प्रति. निधियों और जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर लापता व्यक्तियों की सटीक सूची तैयार की जाए। इस सूची के आधार पर खोज अभियान की प्राथमिकता तय करते हुए और आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

बैठक के दौरान अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशासन ए.पी. अंशुमान, पुलिस महानिरीक्षक, मुख्यालय, नीरू गर्ग, पुलिस महा. निरीक्षक, पुलिस दूरसंचार, कृष्ण कुमार वीके, पुलिस महानिरीक्षक, फायर, मुख्तार मोहसिन, पुलिस महानिरीक्षक, अपराध एवं कानून व्यवस्था, नीलेश आनन्द भरणें, पुलिस महानिरीक्षक, सुरक्षा, करन सिंह नगन्याल, पुलिस महानिरीक्षक / निदेशक यातायात, नारायण सिंह नपलच्याल, पुलिस महानिरीक्षक, एसडीआरएफ, अरुण मोहन जोशी, पुलिस महानिरीक्षक, गढ़वाल परिक्षेत्र, राजीव स्वरूप, पुलिस उपमहानिरीक्षक, अपराध एवं कानून व्यवस्था, धीरेन्द्र गुंज्याला, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, देहरादून, श्री अजय सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ, नवनीत सिंह, सेनानायक आईआरबी द्वितीय, श्वेता चौबे, पुलिस अधीक्षक, अपराध एवं कानून व्यवस्था, पुलिस अधीक्षक, उत्तरकाशी, सरीता डोबाल, उपस्थित रहे।



# आपदा राहत में बैंक ऑफ बड़ौदा ने 1 करोड़ का चेक सीएम को सौंपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तरकाशी जिले के धराली एवं हर्षिल क्षेत्र में आई आपदा के राहत कार्यों के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा मुख्यमंत्री राहत कोष में रुपये 1 करोड़ की धनराशि का योगदान दिया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से रविवार को मुख्यमंत्री आवास में बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रतिनिधि मंडल ने भेंट कर राहत के लिए चेक सौंपा। मुख्यमंत्री ने बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा दिए सहयोग के लिए बैंक प्रबंधन का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अपर सचिव मनमोहन मेंनाली, ऑफ बड़ौदा के जी.एम प्रतीक अग्निहोत्री, डीजीएम एस.पी.एस तोमर, रीजनल हेड अरविंद जोशी मौजूद रहे।

# ब्रह्म ज्ञान से ही होता है विवेक जागृतः मंजू जैन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** सन्त निरंकारी मिशन के तत्वावधान में निरंकारी सन्त महिला संत समागम हरिद्वार रोड बाईपास सन्त निरंकारी सत्संग भवन देहरादून में आयोजित किया गया। जिसमे सद्घ्गुरु माता सुदीक्षा महराज के पावन संदेश को देने के लिए गाजियाबाद से पधारी केन्द्रिय प्रचा. रिका बहन मंजू जैन ने अपने अध्यात्मिक विचार करते हुए कहा कि ब्रह्मज्ञान से ही विवेक जागृत होता है।



परमात्मा के साथ नाता जोड़ने से हमारे हृदय में भक्ति भाव उत्पन्न होने लगते हैं, इस निरंकार प्रभु को हाजिर नाजिर मानकर हम अरदास प्रार्थना करते हैं तो हमारा विश्वास मजबूत होने लगता है, ब्रह्मज्ञान के बाद की यात्रा सद्गुरु पूरी करता है, सद्गुरु ही आत्मा की पहचान कराकर जीवन का कल्याण करता है। ब्रह्मज्ञान के बाद जिज्ञासु भक्त के हृदय के अंदर आध्यात्मिक निखार आना शुरू होता है, रिश्ते नातो में हमें दया करुणा प्रेम के भाव उजागर होने लगते हैं। ब्रह्मज्ञान ही भक्ति का आधार है जो हमें निरंकार पारब्रह्म परमात्मा के साथ जोड़कर जीवन जीने की कला सिखाता है। समागम में देहरादून ब्रांच के संयोजक नरेश विरमानी व मसूरी जोन के जोनल इंचार्ज हरभजन सिंह ने आयी हुयी साध संगत और सेवादल का आभार प्रकट किया।

# उपनल महासंघ ने विभिन्न संगठनों संग मिलकर बनाया संयुक्त मोर्चा

## नियमितीकरण के आदेश पर अमल नहीं कर रही सरकारः गोदियाल

■ सरकार लगातार उपनल कर्मियों की उपेक्षा कर रही: गोसाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड उपनल महासंघ के आह्वान पर रविवार को आयोजित बैठक में विभिन्न संगठनों ने मिलकर संयुक्त मोर्चा बनाया। सभी संगठन ने एक छतरी के नीचे आकर नियमितीकरण की लड़ाई लड़ने का ऐलान किया। रविवार को हरिद्वार के सीसीआर भवन में उपनल महासंघ के आह्वान पर आयोजित बैठक में विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने प्रतिभा किया। उपनल संविदा संघ, वाहन चालक संघ, बिजली विभाग संघ, विद्युत कर्मचारी संगठन इंटक ने महासंघ के साथ ब्लैक कर संयुक्त मोर्चा का गठन किया।



उपनल महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद गोदयाल ने कहा कि उत्तराखंड हाईकोर्ट ने वर्ष 2018 में उपनल कर्मियों के नियमितीकरण के लिए नियमावली बनाकर चरणबद्ध तरीके से नियमितीकरण का आदेश पारित किया था। सरकार ने इसके विपरीत सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर की जिसको वर्ष 2024 में सुप्रीम कोर्ट ने भी खारिज कर दिया।

उपनल संविदा संघ के प्रदेश महामंत्री प्रमोद गोसाई ने कहा कि सरकार लगातार उपनल कर्मियों की उपेक्षा कर रही है। हरिद्वार के जिलाध्यक्ष योगेश बडोनी ने बताया कि संयुक्त मोर्चा बनने के बाद सभी उपनल कर्मचारी संगठन एकजुट होकर कर्मचारियों के नियमित. ीकरण के लिए रोड और कोर्ट की लड़ाई लड़ेंगे।

महासंघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रदीप सिंह चौहान ने बताया कि सरकार लगातार उपनल कर्मियों की उपेक्षा करती आ रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा के बावजूद आज भी उपनल कर्मियों के नियमितीकरण के लिए कोई सकारात्मक कार्रवाई होती नहीं दिखाई दे रही है। बैठक के दौरान महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष महेश भट्ट , प्रदेश महामंत्री विनय प्रसाद, महासंघ महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष, बिजली कर्मचारी प्रदेश अध्यक्ष अमित सैनी, विद्युत कर्मचारी इंटक के प्रदेश अध्यक्ष दीपक सैडिल्य, उपनल वाहन चालक हरीश कोठारी, महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष विजयराम शर्मा महासंघ के प्रदेश संगठन मंत्री भूपेश नेगी, महासंघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष रमेश डोभाल, महासंघ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष मोहन रावत, मौसम के प्रदेश उपाध्यक्ष पीएस बोरा, स्नेहा बिष्ट, विमल द्विवेदी व दीपा नेगी आदि मौजूद रहे।

# धराली पहुंचा, तो वहां जिंदगी ठहरी हुई मिलीः करन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तरकाशी के आपदा प्रभावित धराली-हर्षिल से लौटकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करना माहरा ने कठिन रास्तों, संघर्ष की कहानी और आपदा प्रभावितों का दर्द बयां किया।

कहा कि लैम्चागाड़ में 4-5 लकड़ियों की बल्लियाँ डालकर अस्थायी पुल बनाया जा सकता था। इससे एसडीआरएफ/एनडीआरएफ के जवान, डॉक्टर, राहत सामग्री, सब धराली पहुँच सकते थे। लेकिन प्रशासन ने यह कदम उठाने में दो दिन नहीं, अनंत विलंब किया है। पहले दिन ही यह हो जाता, तो कई मासूम जिंदगियाँ बचाई जा सकती थीं। एक माँ थी, जिसने अपने बेटे को खो दिया, एक पिता था,



जिसकी पूरी रोजी-रोटी बह गई, कुछ ऐसे लोग थे जिनके पास अब न घर है, न रोजगार, न अपने। कितने लोग लापता हैं? कितने मृत? कोई सही आंकड़ा सरकार नहीं बता रही है। क्योंकि गिनने वाले लोग हेलीकॉप्टर से फोटो खींचने में व्यस्त हैं। लोगों की आँखों में सिर्फ डर और आँसू थे। कुछ बच्चे ऐसे थे, जिनके स्कूल बैग और किताबें भी पानी में बह गईं। कुछ बुजुर्ग ऐसे थे, जो अपने घर के दरवाजे तक का रास्ता पहचान नहीं पा रहे थे, क्योंकि उनका घर अब वहाँ था ही नहीं। वहाँ फंसे 40-50 मजदूर थे जिनके पास न पैसे थे, न खाना, न ठहरने की जगह। मैंने उन्हें विश्वास दिलाया कि वे अकेले नहीं हैं, और उन्हें अपने साथ सुरक्षित स्थान तक लेकर आया। धराली का दर्द अब सिर्फ धराली का नहीं है। ये हम सबका दर्द है, हमारी संवेदनाओं का इम्तिहान है। लेकिन अफसोस, सरकार इस इम्तिहान में बुरी तरह असफल हुई है। उन्होंने राहत से ज्यादा, सच्चाई को रोकने में मेहनत की। मैं आज धराली से लौटा हूँ, लेकिन वहाँ के लोगों की आँखों में जो आंसू मैंने देखे, वो मेरे साथ रहेंगे, जब तक न्याय, राहत और सम्मान उन्हें नहीं मिल जाता। धराली... तुम्हारा दर्द मेरी सांसों में बस गया है। मैं तुम्हारी आवाज बनूंगा, और तब तक बोलता रहूंगा जब तक तुम्हारे साथ न्याय न हो जाये।

# आपदा राहत में कोटक महिंद्रा की सामग्री को सीएम ने किया रवाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तरकाशी में आई आपदा के लिए विभिन्न संस्थाओं द्वारा भी राहत सामग्री भेजी जा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय से कोटक महिंद्रा बैंक द्वारा धराली में राहत एवं पुनर्वास के लिए भेजी जा रही आपदा राहत सामग्री को रवाना किया। कोटक महिंद्रा बैंक द्वारा सी.एस.आर के अंतर्गत 10 से 12 दिनों तक के लिए पर्याप्त कच्चा राशन-आटा, चावल, दालें, मसाले, खाद्य तेल-सहित दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुएँ जैसे टूथपेस्ट, नहाने एवं कपड़े धोने का साबुन, आदि सम्मिलित हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कोटक महिंद्रा बैंक का आभार जताते हुए कहा कि राज्य सरकार पीड़ितों की हर संभव सहायता के लिए प्रतिबद्ध है और राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा इस दुख की घड़ी में पूरा राज्य आपदा प्रभावितों के साथ खड़ा है। इस अवसर पर अपर सचिव मनमोहन मेंनाली, महिंद्रा बैंक के सर्किल हेड शोभित अग्रवाल, एरिया हेड अनुज कपूर, रजत जैन कोटक, महिंद्रा बैंक के इंप्लीमेंट पार्टनर सेवा इंटरनेशनल के पदाधिकारी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## एक नजर .......



### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने सोराबजी की जयंती मनाई

**देहरादून।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने देहरादून में क्षेत्रीय कार्यालय कार्यक्रम के साथ सर सोराबजी पोचखानावाला की 144 वीं जयंती मनाई। समारोह में क्षेत्रीय प्रमुख रामप्रमोद आनंद ने 1911 में भारत के पहले पूर्ण भारतीय स्वामित्व वाले वाणिज्यिक बैंक की स्थापना में सर सोराबजी की अग्रणी भूमिका पर प्रकाश डाला गया। स्टाफ के सदस्यों ने उनके मार्गदर्शक सिद्धांतों पर विचार किया। यह कार्यक्रम बैंकिंग में सर सोराबजी के सत्यनिष्ठा, सेवा और नवाचार के मूल्यों को बनाए रखने के लिए सभी कर्मचारियों की और से प्रतिज्ञा के साथ संपन्न हुआ। क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून के कर्मचारियों की और से एक स्वच्छता अभियान भी चलाया गया, जहां क्षेत्रीय प्रमुख रामप्रमोद आनंद ने मुख्य प्रबंधकों व अधिकारियों कर्मचारियों के साथ स्वच्छता अभियान आयोजित किया।

### माउंट एवरेस्ट पहुंचने वाले वीरेंद्र सामंत को सीएम ने दी बधाई

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से रविवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में माउंट एवरेस्ट में सफलतापूर्वक चढ़ने वाले चंपावत निवासी वीरेन्द्र सिंह सामंत ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने वीरेन्द्र को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। गौरतलब है कि हाल ही में माउंट एवरेस्ट अभियान 2025 के तहत भारतीय सेना और एनसीसी कैडेट्स के वीर पर्वतारोहियों ने माउंट एवरेस्ट की चोटी फतह की थी। जिसमें एन.सी.सी दल में चंपावत निवासी अंडर ऑफिसर वीरेन्द्र सिंह सामंत भी थे।



# दिलीप की खरीद फरोख्त की राजनीति विकास को ले डूबेगीः धीरेंद्र प्रताप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने लैंसडाउन विधानसभा के विभिन्न बीडीसी के सदस्यों और जिला पंचायत के सदस्यों की स्थानीय विधायक दिलीप रावत की और से की जा रही खरीद-फरोख्त को क्षेत्र के विकास की राजनीति के लिए घातक बताया है। प्रताप ने कहा है कि जिस तरह से जयहरीखघल की नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य ज्योति पटवाल को बहुत ही बेशर्मी के साथ भाजपा में शामिल किया गया है वह खरीद-फरोख्त की राजनीति का भद्दा उदाहरण है। प्रताप ने कहा जिला पंचायत सदस्य बहन को भी,रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर, इस तरह के घिनौने अपराध में शामिल नहीं होना चाहिए था। धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि जैसे की अफवाह है जिसकी कि वह पुष्टि नहीं करते बताया जा रहा 30-30 लख रुपए में जिला पंचायत सदस्यों को खरीदा जा रहा है।

# हरदा ने बोला भाजपा-आरएसएस पर तीखा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** हमेशा अपने बयानों और उत्तराखण्डी व्यंजनों को लेकर सुर्खियों में रहने वाले उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के वरिष्ट नेता हरीश रावत आज कल अपने एक बयान को लेकर चर्चा का विषय बने हुए है। हरीश रावत की एक पोस्ट को गलत तरीके के कट-पेश कर वायरल कर दिया गया, जिसके बाद रविवार को हरीश रावत ने कहा कि, आरएसएस और भाजपा के नीतिकारों का ध्यान मेरी ओर कुछ ज्यादा ही जा रहा है। पहले झूठ-सफेद झूठ बोलकर और अब इंसानियत के पक्ष में उठाई गई मेरी आवाज को लेकर मुझे हिन्दू भाईयों की नजर में गिराने का प्रयास करते हुये धाकड़ धामी सहित न जाने कितने धाकड़-भाकड़ मेरे बयानों को ट्रोल किया करते हैं। इधर आरएसएस के नेता इन्द्रेश कुमार जी के नेतृत्व में राष्ट्रीय मुस्लिम मंच और उनसे जुड़े हुये मुस्लिमों ने भी मेरे लिये भ्रम पैदा करने और गलत बातें फैलाने का काम प्रारम्भ कर दिया। थैंक्यू इंद्रेश जी।

आजकल मुस्लिम भाइयों में कुछ ऐसे लोग खड़े कर दिये हैं जो अब देश में सेकुलर लोगों को ऐसे फर्जिया-सर्जिया पोर्टलों से धर्म निरपेक्ष नेताओं के खिलाफ मुस्लिम भाईयों में भ्रम पैदा करें। लेकिन याद रखिये काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती है। भाजपा व आरएसएस ने दो बार झूठ बोलकर हमको हरा भले ही दिया है, मगर हम गांधी-नेहरू के बताये हुये रास्ते से कभी विच. लित नहीं होंगे। आप किराये के किसी पोर्टल से मुस्लिम भाइयों में

### युद्धविराम का निर्णय किस स्तर पर हुआ?

**देहरादून।** हरीश रावत ने वायुसेना अध्यक्ष के हालिया बयान पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि वायुसेना प्रमुख ने खुलासा किया कि पाकिस्तान के पांच फाइटर जेट और एक बड़ा विमान (एफ16) मार गिराया गया, मगर यह जानकारी न तो संसद में आई और न ही प्रधानमंत्री व रक्षा मंत्री ने इसका जिक्र किया। रावत ने सवाल किया कि युद्धविराम का निर्णय केवल डीजीएमओ स्तर पर नहीं हो सकता, तो फिर किस उच्च स्तर पर पाकिस्तान के अनुरोध को स्वीकार किया गया? उन्होंने कहा, वायुसेना अध्यक्ष के बयान से सिद्ध होता है कि विपक्ष के सवाल सही थे और आज भी प्रासंगिक हैं।

# जनता को न राहुल गांधी और न ही कांग्रेस का भरोसाः चौहान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने प्रदेश कांग्रेस द्वारा नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी की प्रेस को टीवी स्क्रीन पर प्रदर्शित करने को नौटंकी बताते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद अब कांग्रेस को जनता की अदालत मे भी जाना है और उसे सभी सवालों का जवाब मिल जायेगा। सच्चाई यह है कि राहुल गाँधी या कांग्रेस पर जनता का भरोसा नही है।



चौहान ने कहा कि निर्वाचन आयोग एक संवैधानिक संस्था है और जब उस पर आरोप लगते हैं तो जिम्मेदारी यह अधिक होती है कि शिकायतकर्ता पुष्ट प्रमाण सामने रखें। निर्वाचन आयोग द्वारा तथ्य मांगे जाने पर भी अहंकार में डूबे कांग्रेस नेता मुंह जुबानी तीर चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह भी एक निश्चित रणनीति का हिस्सा है कि जिन राज्यों मे कांग्रेस जीतती आयी है, वहाँ पर जीत के पट्टाखे फोड़ते कांग्रेसी दिखते हैं और निर्वाचन आयोग की कोई प्रशंसा नही होती, लेकिन जिन राज्यों मे कांग्रेस को हार मिलती है वहाँ कांग्रेस नेता प्रेस काँफ्रेंस के लिए पहुँच जाते हैं। हिमाचल और छत्तीसगढ़ इसके उदाहरण हैं। उन्होंने इसे कांग्रेस का दोहरा चरित्र बताया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र मे कांग्रेस के 28 बूथ लेबल एजेंट थे और वह फर्जी मतदान नही पकड़ पाए। हालांकि अदालत से भी आरोपों को खारिज कर दिया गया है। चौहान ने कहा कि कांग्रेस बुनियादी हकीकत से आँखे चुरा रही है। सच्चाई यह है कि कांग्रेस देश भर मे अपनी जमीन खो रही है और अपने अस्तित्व को बचाने के लिए दुष्प्रचार का सहारा ले रही है। वोट चुराने का आरोप लगाने वाली कांग्रेस बौखला गयी है और सैन्य बलों की कार्यवाही पर भी सवाल उठा रही है। पहले सर्जिकल स्ट्राइक के सुबूत मांगने और फिर ऑप्रेशन सिंदूर को एंटीइंकम्बेसि से जोड़कर कांग्रेस नेता देश की छवि को किस मोड पर ले जा रही है यह समझा जा सकता है।

# वोट चोरीः कांग्रेस चलाएगी पूरे प्रदेश में जन जागरण अभियान

## प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में राहुल गांधी की प्रेस को बड़े स्क्रीन पर किया गया प्रदर्शित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की और से कर्नाटका सेंट्रल की लोकसभा सीट की एक विधानसभा की वोटर लिस्ट में लोकसभा चुनाव में की गई भरी हेरा-फेरी के में सघन जांच के बाद जो देश के सामने लाइव प्रेस करके खुलासा किया उसको रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा, पूर्व अध्यक्ष व पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव व मंगलौर के विधायक काजी निजाम. ुद्दीन, विधायक ममता राकेश, विधायक फुरकान अहमद, विधायक रवि बहादुर, पूर्व विधायक जोत सिंह गुंसोला, प्रदेश कोषाध्यक्ष आयरेंद्र शर्मा सहित अनेक प्रदेश पदाधिकारी व पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के सामने बड़े स्क्रीन पर दिखाया गया।



### देश जवाब चाहता हैः कांग्रेस

कांग्रेस नेता ने कहा कि वोट चोरी के 5 प्रकार हमने निकाले जिसके बारे में चुनाव आयोग से हमारे पांच सवाल हैं जिसका जवाब हम और पूरा देश जानना चाहता है। 1. विपक्ष को डिजिटल वोटर लिस्ट क्यों नहीं मिल रही? क्या छिपा रहे हो? 2. सीसीटीवी और वीडियो सबूत मिटाए जा रहे हैं- क्यों? किसके कहने पर? 3. फर्जी वोटिंग और वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की गई- क्यों? 4. विपक्षी नेताओं को धमकाना, डराना- क्यों? 5. साफ-साफ बताओ- क्या चुनाव आयोग अब भाजपा का एजेंट बन चुका है।

राहुल गांधी का दावा है कि बेंगलुरु सेंट्रल लोकसभा कांग्रेस केवल 32 हजार वोटों से हारी, एक विधानसभा महादेवपुरा में भाजपा को एक लाख चौदह हजार वोटों की बढ़त मिली। महादेवपुरा विधानसभा से भाजपा को 1.14 लाख की लीड मिली, जबकि पूरे लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस सिर्फ 32,000 वोट से हारी। राहुल गांधी ने कहा कि भारत का लो. कतंत्र बेशकीमती है-इसकी चोरी का अंजाम बहुत भयानक होगा। इस अवसर पर कार्यक्रम के कॉर्डिनेटर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि शीघ्र ही प्रदेश के हर जनपद में और सभी विकास खंड स्तर पर राहुल गांधी की और से भारत के लो. कतंत्र को बचाने के लिए शुरू किए गए इस अभियान को पहुंचाया जाएगा जिससे देश की जनता का भरोसा भारतीय लोकतांत्रिक और चुनावों पर अडिग रहे।

इस अवसर पर प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला, कांग्रेस कमेटी के महामंत्री नवीन जोशी, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष डॉक्टर जसविंदर सिंह गोगी, प्रदेश अनुसूचित जाति विभाग अध्यक्ष मदन लाल, प्रदेश प्रवक्ता सुजाता पॉल, प्रदेश प्रवक्ता गिरिराज किशोर हिंदवाण, शीशपाल सिंह बिष्ट, प्रदेश बुद्धि जीवी प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉक्टर प्रदीप जोशी, प्रदेश श्रम विभाग अध्यक्ष दिनेश कौशल, पार्षद मुकीम अहमद आदि मौजूद थे।

# मुख्य आरोपी को15 घंटो के अंदर पकड़ने में कामयाब हुई पथरी पुलिस

## दुष्कर्म करने के बाद किशोरी को मारने की नीयत से फेंका था छत से नीचे

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** क्षेत्र में एक किशोर और उसके दो साथियों ने 14 साल की किशोरी से शनिवार को गैंगरेप किया था। परिजनों का आरोप है कि पकड़े जाने के डर से तीनों ने किशोरी को छत से नीचे फेंक दिया था। गंभीर रूप से घायल पीड़िता को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, आरोपियों और किशोरी के अलग-अलग समुदाय के होने के कारण मामले ने तूल पकड़ लिया। तनाव को देखते हुए गांव में भारी पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। पुलिस ने देर रात आरोपियों पर गैंगरेप का मुकदमा दर्ज कर एक मुख्यआरोपी को 15 घंटो के अंदर ही पथरी रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया है। वही, हालात नाजुक देख चिकित्सकों ने किशोरी को हायर सेंटर रेफर कर दिया है। पुलिस किशोरी के बयान व मेडिकल के लिये हायर सेंटर पहुची है।

पुलिस के अनुसार घटना शनिवार की है परिजनों ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि किशोरी को गांव का ही एक किशोर बहला-फुसलाकर अपने साथ बाइक पर खेतों में बने कमरे में ले गया। वहां पहले से उसके दो साथी मौजूद थे। आरोप है कि तीनों ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। किशोरी को बाइक पर ले जाते हुए कुछ लोगों ने देख लिया था। इस पर लोगों ने मकान पर जाकर गेट खोलने के लिए कहा तो आरोपियों ने किशोरी को छत पर ले जाकर पीछे खेत में फेंक दिया और वहां से फरार हो गए। ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस तत्काल फोर्स के साथ मौके पर पहुची ओर घायल किशोरी को जिलाअस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया। पुलिस ने परिजनों की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर दुष्कर्म व जान से मारने की नीयत से मकान से फेकने की सम्बंधित धाराओं में तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। ग्रामीणों को मुकदमे का पता नही चला तो उन्होंने चौकी पर पहुचकर हंगामा कर दिया जिसके बाद एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने उन्हें समझा बुझाकर शांत कराया और तत्काल कार्रवाई का आश्वासन दिया। पुलिस ने आश्वसन के आधार पर ही 15 घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वही, किशोरी के बयान व मेडिकल के लिये पुलिस की एक टीम हायर सेंटर पहुची है। बताया जा रहा है कि छत से नीचे फेकने के बाद किशोरी की रीड की हड्डी फेक्चर हो गई है जिसका एम्स ऋषिकेश में उपचार चल रहा है। पकड़े गए आरोपी के दो अन्य साथ अभी फरार है जिनकी तलाश में पुलिस सम्भावित ठिकानों पर दबिश देने में लगी है।

पथरी थाना प्रभारी मनोज नौटियाल ने बताया कि किशोरी अस्पताल में भर्ती है और उसका मेडिकल कराया जा रहा है। साथ ही तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इनमें से मुख्य आरोपी अरविंद 19 वर्ष पुत्र शुशील निवासी धनपुरा को गिरफ्तार कर लिया है अन्य दो साथियों को पकड़ने के लिये टीम सम्भावित ठिकानों पर दबिश देने में लगी है।




### नेताओ का भी लगा तांता

**पथरी।** घटना की जानकारी मिलने के बाद पीड़ित परिवार से मिलने के लिये विधायक, भीम आर्मी नेता व अन्य दलों के कई नेता पहुचे लेकिन पीड़ित परिवार से उनकी मुलाकात नही हो सकी। परिवार के लोग किशोरी के साथ हायर सेंटर पहुचे हुए है। भीम आर्मी प्रदेश अध्यक्ष ने 24 घटे में गिरफ्तारी नही होने पर दिया थाना घेरने की चेतावनी पथरी, घटना की जानकारी मिलने के बाद भीम आर्मी प्रदेश अध्यक्ष महक सिंह अपने समर्थकों के साथ पीड़ित परिवार से मिलने उनके घर पहुचे। उन्होंने पीड़ित परिवार को न्याय का भरोसा दिलाते हुए कहा कि हम उनके साथ है और हर सम्भव उनकी मदद करेंगे। उनके बाद उन्होंने फेरुपुर पुलिस चौकी पहुच एसओ पथरी से मुलाकात कर घटना के बारे में जानकारी जुटाई ओर दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस ने उन्हें 24 घंटो में गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है। महक सिंह ने बताया अगर 24 घंटो में आरोपियों की गिरफ्तारी नही होती है तो वह 25 वे घंटे में अपने समर्थकों के साथ थाने पहुंचकर थाने का घेराव करेंगे।

### किशोरी के परिजनों से मिले

**पथरी।** किशोरी के साथ हुए गैंगरेप की घटना की जानकारी मिलने के बाद पीड़ित परिवार से मिलने का शिलशिला जारी है रविवार को विधायक अनुपमा रावत, भीम आर्मी प्रदेश अध्यक्ष महक सिंह, नय्यर काजमी प्रदेश अध्यक्ष एमआईएम, मुहम्मद एजाज, तंजीम निजामी जिला सचिव, साकिब मालिक कार्यालय प्रभारी, जुल्फिकार संगठन मंत्री, आवेश विधान सभा अध्यक्ष, मुन्तजिर विधानसभा अध्यक्ष, मुस्तफा अन्सारी, गुलशन अन्सारी, प्रवेज सुल्तान चौयरमेन नगर पंचायत रामपुर, पूर्व प्रधान मोहम्मद हारून, हेमा भंडारी राष्ट्रीय महासचिव जन अधिकार पार्टी जनशक्ति, उर्मिला रावत, मोहम्मद सावेद, फैजान अंसारी वरिष्ठ समाजसेवी, मोहम्मद खालिद, तौसीफ अली आदि ने पीड़ित परिवार से मिलकर कार्रवाई का भरोषा दिलाया।

### अलग-अलग पक्षों से जुड़े हैं आरोपी और किशोरी

**पथरी।** अलग-अलग पक्षों से जुड़े हैं आरोपी और किशोरी पथरी। किशोरी व किशोर अलग अलग पक्षों से जुड़े हैं। इसको लेकर गांव में तनातनी का माहौल बन गया है। गांव में लोग मंडलियां लगाकर घटना का जिक्र करते नजर आ रहे हैं। ऐसे में पुलिस भी कोई कसर बाकी नही छोड़ रही है। गांव का माहौल खराब न हो इसके लिये पुलिस लोगों से शांति बनाए रखने की अपील कर रही है। साथ ही गांव में एक प्लाटून पीएसी को तैनात कर दिया है। एसपी देहात व सीओ लकसर भी गांव में गश्त कर फेरुपुर पुलिस चौकी पर डेरा डाले हुए है।

### एसओ पथरी की सूझबूझ से बड़ा बबाल टला

**पथरी।** घटना को लेकर गांव में छाया आक्रोश की भनक लगते ही एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने परिजनों की तहरीर पर तत्काल कार्रवाई करते हुए किशोरी को उपचार के लिये एम्बुलेंस से अस्पताल में भर्ती करा दिया। एसओ की इस कार्रवाई का लोगो को पता नही चला और वह चौकी पर इकतन्त्र हो गए और हंगामा करने लगे एसओ ने जब उन्हें बताया कि उनकी तहरीर पर कार्रवाई करते हुए मामले





# पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में झगड़ा, आधा दर्जन घायल



शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** क्षेत्र के गांव घिससुपुरा में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षो में हुई मारपीट में दोनों पक्षो के लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गये सूचना पर पहुची पुलिस ने घयलो को मेडिकल के लिए जिला अस्पताल भेजा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पुलिस के अनुसार गांव घिससुपुरा में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया जिसमें दोनों पक्षों के लगभग आधा दर्जन महिलाए व पुरूष घायल हो गए। जिनको पुलिस ने जिला अस्पताल उपचार के लिए भेजा है। बताया जा रहा है। दोनों पक्षों में पुरानी रंजिश चली आ रही थी जिसको लेकर शनिवार को एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के युवक को अकेला देख कर उस पर हमला कर दिया जिससे युवक लहूलुहान व्यवस्था में घर पहुचा जिसको देख कर दोनों पक्षों में लाठी डंडों व धारदार हथियार लेकर एक दूसरे से भिड़ गए जिसमे आधा दर्जन महिलाए व पुरूष घायल हो गए। घयलो को पुलिस ने जिला अस्पताल भिजवाया है। एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया दो पक्षों में झगड़ा हो गया जिसमें लगभग आधा दर्जन लोग घायल है सभी को जिला अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया है। अभी किसी पक्ष की ओर से तहरीर नही आई है तहरीर आने पर जांच कर कारवाही की जाएगी

## कोर यूनिवर्सिटी में पढ़ाई करने वाले छात्र ने फांसी लगाकर दी जान

**बहादराबाद।** थाना क्षेत्र की कोर यूनिवर्सिटी में पढ़ाई करने वाले एक छात्र ने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी होते ही कॉलेज ओर प्रशासन में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छात्र के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया और साथ ही परिजनों को भी सूचना दे दी। जानकारी के अनुसार बिहार राज्य की रहने वाला 19 वर्षीय सुमित हरिद्वार दिल्ली नेशनल हाईवे के समीप यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में रहकर बीटेक द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रहा था। रविवार की सुबह सुमित का शव यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में पंखे से लटका हुआ मिला।

# जन अधिकार पार्टी जनशक्ति ने की धनपुरा कांड के आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलाने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जन अधिकार पार्टी जनशक्ति की राष्ट्रीय महासचिव हेमा भण्डारी ने कार्यकर्ताओं के साथ धनपुरा गैंग रेप की नाबालिग पीड़िता के परिवार से मिली और सरकार से आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलाकर निष्पक्षता का परिचय देने की मांग की।

हेमा भण्डारी ने बताया कि पीड़िता के परिजनों ने जानकारी दी है पीड़िता की रीढ़ की हड्डी टूट गयी है। ऋषिकेश एम्स में उसका उपचार चल रहा है। हेमा भण्डारी ने कहा कि तीनो आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो पार्टी थाने का घेराव कर प्रदर्शन करेंगी।



उन्होने कहा कि लड़की का जीवन खराब करने वाले तीनो आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलाकर सरकार को निष्पक्षता का परिचय देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जन अधिकार पार्टी जनशक्ति हर बेटी के साथ है और बुलंद तरीके से उनकी आवाज उठाएगी। धनपुरा प्रकरण के तीनों आरोपियों को फांसी की सजा दी जाए। पाटी पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी। हेमा भंडारी ने बताया कि एसपी देहात ने आश्वासन दिया है कि मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी हो गई है। शेष आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जायेगा। पीड़िता के परिजनों से मिलने वालों में उर्मिला रावत, खालिद हसन, मोहम्मद सावेद, फैजान, वरिष्ठ समाजसेवी मोहम्मद खालिद, तौसीफ अली सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

# घर से सामान चोरी करने के आरोपियों को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो शातिरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किया गया सामान और घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल बरामद की है। आरोपी नशे के आदि हैं और नशे की जरूरतों को पूरा करने के लिए चोरी की घटना को अंजाम दिया था। आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी कई मुकदमें दर्ज हैं। रामधाम कालोनी गली नं.2 निवासी सुवालाल खैरवा ने रानीपुर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर उनके घर से मोबाइल फोन, की पैड फोन, गैस सिलेंडर व बिजली के तार के चार बंडल चोरी करने लिए जाने के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज व मुखबिर की सूचना पर कुछ ही घंटों में शिवालिक नगर पल्टूराम चौक से देवनगर जाने वाले मार्ग पर चेकिंग के दौरान बाइक सवार विकास उर्फ डीके व राजू कुमार पुत्र सुग्गन चंद निवासी ग्राम कसियारा थाना चरथावल जिला मुजफ्फरनगर यूपी हाल निवासी देवनगर कालोनी सिडकुल को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किया गया सामान बरामद कर लिया। पूछताछ में आरोपियो ने बताया कि नशे की लत को पूरा को पूरा करने के लिए उन्होंने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ थाना सिडकुल व रानीपुर कोतवाली में चोरी के कई मुकदमें दर्ज हैं।



पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी, गैस प्लांट चौकी प्रभारी एसआई विकास रावत, हेडकांस्टेबल गोपीचंद, प्रदीप अतवाड़िया, कांस्टेबल कुंवर राणा शामिल रहे।

## उत्तराखंड किसान मोर्चा ने किया स्मार्ट मीटर का विरोध

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** उत्तराखंड किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी गुलशन रोड ने देहात क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाए जाने का कड़ा विरोध करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है। प्रेस क्बल में पत्रकारों से वार्ता करते हुए गुलशन रोड़ ने कहा कि देहात क्षेत्र में स्मार्ट मीटर नहीं लगने चाहिए। किसान आर्थिक रूप से कमजोर है। स्मार्ट मीटर लगने से किसान की परेशानी और बढ़ जाएगी। किसानों का हित देखते हुए सरकार को इस योजना को वापस लेना चाहिए। साथ ही उ.प्र.की तर्ज पर उत्तराखंड में भी टयूबवेल की लिए बिजली मुफ्त दी जाए और सिक्योरिटी चार्ज के नाम पर बिजली विभाग की लूट बंद करायी जाए। प्रेसवार्ता में धर्मेंद्र चौधरी, अक्षय चौधरी, सुखदेव सिंह, राजपाल सिंह, सतवीर यादव, जॉनी कुमार आदि मौजूद रहे।

## झोलाछाप डॉक्टर की दुकान में नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म करने का किया प्रयास

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** क्षेत्र के एक गांव में एक किशोरी से छोला छाप डॉक्टर की दुकान में एक युवक ने दुष्कर्म करने का प्रयास किया है। किशोरी के परिजनो पर गांव के ही रहने वाले कुछ लोग फैसले का दबाव बनाने में लगे है। मामला सुर्खियों में बना हुआ है। परिजनों ने मामले में डॉक्टर व एक युवक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घटना रविवार दोपहर 12 बजे की बताई जा रही है। जब किशोरी एक डॉक्टर से दवाई लेने गई थी। डॉक्टर की दुकान में पहले से बैठे गांव के ही रहने वाले एक युवक ने उसे दुकान के अंदर पकड़ लिया और डॉक्टर दुकान के दरवाजे को बाहर से बंद कर कही चला गया। आरोप है कि उसके बाद युवक ने किशोरी के साथ अश्लील हरकत करते हुए दुष्कर्म करने का प्रयास किया। किशोरी जब घर नही पहुची तो उसके परिजन उसकी तलाश में डॉक्टर की दुकान पर पहुचे तो युवक किशोरी को अकेली छोड़कर भाग निकाला। किशोरी ने पूरी घटना अपने परिजनों को सुनाई तो वह आग भबुला हो गए और मामले में कार्रवाई के लिये पुलिस चौकी पहुचने लगे। कार्रवाई के डर से आरोपी युवक के परिजनों व कुछ ग्रामीणों ने उन्हें गांव में ही रोक लिया और फैसले का दबाव बनाने में लगें है। मामला सुर्खियों में आ गया और किसी ने मामले की सूचना पुलिस को लग गई जिसके बाद किशोरी के परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया तहरीर आई है मामले की जांच कर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# आपदाग्रस्त क्षेत्रों में सुविधाओं को बहाल कराने पर मुख्यमंत्री धामी के कार्य सराहनीय : हरविंदर

## हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण का पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद के नेतृत्व में हुआ भव्य स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** वेद मंदिर आश्रम पहुंचे हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंदर कल्याण का पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद के नेतृत्व में उनका भव्य स्वागत किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और विकास की नीतियों को आमजन तक पहुंचाने के साथ आपदा के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मैदान में उतरकर सुविधाओं को बहाल करने पर सराहना की।

रविवार को हरिद्वार में निजी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण वेद मंदिर आश्रम पहुंचे। जहां पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद ने उनका फूलों का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने उनका मालाएं पहनाकर स्वागत किया। विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने देश के साथ भाजपा शासित प्रदेशों में चल रहे विकास कार्यों को बताया। उन्होंने कहा कि आज देश में हर वर्ग और हर क्षेत्र को आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने उत्तराखंड में आपदा के साथ विषम परिस्थितियों में जन जीवन को व्यवस्थित करने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ सरकारी मशीनरी की सराहना की। पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के द्वारा चलाए जा रहे उपक्रमों के साथ जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में समान नागरिकता, नकल विरोधी कानून, सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त, आपदा में तत्काल राहत कार्य चलाए जाने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में फिलहाल जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख के चुनाव की प्रक्रिया चल रही हैं।



इस मौके पर हरियाणा से समर कल्याण, महेंद्र कैमला, पवन, संजय खैंची, प्रोफेसर बलवंत सिंह, सुरेंद्र कुमार, महेंद्र सरपंच, संजय त्यागी, पवन लंबरदार, नरेंद्र, हरिओम, सुल्तान सिंह दरोगा, हरिद्वार ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विवेक चौहान, चेयरमैन राजीव शर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अमित चौहान, चेयरमैन सुशील राठी, आदेश सैनी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बालम सिंह नेगी, धर्मेंद्र प्रधान, बृजमोहन पोखरियाल, सतविंदर सिंह, शुभम सैनी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष विक्रम भुल्लर आदि शामिल हुए।

**राजकीय प्राथमिक विद्यालय नं. 3, ज्वालापुर, विकास खण्ड बहादराबाद (हरिद्वार)**

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा0प्रा0वि0 नं0-3, ज्वालापुर, विकास खण्ड बहादराबाद (हरिद्वार) में एक गिरा हुआ आम का पेड़ 2 क्षतिग्रस्त बकैन व शहतूत के पेड़ों की नीलामी दिनांक 18-08-2025 को प्रात: 10 बजे होनी तय हुई है। नीलामी की शर्तें व पेड़ों को विद्यालय में किसी भी कार्यदिवस में आकर देख सकते है।

**प्रधानाध्यापिका,**
रा0प्रा0वि0 नं0-3, ज्वालापुर,
वि0ख0 बहादराबाद, हरिद्वार।

## स्वामी कैलाशानंद के शिष्यों और भक्तों ने खेली गंगा से फूलों की होली

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी की विशेष शिव साधना संपन्न होने पर उनके शिष्यों और भक्तों ने मां गंगा से फूलों की होली खेली। श्रावण पूर्णिमा पर स्वामी कैलाशानंद गिरी के श्री दक्षिण काली मंदिर घाट पर महादेव शिव का जलाभिषेक और गंगा पूजन कर साधना का समापन करने पर उनके शिष्यों और भक्तों ने ढोल नगाड़ों की थाप पर मां गंगा के साथ जमकर फूलों से होली खेली और आशीर्वाद लिया। स्वामी कैलाशानंद गिरी ने कहा कि तप और साधना से ही भगवान शिव और शक्ति की कृपा प्राप्त होती है। भगवान शिव की कृपा से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि पाश्चात्य संस्कृति का परित्याग कर सनातन धर्म संस्कृति को अपनाएं। अपनी ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग करते हुए राष्ट्र की प्रगति में योगदान करें। महामंडलेश्वर स्वामी हरिचेतनानंद, महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी ने कहा कि भगवान शिव और माता पार्वती ही संसार की परम् शक्ति हैं। जिस भक्त पर शिव शक्ति की कृपा हो जाती है। उसका जीवन भवसागर से पार हो जाता है। इस अवसर पर स्वामी अवंतिकानंद ब्रह्मचारी, स्वामी ज्योर्तिमयानंद स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि, स्वामी दिनेश दास, स्वामी आनन्द स्वरूप, स्वामी कमलेशानंद सहित कई संत महंत व श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।

## संत समाज ने दी महायोगी पायलट बाबा को श्रद्धांजलि

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जूना अखाड़े के ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर महायोगी पायलट बाबा की प्रथम पुण्य तिथी पर सभी तेरह अखाड़ों के संत महापुरूषों और श्रद्धालु भक्तों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके दिखाए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। जगजीतपुर स्थित पायलट बाबा आश्रम में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह की अध्यक्षता करते हुए जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी ने कहा कि राष्ट्र की एकता अखंडता और देश को एकता के सूत्र में बांधने में संत महापुरूषों की हमेशा अहम भूमिका रही है। ब्रह्मलीन पायलट बाबा ने योग और अध्यात्म के माध्यम से जिस प्रकार समाज का मार्गदर्शन किया। वह सदैव स्मरणीय रहेगा। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि ब्रह्मलीन पायलट बाबा ने पूरे विश्व में योग और सनातन धर्म संस्कृति के प्रचार प्रसार में निर्णायक भूमिका निभायी। उनके जीवन से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि अखाड़ों आश्रमों में भाई भतीजावाद कतई स्वीकार नहीं किया जाएगा। भाई भतीजावाद करते हुए परिवारजनों को धार्मिक संपत्ति सौंपने वाले संतों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी ने भी इसका समर्थन किया और कहा कि इस संबंध में जल्द ही कमेटी का गठन कर कार्रवाई की रूपरेखा तय की जाएगी। पायलट बाबा आश्रम की अध्यक्ष और पायलट बाबा की शिष्या महामंडलेश्वर केको आईकावा ने कहा कि पूज्य गुरूदेव ने सेवा का जो मार्ग दिखाया है। उस का अनुसरण करते हुए आश्रम के विभिन्न प्रकल्पों के माध्यम से योग, अध्यात्म और धर्म जागरण का कार्य निरंतर जारी रहेगा। ब्रह्मलीन पायलट बाबा की शिष्या साध्वी श्रद्धा गिरी एवं साध्वी चेतना गिरी ने सभी संत महापुरूषों का स्वागत किया और आभार जताया। श्रद्धांजलि समारोह का संचालन महंत देवानंद सरस्वती ने किया। इस अवसर पर किन्नर अखाड़े की आचार्य लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी, महंत राघवेंद्र दास, स्वामी गर्व गिरी, महंत केदारपुरी, महंत गोविंददास, महंत महेश पुरी, स्वामी शैलेष गिरी, महंत शिवशंकर गिरी, महामंडलेश्वर साध्वी राधा गिरी, महंत राम गिरी, महंत संजय गिरी, स्वामी चिदविलासानंद, महंत जसविन्दर सिंह, महंत सूर्यांश मुनि, महंत गंगादास, स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि, डा.दुष्यंत चौहान, अनिल कुमार, अनुज वालिया सहित अनेक संत महंत, गणमान्य व्यक्ति और बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।

## आदि शक्ति भगवती की पूजा 24 अगस्त से

**बागेश्वर।** कपकोट नगर पंचायत के ऐठाण वार्ड में 24 अगस्त से शुरू होने वाली आदि शक्ति भगवती माता की पूजा की तैयारी शुरू हो गई है। शुभारंभ के प्रात: महिलाएं गाजे बाजे के साथ पारंपरिक परिधान पहनकर पतित पावनी सरयू नदी का जल भरकर भव्य कलश यात्रा निकालेंगी। बैठक में अनुष्ठान को भव्य और दिव्य बनाने के लिए लोगों को जिम्मेदारी सौंपी गई। सरस्वती शिशु मंदिर भराड़ी में किशन सिंह ऐठानी की अध्यक्षता और दीवान सिंह ऐठानी के संचालन में ऐठान, बमसेरा, रिखानी, पाली हिचौड़ी, भयूँ, भराड़ी, खाईबगड़ और भानी के ग्रामीणों की भगवती पूजा की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। बैठक में तय किया गया कि पूजा 24 अगस्त को मां के भक्तों के सरयू स्नान और महिलाओं की कलश यात्रा के साथ शुरू होगी। यात्रा जाजर होते हुए ऐठान मंदिर तक पहुंचेगी। ऐठानी वंशजों के यहां पेठी, कफली कमेड़ा गांव से देव डांगर 27 अगस्त के अपराह्न भराड़ी बाजार पहुंचेंगे। स्वागत के बाद उनकी गाजे बाजे के साथ बमसेरा, ऐठान और रिखाड़ी होते हुए मंदिर तक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। मंदिर पहुंचने पर देव डांगर ग्रामीणों को आशीर्वाद देंगे। रात्रि जागरण के दूसरे दिन मंदिर में दिनभर पूजा और महा भंडारा होगा। इस दौरान भजन कीर्तन और पारंपरिक चांचरी के गीतों का गायन होगा। सभी से पूजा को भव्य बनाने के लिए अभी से जुटने को कहा गया।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
सिटी कार्यालय दैनिक
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कमरा न. 103, द्वितीय तल, भगवती कॉम्पलेक्स, रानीपुर मोड, हरिद्वार
**ब्यूरो चीफ/जिला प्रभारी**
**डी. एस. वर्मा**
मो.: 9411100741

एक नजर .......

## लडकियों को अपने जाल में फंसाने वाला गिरफ्तार



**सेलाकुई।** ऑपरेशन कालनेमी के तहत सेलाकुई पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए पहचान छिपाकर लड़कियों को अपने जाल में फसाने वाले जम्मू कश्मीर निवासी एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर 172 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की। सूचना के आधार पर सेलाकुई पुलिस ने एक व्यक्ति इफराज अहमद लोलू पुत्र इकबाल, निवासी अनंतनाग जम्मू हाल डीबीएस कॉलेज सेलाकुई देहरादून, जो अपनी पहचान व धर्म छिपाकर स्वयं को बहुत अमीर बताते लड़कियों को अपने प्रेम जाल में फंसा रहा था, को ऑपरेशन कालनेमि के तहत हिरासत में लिया गया था। जिसके विरुद्ध धारा 172 बीएनएसएस के तहत वैधानिक कार्यवाही करते हुए छोड़ा गया था। छूटने के बाद आरोपी के पुनः उक्त कृत्य में संलिप्त होने तथा अभियुक्त की पत्नी श्रीमति नाजरीन निवासी शेरपुर थाना सहसपुर देहरादून द्वारा दी गयी लिखित तहरीर, जिसमे उसके द्वारा अभियुक्त पर अपना धर्म छिपाकर राज आहूजा के नाम से युवतियों को अपनी पहचान बताने तथा खुद को दिल्ली का निवासी बताते हुए अपनी अमीरी का झूठा झांसा देकर अपने प्रेमजाल में फसाने के सम्बंध तथ्य अंकित किये गए थे,के आधार पर दिनांक- आरोपी इफराज अहमद लोलू के विरुद्ध थाना सेलाकुई पर धारा 319/319(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया, जिसमे पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को पुनः पुलिस हिरासत मे लिया गया।

## शोधकर्ता डा. बादाम सिंह को मिली पीएचडी की उपाधि

**विकासनगर।** पछुवादून के एक लॉ कॉलेज में तैनात प्राध्यापक को कोविड-19 का विद्यार्थियों पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन विषय पर शोध करने के लिए पीएचडी की उपाधि मिली है। अपने शोध में उन्होंने 1200 छात्र-छात्राओं को मानक मानकर रिपोर्ट तैयार की। शोधकर्ता डॉ. बादाम सिंह गंगवार ने यह शोध पीके विश्वविद्यालय शिवपुरी-मध्य प्रदेश के समाजशास्त्र विभाग की प्रो. महालक्ष्मी जौहरी के निर्देशन में पूरा किया। शोध में कोविड-19 के दौरान लगे लॉकडाउन से बच्चों की शिक्षा पर अध्ययन किया गया। इस आधार पर निष्कर्ष निकला कि 75.8 प्रतिशत बच्चों के स्कूल में ऑनलाइन शिक्षण की व्यवस्था नहीं थी। इस दौरान उनकी पढ़ाई ठप रही। 67.5 फीसदी विद्यार्थियों ने माना कि ऑनलाइन शिक्षण प्रणाली स्कूल में जाकर पढ़ने से बेहतर नहीं थी। इसका असर उनकी पढ़ाई पर रहा। वहीं 79.1 प्रतिशत विद्यार्थियों के माता-पिता के पास महामारी के दौरान आय सृजन का जरिया नहीं था। इसका प्रभाव उनकी पढ़ाई के साथ मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ा। बरेली जनपद के संदर्भ में किए शोध में उन्होंने कोविड-19 जैसी परिस्थितियों के दौरान बच्चों की पढ़ाई को सुचारु रखने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी संरचना को विकसित करने और गुणवत्तापरक स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने पर जोर दिया।

# दुष्कर्म : नाबालिग के मामले में महिला आयोग सख्त

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** हरिद्वार जनपद के धनपुरा पथरी में बीते दिवस 9 अगस्त को तीन युवकों के अपनी ही गांव की नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के मामले में उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने स्वतः संज्ञान लिया है। मामले में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार प्रमेन्द्र डोभाल से फोन पर वार्ता कर आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए है।

मामले में एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि दो आरोपी फरार हैं। आयोग की अध्यक्ष ने बाकी दो आरोपियों की जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए।

■ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने लिया स्वतः संज्ञान,नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के मामले में सभी आरोपियों को मिले कड़ी सजा, पीड़िता को मिले बेहतर से बेहतर उपचार : कुसुम कण्डवाल



एसएसपी डोभाल ने बताया कि पुलिस टीमों ने रविवार को मुख्य आरोपी अरविन्द को 15 घंटे के भीतर रेलवे स्टेशन पथरी से गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमें रवाना की गई हैं।

एसएसपी डोभाल ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य आरोपी अरविंद नाबालिग को जानता था, उसने उसे बहला फुसला कर उसके साथ दुष्कर्म किया और फिर बाद में दो लड़कों को बुला लिया। दो और लड़कों ने उसके साथ अश्लील हरकत व बदतमीजी की है। मुख्य आरोपी का पीड़ित नाबालिग के साथ दुष्कर्म का मामला स्पष्ट हो गया है। बाद में वो उसे छत पर ले गए थे, जहां बदतमीजी के दौरान पीड़ित नाबालिग छत से नीचे गिर गयी। जिस कारण उसके गंभीर चोट लगी है।

नाबालिग पीड़िता एम्स में एडमिट है। नाबालिग का मेडिकल हो गया है। जिसमें दुष्कर्म की पुष्टि हुई है। पीड़िता के 164 के बयान सोमवार को होंगे।आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने मामले में गंभीरता से कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं तथा पीड़िता को बेहतर उपचार के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर कोई भी आरोपी बख्शा नही जाना चाहिए।

## शूटिंग में आयुषी ने बढ़ाया ऋषिकेश का मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ऋषिकेश।** तीर्थनगरी ऋषिकेश की बेटी आयुषी नेगी ने राज्य स्तरीय शूटिंग चौंपियनशिप में गोल्ड मेडल हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया है। यह प्रतियोगिता देहरादून में जसपाल राणा शूटिंग रेंज पौंधा में आयोजित हुई, जिसमें प्रदेशभर से विभिन्न श्रेणियों में करीब 150 शूटर प्रतिभाग करने पहुंचे थे।

आयुषी के पिता ताजेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि आयुषी ऋषिकेश में रेड फोर्ड इंटरनेशनल स्कूल की ओर से प्रतियोगिता में प्रतिभाग को गई थी। देहरादून स्थित जसपाल राणा शूटिंग रेंज पौंधा में आयोजित 20वीं उत्तराखंड स्टेट इंटर स्कूल एंड कॉलेज शूटिंग चौंपियनशिप 2025 का आयोजन में बेटी ने प्रतिभाग



किया था। बताया कि आयुषी ने 10 मीटर में सही निशाना साधते हुए प्रतियोगिता को अपने नाम किया है। आयुषी ने गोल्ड मेडल हासिल किया, जबकि सारंग चौहान ने सिल्वर मेडल हासिल किया है। बताया कि चौपिंयनशिप के परिणाम रविवार को घोषित किये गए हैं। वहीं, आयुषी की कामयाबी पर कोच सूरज चौहान ने भी खुशी जताई है।

# रुद्रप्रयाग जवाड़ी बाईपास को खुलने में लगेगा एक सप्ताह का समय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ हाईवे को जोड़ने वाले रुद्रप्रयाग जवाड़ी बाईपास पर पहाड़ी का बहुत बड़ा हिस्सा ढहने से राजमार्ग पूरी तरीके से बंद हो गया है। साथ ही हाईवे के लगभग 100 मीटर हिस्से का मलबे के बीच कुछ पता नहीं चल पा रहा है। हाईवे पर मलबा इतना अधिक गिरा हुआ है कि हाईवे को खुलने में एक सप्ताह का समय लग सकता है। वहीं हाईवे पर पहाड़ी टूटने से वन सम्पदा को भारी नुकसान पहुंचा है, जबकि आस-पास के क्षेत्र में भी दहशत का माहौल बन गया है।

आपदा के बाद से पूरे गढ़वाल क्षेत्र में डर का माहौल बन गया है। बीते शनिवार की सांय को केदारनाथ हाईवे को जोड़ने वाले रुद्रप्रयाग जवाड़ी बाईपास में पहाड़ी का एक बहुत बड़ा हिस्सा ढहकर राजमार्ग पर आ गिरा, जिस कारण राजमार्ग का 100 मीटर मलबे और बोल्डर से पट गया है और राजमार्ग बंद हो गया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से लोगों को सीधे धराली की याद आ गई। पहाड़ी टूटने से कई टन मलबा और बोल्डर राजमार्ग पर आया है, जिससे राजमार्ग को भारी नुकसान पहुंचने के साथ ही वन सम्पदा भी भारी मात्रा में नष्ट हो गई है। जवाड़ी बाईपास पर पहाड़ी से भारी भूस्खलन होने से हजारों टन मलबा हाईवे पर गिरा हुआ है, जिसे साफ करने में एक सप्ताह का समय लग सकता है। दोनों छोरो से हाईवे से मलबा साफ करने का कार्य शुरू हो गया है। फिलहाल ट्रेफिक का संचालन रुद्रप्रयाग मुख्य बाजार से हो रहा है। हाईवे का 100 मीटर से अधिक हिसा पूरी तरह मलबे में दबा हुआ है, जिस तरह से भूस्खलन हुआ है, उससे यही अंदाजा लगाया जा रहा है कि हाईवे को भारी नुकसान पहुंचा है। पुलिस उपाधीक्षक प्रबोध घिल्डियाल ने कहा कि केदारनाथ धाम की ओर जाने वाले जवाड़ी बाईपास मार्ग पर पहाड़ी दरकने से मार्ग पूर्ण रूप से यातायात को लेकर अवरुद्ध है। मार्ग खोलने के लिए दोनों छोर से जेसीबी लगी है। यहां पर मार्ग यातायात के लिए सुचारु होने तक तिलवाड़ा, अगस्त्यमुनि, ऊखीमठ व केदारघाटी के लिए वाहनों का आवागमन कस्बा रुद्रप्रयाग से बेलनी पुल होते हुए संचालित कराया जा रहा है। बद्रीनाथ और केदारनाथ जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग यातायात के लिए खुले हुए हैं। उन्होंने बताया कि मलबे और बोल्डर को साफ करने के लिए मशीने जुटी हुई हैं। तेजी के साथ कार्य किया जा रहा है। एनएच विभाग को जल्द से जल्द राजमार्ग खोलने के निर्देश दिए गए हैं।

## मंदाकिनी-अलकनंदा नदियों में फेंका जा रहा मलबा: देवराघवेन्द्र

**रुद्रप्रयाग।** लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के चलते जहां जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, वहीं प्रकृति को भी भारी नुकसान पहुंच रहा है। राजमार्गों पर पहाड़ी दरकने से भारी मात्रा में मलबा गिर रहा है, जो विभाग की मशीने उठाकर सीधे मंदाकिनी-अलकनंदा नदियों में फेंका जा रहा है, जिससे जलीय जीव जन्तुओं को भी हानि पहुंच रही है।



इसके अलावा ग्रामीण लिंक मार्गों का मलबा भी गाड़-गदेरों में फेंका जा रहा है, जो भविष्य के लिए बहुत ही ज्यादा खतरनाक साबित हो सकता है। पर्यावरण विशेषज्ञ देवराघवेन्द्र बद्री ने कहा कि अंधाधुंध निर्माण कार्यों के चलते आज प्रकृति ने अपना रूप दिखाना शुरू कर दिया है, बावजूद इसके मानव चेतने को तैयार नहीं है। बद्रीनाथ और केदारनाथ राजमार्ग के जगह-जगह पहाड़ी दरक रही हैं और ये मलबा सीधे नदियों में फेंका जा रहा है। ऐसे में जहां पर्यावरण को बहुत बड़ा नुकसान पहुंच रहा है, वहीं नदी में पाये जाने वाले जीव-जन्तुओं का अस्तित्व समाप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर पहाड़ी क्षेत्रों का विनाश किया जा रहा है। सुनियोजित तरीके से विकास कार्य नहीं किए जा रहे हैं, जिससे आपदाएं आ रही हैं और पहाड़ी खिसक रही हैं। इन घटनाओं से बेकसूर लोग आकस्मिक मौत का शिकार हो रहे हैं।

# छात्राओं ने राज्यपाल के साथ मनाया रक्षाबंधन का पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** सेपियंस स्कूल की छात्राओं द्वारा भाई बहन का पर्व रक्षाबंधन 'उत्तराखण्ड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह तथा उनकी धर्म पत्नी गुरमीत कौर' के साथ राजभवन देहरादून में मनाया गया।

अध्यापिका अलका कपिल तथा बीना शर्मा के नेतृत्व में दस छात्राओं ने राज्यपाल को सप्रेम राखी भेंट की। राज्यपाल द्वारा भी सभी छात्राओं को मिष्ठान तथा उपहार प्रदान किए गए तथा रक्षा सूत्र बंधवाकर उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की मंगलकामनाएं दीं।

इस अवसर पर राज्यपाल ने सभी बहनों का आभार व्यक्त करते हुए



रक्षाबंधन को प्रेम, विश्वास और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक बताया। राज्यपाल ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए अपना आशीर्वाद दिया। उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे त्यौहार हमें अपने संबंधों की पवित्रता और समाज में एक-दूसरे के प्रति जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा देते हैं।

राज्यपाल ने कहा कि यह पर्व भाई-बहन के पवित्र रिश्ते, अटूट स्नेह और विश्वास का प्रतीक है, जो पारिवारिक बंधनों को और मजबूत करता है तथा समाज में प्रेम, सौहार्द और आपसी भाईचारे की भावना को गहरा बनाता है। इस भव्य आयोजन पर सेपियंस विद्यालय प्रबंधक रविकांत सपरा, रशिता सपरा, स्कूल निदेशिका रश्मि गोयल, प्रधानाचार्य नवीन तनेजा, हरबर्टपुर प्रधानाचार्या गीता नेगी, नंदी बिष्ट, अश्वनी कुमार, सुमालती उनियाल ने राज्यपाल का आभार प्रकट किया।

## जौनसार के राकेश जोशी को मिलेगा राज्य स्तरीय सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** जौनसार-बावर क्षेत्र के बिरमोऊ गांव के होनहार सहायक कृषि अधिकारी राकेश जोशी को राज्य स्तरीय सम्पूर्णता अभियान में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें 13 अगस्त को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय स्थित मुख्य सेवा सदन में प्रदान किया जाएगा।

कृषि विभाग ने राकेश जोशी का चयन उनकी उस सक्रिय भूमिका के लिए किया है, जिसके तहत उन्होंने राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे किसानों की आय में वृद्धि, कृषि यंत्र, बीज, खाद, दवाइयों की उपलब्धता और



किसान सम्मान निधि को गांव-गांव तक पहुंचाया। साथ ही समय-समय पर गोष्ठियों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से उन्होंने किसानों को योजनाओं के प्रति जागरूक कर, उनका लाभ दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कृषि क्षेत्र में उनकी निष्ठा और उत्कृष्ट कार्यशैली न केवल विभाग के लिए प्रेरणा है, बल्कि यह सम्मान पूरे जौनसार क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

## ब्लाक प्रमुख चुनाव को शांतिपूर्वक संपंन कराने को तैयारी पूरी

**विकासनगर।** ज्येष्ठ उप प्रमुख पद के लिए एक नामांकन पत्र और कनिष्ठ उप प्रमुख पद के लिए दो अलग-अलग प्रत्याशियों ने दो नामांकन पत्र खरीदे। पछुवादून के चार ब्लॉकों में प्रमुख के निर्वाचन प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन और चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए बंदोबस्त किए गए हैं।

आज सभी ब्लॉक मुख्यालयों पर एआरओ के समक्ष पूर्वाह्न 11 से तीन बजे तक नामांकन दाखिल किए जा सकते हैं। नामांकन दाखिल होने तक नामांकन पत्रों की बिक्री की जाएगी। एक प्रत्याशी अधिकतम चार सेट में नामांकन पत्र दाखिल कर सकता है। तीन बजे बाद नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। मंगलवार को नाम वापसी होगी। 14 अग्रस्त को ब्लॉक मुख्यालय पर पूर्वाह्न 11 से तीन बजे तक मतदान होगा। इसके बाद मतगणना होगी। बुधवार को ब्लॉकों से नामांकन पत्रों की बिक्री की गई। सामान्य वर्ग के लिए छह हजार रुपये जमानत धनराशि अनारक्षित वर्ग के ब्लॉक प्रमुख उम्मीदवारों को नामांकन के साथ छह हजार रुपए जमानत धनराशि के रूप में जमा करनी होगी। अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और महिला उम्मीदवारों के लिए जमानत धनराशि तीन हजार रुपये है। ज्येष्ठ उप प्रमुख व कनिष्ठ उप प्रमुख के अनारक्षित उम्मीदवारों की जमानत राशि 45 सौ रुपये है। आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों की जमानत राशि 2250 रुपये है।नामांकन पत्र पर उम्मीदवार, उसके प्रस्तावक और अनुमोदक के हस्ताक्षर या निशानी अंगूठा अनिवार्य है।

# संस्कृत केवल भाषा नहीं, यह जीवन जीने की कला: शिवानंद गिरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** राज्य की द्वितीय राजभाषा संस्कृत के प्रचार-प्रसार एवं सार्वभौमिकरण के उद्देश्य से प्रदेश के 12 जनपदों में एक-एक गांव को संस्कृत ग्राम घोषित किया गया। रविवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इन संस्कृत ग्रामों का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। जनपद के अंतर्गत जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी माधवाश्रम महाराज की जन्मस्थली ग्राम बेंजी को भी संस्कृत ग्राम घोषित किया गया।

भव्य समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर ग्रामीणों ने मंगलाचरण कर देवताओं का आह्वान स्तवन प्रस्तुत किया। तक्षशिला पब्लिक स्कूल चाका सिल्ली की छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत, जबकि राजकीय प्राथमिक विद्यालय, गंगतल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने संस्कृत वार्ता से उपस्थित जनमानस को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी ने कहा कि संस्कृत के प्रचार-प्रसार को लेकर प्रदेश सरकार ठोस कदम उठा रही है।

भाजपा नेता अनूप सेमवाल ने कहा "आज बेंजी गांव का संस्कृत ग्राम के रूप में उद्घाटन केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है। कोटेश्वर



मंदिर महंत शिवानंद गिरी ने कहा "संस्कृत केवल भाषा नहीं, यह जीवन जीने की कला है। इसकी सीख से समाज में आध्यात्मिकता, नैतिकता और एकता का विकास होता है। संघ प्रचारक पंकज ने बताया कि "संस्कृत में हमारी संपूर्ण सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर समाई हुई है। इसका संरक्षण राष्ट्रधर्म है। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अरूणा बेंजवाल ने बताया कि बेंजी गांव ने हमेशा से समाज को संस्कृति और शिक्षा में दिशा दी है, संस्कृत ग्राम की उपाधि इस गौरव को और बढ़ाएगी। शिक्षाविद चंद्रशेखर बेंजवाल ने कहा संस्कृत में हमारे ज्ञान का भंडार सुरक्षित है, इसे पढ़ना और सिखाना हमारी जिम्मेदारी है। आचार्य उमेश भट्ट, मयकोटी ने कहा संस्कृत ग्राम बनने से बच्चों और युवाओं को भाषा सीखने का अनुकूल माहौल मिलेगा।

आचार्य मनोज नौटियाल, बसुकेदार ने कहा "संस्कृत हमारी राष्ट्रीय एकता की भाषा है, इसकी शिक्षा से समाज में समरसता आती है।" आचार्य वासुदेव सेमवाल ने कहा संस्कृत से हमें अपनी जड़ों की पहचान होती है। यह भाषा हमें आत्मगौरव देती है। आचार्य त्रिलोकेश्वर बेंजवाल ने बताया कि बेंजी गांव का योगदान सदैव ऐतिहासिक रहा है। कार्यक्रम का संचालन संयोजक आचार्य जगदंबा बेंजवाल ने किया। संस्कृत शिक्षक आचार्य प्रवीण प्रकाश बेंजवाल ने स्थानीय स्तर पर संस्कृत प्रसार के प्रयासों की जानकारी दी।


इस अवसर पर ग्राम प्रधान डांगी गुनाऊ आलोक रौतेला, पूर्व प्रधान भट्ट गांव संतोष भट्ट, तक्षशिला पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य ओमप्रकाश बेंजवाल, सुनीता पुरोहित, राजकीय प्राथमिक विद्यालय गंगतल की प्रधानाध्यापिका सत्येश्वरी राणा, कनिष्ठ प्रमुख रमेश बेंजवाल, वेणीराम प्रसाद गोस्वामी, जगदंबा गोस्वामी, रमेश चंद्र गोस्वामी, आलोक गोस्वामी, दीपराम गोस्वामी, सर्वेश्वर बेंजवाल, वीरेंद्र दत्त बेंजवाल, सत्यप्रकाश बेंजवाल, शिवप्रसाद, जयदत्त बेंजवाल, नीलकंठ बेंजवाल, सुभाष चंद्र, अनिल बेंजवाल, सावित्री देवी, राजेश्वरी देवी, सुमेधा देवी , कैलाश बेंजवाल, तनमय, विश्वनाथ बेंजवाल, अरविंद बेंजवाल, संदीप बेंजवाल, प्रियधर बेंजवाल, चंद्रप्रकाश बेंजवाल, अरविंद बेंजवाल सहित अन्य मौजूद थे।

## आरएसएस के स्वयंसेवक धराली में पहुंचा रहे राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** जिले के धराली -हर्षिल आपदा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने राहत पहुंचाने में मदद के हाथ बढ़ाया है। विभाग संघचालक एवं सीमा जागरण मंच के प्रदेश अध्यक्ष गुलाब सिंह नेगी ने बताया कि समाज है आराध्य हमारा, सेवा है आराधना का मंत्र लेकर स्वयंसेवक निःस्वार्थ सेवा भाव से

आपदा के तुरंत बाद बिना किसी सरकारी आदेश या व्यक्तिगत स्वार्थ के राहत स्थल पर पहुँच गए। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों ने राहत कार्य में अनुशासन और संगठन का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया,



जिससे कार्य व्यवस्थित और तेजी से हुआ।उन्होंने कहा कि मदद केवल अपने परिचितों या किसी एक समुदाय तक सीमित नहीं रही, बल्कि हर जरूरतमंद तक पहुँचे।

उन्होंने बताया कि सेना, एनडीआरफ और एसडीआरएफ , पुलिस प्रशासन के द्वारा भी सराहनीय कार्य किया जा रहा है ।

इस मौके पर विभाग संघचालक गुलाब सिंह नेगी ,

चतर सिंह जिला संयोजक दैवीक आपदा, डॉ जगदीश सिंह चौहान जिला विद्यार्थी प्रमुख, अनूप भंडारी जिला प्रचार प्रमुख, हरेंद्र सिंह राणा ,अभिषेक राणा, उत्तम ,जितेंद्र ,जयप्रकाश ,मनवीर , नत्थी,ओमेंद्र आदि लोग उपस्थित रहे।

## भारत चीन सीमा को जोड़ने वाला गंगोत्री हाईवे का वैली ब्रिज हुआ तैयार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी** ।गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर लिम्चागाड़ में आपदा से क्षतिग्रस्त पुल के स्थान पर वैली ब्रिज का निर्माण कार्य रविवार को पूरा कर लिया गया है। जिससे गंगोत्री हाईवे का सोनगाड तक सड़क संपर्क बहाल हो गया।

बता दें कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा आपदा के तुरंत बाद मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव तथा पुनर्निर्माण कार्यों को युद्धस्तर पर संचालित करने के निर्देश दिए गए थे। मुख्यमंत्री निरंतर इन कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री की निगरानी व निर्देशन में राज्य व केंद्र सरकार के अनेक विभागों व एजेंसियों द्वारा रेस्क्यू एवं राहत अभियान बेहतर समन्वय और पूरी तेजी के साथ संचालित किया जा रहा है। सामरिक दृष्टि दृष्टि से अति महत्वपूर्ण उत्तराखंड के उत्तरकाशी जनपद में भारत चीन सीमा कोध जोड़ने वाला गंगोत्री हाईवे पर 6 दिनों बाद लिम्चा गाड़ का वैली ब्रिज आज तैयार हो गया है। बता दें कि पांच अगस्त को धराली (उत्तरकाशी) में आई आपदा से चिम्चागाड़ 30 मीटर लम्बा पुल बह जाने और कई स्थानों पर गंगोत्री हाईवे वाश आउट होने से पूरे घाटी की कनेक्टिविटी



अवरूद्ध होने से आवागमन पूर्ण रूप से बाधित हो गया था। इसके बाद यहाँ वैली ब्रिज बनाने के लिए युद्ध स्तर पर काम किया जा रहा था। पिछले तीन दिनों से एसडीआरएफ, सेना, पुलिस ने बीआरओ के साथ रात- दिन युद्धस्तर से लिम्चागाड़ पर वैली ब्रिज निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है जिससे देर सायं वैली ब्रिज बनकर तैयार कर लिया है ।

बता दें कि इस पुल का सामरिक महत्व के साथ गंगोत्री धाम को जोड़ने वाला अति महत्वपूर्ण पुल है।बीआरओ मार्ग बंद पड़े हाईवे खोलने में जुटा है। इस हाइवे से ही भारत चीन सीमा पर सेना की चौकियों में रसद की सप्प्लाई करती है। वहीं गंगोत्री धाम को भी जोड़ती है।गौरतलब है कि धराली - हर्षिल में चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन में लिम्चागाड़ वैली ब्रिज तैयार होने से गति मिलेगी। पिछले 6 दिनों दिनों से आपदा प्रभावित क्षेत्रों में आवागमन पूरी तरह से बंद पड़ा है केवल हैली सेवा से आवाजाही हो पा रही है। अब वैली ब्रिज तैयार होने से बंद पड़ा आगे गंगोत्री हाईवे को भी गति मिलेगी वहीं भारी भरकम मशीनरी को पहुंचाने में मदद मिलेगी।

# पाबौ ब्लॉक प्रमुख चुनाव में कांग्रेस की दीवार ढही

## 8 और सदस्य भाजपा के पाले में, लता रावत की जीत पक्की

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून/पौड़ी।** पाबौ ब्लॉक प्रमुख चुनाव में कांग्रेस को करारा झटका देते हुए आज आठ क्षेत्र पंचायत सदस्य भाजपा प्रत्याशी लता रावत के समर्थन में आ गए। इनमें से सात सदस्य कांग्रेस छोड़ सीधे भाजपा में शामिल हो गए, जबकि एक सदस्य ने बाहर से समर्थन की घोषणा की।

ब्लॉक में कुल 27 क्षेत्र पंचायत सदस्य हैं, जिनमें से 18 सदस्य पहले ही भाजपा ब्लॉक प्रमुख प्रत्याशी के साथ थे। अब आठ और सदस्यों के जुड़ने से भाजपा का आंकड़ा प्रचंड बहुमत में पहुँच गया है और लता रावत की जीत सुनिश्चित हो गय़ा है। सबसे बड़ा राजनीतिक झटका कांग्रेस को तब लगा जब कांग्रेस के मंडल अध्यक्ष व कोटली क्षेत्र पंचायत सदस्य सुधीर रावत ने भी आज भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली।



**भाजपा में आज शामिल हुए सदस्यः** सुधीर रावत (कोटली, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष), सोहन सिंह (जतखोली), सुनील सिंह (बुरांसी), गजेंद्र सिंह (सिमतोली)

नरेश सिंह (पटौटी), कृष्ण चंद्र (कालौं), जीत सिंह (फलदवाडी)

इसके अलावा सिमखेत क्षेत्र पंचायत सदस्य कमलेश ने बाहर से समर्थन देने की घोषणा की। कार्यक्रम क्षेत्रीय विधायक एवं उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के आवास पर हुआ, जहां पौड़ी भाजपा जिलाध्यक्ष कमल किशोर और कैबिनेट मंत्री डॉ. रावत ने फूलमालाओं से स्वागत कर सभी का भाजपा परिवार में जोरदार अभिनंदन किया। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख रजनी रावत मंडल अध्यक्ष पाबौ विमल मंडल अध्यक्ष खिरसू मीना गैरोला, जिला पंचायत सदस्य भारत रावत ,वरिष्ठ भाजपा नेता मातवर सिंह रावत, हेमंत सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष खिरसू रमेश मानदरवाल एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# अनुसूइया उनियाल बने उत्तराखंड गौ सांसद प्रभारी



■ मुंबई के बोरीवली के कोरा केंद्र मैदान में आयोजित हुई गौ संसद,प्रदेश की सभी 70 विधानसभाओं में बनेंगे गौ विधायक, गौ माता-राष्ट्र माता अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** टिहरी के उनियाल गांव निवासी अनुसूइया प्रसाद उनियाल को उत्तराखंड गौ सांसद प्रभारी बनाया गया है। मुंबई के बोरीवली स्थित कोरा केंद्र मैदान में आयोजित गौ संसद में उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। वह प्रदेश में गौ माता-राष्ट्र माता अभियान को आगे बढ़ाएंगे।

उन्होंने बताया कि प्रदेश की सभी 70 विधानसभा सीटों पर 70 गौ विधायक और मतदाता बनाए जाएंगे। पूरे देश में 33 करोड़ गौ मतदाता बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके माध्यम से देशभर में गौ माता को राष्ट्र माता बनाने के अभियान को आगे बढ़ाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में छोटे ट्रैक्टरों की बिक्री को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार सब्सिडी दे रही है। लेकिन सरकारों को इसके साथ ही पारंपरिक खेती में इस्तेमाल होने वाले बैलों के पालन को भी प्रोत्साहित करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि बहुत छोटी जोत वाले किसान आज भी खेती के लिए बैलों पर निर्भर हैं। बैल पालन को प्रोत्साहन मिलने से जहां उनके जीवन की रक्षा हो सकेगी, वहीं गौ वंश संरक्षण भी होगा। उन्होंने बताया कि इसक7ो लेकर गौ संसद में प्रस्ताव पारित कर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र भी भेजा गया है।

# न अंगुली न बाल, खुलासे पर उठाए सवाल

## तंत्र-मंत्र में हत्या का आरोप: परिवार ने तीन घंटे तक नहीं दफनाया शव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पुलिस के खुलासे पर सवाल उठे हैं। अमित मौर्या के परि. जनों का कहना है कि अमित की हत्या तंत्र-मंत्र के चक्कर में की गयी है न कि दुष्कर्म छुपाने के लिए। पोस्टमार्टम से अमित का शव मिलने के बाद भी परिजनों ने अमित का अंतिम संस्कार नहीं किया और पुलिस पर सवालों की बौछार कर डाली। इतना ही नहीं लोगों का पारा तब और सातवें आसमान पर चढ़ गया जब अमित के शव को परिजनों ने देखा और पाया कि अमित के सिर पर न तो बाल थे और न ही हाथ की अंगु. लियां। हालांकि पुलिस के आला अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर मामले का समाधान किया। जिसके बाद अमित के शव को दफनाया गया। बता दें कि बीती 4 अगस्त को पश्चिमी खेड़ा गौलापार निवासी अमित मौर्या (10) पुत्र खूबकरन मौर्या की उसी के पड़ोसी निखिल जोशी ने हत्या कर दी थी। उसने पहले अमित का गला घोंटा और फिर सिर, हाथ को धड़ से अलग कर दिया। परिजन पहले ही दिन से तंत्र-मंत्र के चक्कर में अमित की हत्या किए जाने का आरोप लगा रहे थे। सिर व हाथ बरामद करने के बाद शनिवार को अमित के शव को पोस्टमार्टम किया गया।





रविवार को शव परिजनों को सुपुर्द किया गया। दोपहर परिजन अमित के शव को दफनाने के लिए राजपुरा स्थित मुक्ति धाम पहुंचे। यहां जैसे ही अमित के शव से कफन उठाया गया तो लोगों का दिल दहल उठा। अमित के सिर पर बाल और हाथ की दो अंगुलियां गायब थीं। यह देख अमित के पिता खूबकरन ने पुलिस के खुलासे को कटघरे में खड़ा कर दिया। उनका कहना था कि सिर पर बाल न होना यह बताता है कि अमित की हत्या तंत्र-मंत्र के चक्कर में की गई न कि दुष्कर्म को छिपाने के लिए। उन्होंने आरोप लगाया कि इस हत्याकांड में निखिल के साथ उसका परिवार शामिल है। कहा आखिर दुष्कर्म की बात को छिपाने के लिए कोई क्यों किसी के सिर और हाथ को धड़ से अलग कर करेगा? क्यों कटे हुए हाथ से अंगुलियां अलग करेगा और क्यों सिर के बाल निकालेगा? उन्होंने पुलिस पर भी आरोप लगाया और कहा, पुलिस आरोपियों की बचाने की कोशिश कर रही है और इसकी वजह उनका गरीब होना और आरोपियों का पहुंच वाला होना है।

### पिता ने उठाई सीबीआई जांच की मांग

**हल्द्वानी।** अमित के पिता ने पुलिस के खुलासे पर असंतोष जताते हुए सीबीआई जांच की मांग की है। अमित की हत्या को एक हफ्ता गुजर चुका है। अमित का धड़ तो दूसरे ही दिन बरामद कर लिया गया था, लेकिन सिर और हाथ को बरामद करने में वक्त लग गया। जिसके बाद पुलिस ने घटना का खुलासा किया। हत्यारोपी निखिल को तो पकड़ लिया, लेकिन उस हथियार की तलाश अब भी है, जिससे शव के टुकड़े किए गए। खूबकरन ने बताया कि वह बेटे के शव को पहले बरेली ले जाना चाहते थे, लेकिन बाद में यहीं अंतिम संस्कार का फैसला किया। पोस्टमार्टम हाउस से वह शव को गौलापार स्थित घर ले गए और फिर अंतिम संस्कार के लिए राजपुरा पहुंचे।

### कफन खंगाला तो अंगुलियां मिलीं

**हल्द्वानी।** अमित के शव के साथ अंगुलियां न मिलने पर हंगामा खड़ा हो गया। आक्रोश की वजह से तीन घंटे तक अमित का शव दफनाया नहीं जा सका। इधर, सूचना मिलते ही कोतवाल राजेश कुमार यादव मौके पर पहुंच गए। कुछ देर बाद सीओ नितिन लोहनी भी पहुंचे। परिजनों ने शव में अंगुली न होने का आरोप लगाया। जिसके बाद पोस्टमार्टम से उस व्यक्ति को बुलाया गया, जिसने शव के साथ कटी अंगुलियां रखी थीं। वह मौके पर पहुंची और जब कफन खंगाला तो अंगुलियां मिल गईं। जिसके बाद सीओ ने परिजनों को भरोसा दिलाया कि पुलिस निष्पक्ष कार्रवाई करेगी। जिसके बाद परिजनों का गुस्सा कुछ कम हुआ।

# अध्यक्ष के लिए कांग्रेस ने पुष्पा नेगी पर दांव खेला

## जिला पंचायत: भाजपा की दीपा दरम्वाल से होगा मुकाबला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नैनीताल जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए भाजपा ने जहां देवलचौड़ बंदोबस्ती से जिला पंचायत सदस्य दीपा दरम्वाल को मैदान में उतरा है, वहीं कांग्रेस ने रामगढ़ से जिला पंचायत सदस्य चुनी गई पुष्पा नेगी पर दांव चला है। 14 अगस्त को होने वाले जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज हो गयी है। इसके साथ ही साम, दाम, दंड भेद की राजनीति भी चरम पर पहुंच गई है। कांग्रेस ने दावा किया है कि कांग्रेस के पास पर्याप्त संख्या बल है और उनकी जीत निश्चित है। रविवार को नैनीताल रोड स्थित एक होटल में प्रेस वार्ता करते हुए नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और विधायक सुमित हृदयेश ने जिला पंचायत उम्मीदवार की घोषणा की। जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए रामगढ़ से जिला पंचायत सदस्य पुष्पा नेगी को उम्मीदवार बनाया है, जबकि जिला पंचायत उपाध्यक्ष पद के लिए देवकी बिष्ट का नाम फाइनल किया है। बता दे कि ज्योलिकोट खुर्पाताल जिला पंचायत सीट से सदस्य देवकी बिष्ट निवर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया की बड़ी बहन है, जिसे कांग्रेस ने उपाध्यक्ष पद पर अधिकृत किया है। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने आरोप लगाया कि सत्ताधारी दल धनबल और बाहुबल के माध्यम से चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने की को. शिश कर रहा है। भाजपा लोकतंत्र की मर्यादाओं को ताक पर रखकर जिला पंचायत अध्यक्ष पद को किसी भी हाल में हथियाना चाहती है, लेकिन कांग्रेस इसका डटकर मुकाबला करेगी। कांग्रेस नेताओं ने आशंका जताई कि मतदान के दिन भाजपा सत्ता का दुरुपयोग कर गड़बड़ी कराने की कोशिश कर सकती है। कहा कि मतदान के दिन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूरी पार्टी नैनीताल में मौजूद रहेगी ताकि चुनाव की निष्पक्षता सुनिश्चित की जा सके और किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि को रोका जा सके। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि जनमत कांग्रेस के साथ है और जनता के फैसले का सम्मान करते हुए निष्पक्ष चुनाव होना चाहिए। लेकिन पूरा प्रशासन, पुलिस एजेंट के रूप में काम कर रही है। पूर्व विधायक संजीव आर्य ने प्रशासन से अपील की कि वह निष्पक्ष भूमिका निभाए और किसी भी प्रकार के दबाव में आकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बाधित न होने दे। वार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष राहुल छिम्वाल, पूर्व अध्यक्ष सतीश नैनवाल सहित कांग्रेस नेता मौजूद रहे।



# दूध लेने गई महिला का शव नदी में मिला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भोर के समय घर से दूध लेने निकली महिला का संदिग्ध परिस्थितियों में महिला का शव नदी में पड़ा हुआ मिला। पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। खबर लिखे जाने तक परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं सौंपी गई। जानकारी क अनुसार लाखनमंडी चोरगलिया निवासी ममता पोखरिया (45) पत्नी राम दत्त पोखरिया अपने परिवार के साथ हल्द्वानी में रहती थी। परिजनों के अनुसार, ममता रोजाना सुबह 4.30 से 5 बजे के बीच घर से दूध लेने जाती थी। रविवार सुबह भी वह घर से निकली, लेकिन जब देर तक नहीं लौटी तो परिवार ने उसकी तलाश शुरू की। कुछ समय बाद, सुनारखेड़ा के पास स्थित नंधौर नदी में ममता का शव एक स्थानीय व्यक्ति ने देखा और पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराके शव परि. जनों को सौंप दिया। इधर चोरग. लिया थानाध्यक्ष राजेश जोशी ने बताया कि एक महिला का शव नदी से बरामद हुआ है फिलहाल परि. जनों की ओर से कोई तहरीर नहीं आई है। तहरीर आने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# कच्ची शराब तस्करी का आरोपी को गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** पुलिस ने कच्ची शराब की तस्करी करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, और उसके पास से 90 पाउच कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस के अनुसार, रविवार को एएसआई विजय सिंह राणा और उनकी टीम ने प्रतापपुर मोड़ से 200 मीटर आगे स्थित जंगल की पगडंडी पर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा। आरोपी के पास मौजूद प्लास्टिक कट्टे से शराब बरामद की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपनी पहचान जगदीश सिंह देवड़ी, मल्ला पच्चोनिया के निवासी के रूप में बताई। चोरगलिया थानाध्यक्ष राजेश जोशी के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# कोतवाल को हटाने की मांग, फूंका पुतला

## सामाजिक कार्यकर्ता से बदसलूकी का आरोप



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कोतवाल को हटाने की मांग को लेकर पहाड़ी आर्मी संगठन मुखर हो गया है। संगठन ने रविवार को एसडीएम कोर्ट के बाहर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कोतवाल का पुतला दहन किया। रविवार को पहाड़ी आर्मी के जिलाध्यक्ष मोहन कांडपाल के नेतृत्व में दर्जनों लोग एसडीएम कोर्ट के पास एकत्र हुए और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बीते 8 अगस्त को जब पहाड़ी आर्मी के संस्थापक अध्यक्ष हरीश रावत और उनके साथियों ने योगा ट्रेनर ज्योति मेर और मासूम अमित हत्याकांड के संबंध में एसएसपी से मुलाकात की थी। आरा. ेप है कि तभी कोतवाल राजेश यादव ने हरीश रावत और मृतका ज्योति के परिजनों के साथ अभद्र व्यवहार किया और उन्हें अपराधी की तरह कॉलर पकड़कर घसीटा। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है, जिससे लोगों में भारी आक्रोश है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पुलिस की यह गुंडागर्दी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाध्यक्ष मोहन कांडपाल ने कहा पुलिस का काम जनता की सुरक्षा करना है, न कि इस तरह से उनका अपमान करना। यह लड़ाई सिर्फ व्यक्तिगत सम्मान की नहीं, बल्कि जनता के अधिकारों की है। इस कृत्य से पहाड़ की अस्मिता को ठेस पहुंची है। उन्होंने मांग की है कि तत्काल कोतवाल को पद से हटाया जाए और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। संगठन ने चेताया कि अगर तीन दिन के भीतर शीघ्र ही कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन उग्र आंदोलन को बाध्य होगा। पुतला दहन करने वालों में राज. ेंद्र कांडपाल, हिमांशु शर्मा, दिनेश जोशी, कमलेश जेठी, विनोद नेगी, सतीश फुलारा, दीपा पांडे, गोकुल मेहरा, हिमांशु जोशी, मोहन कांडपाल, दीपक चंद गोस्वामी, कैलाश, विजय भंडारी, नवीन चंद तिवारी, पवन सिंह जाला, प्रेम मेर, मुन्नी देवी, गीता बिष्ट, रुचि भंडारी, हरेंद्र राणा, कल्पना चौहान, लोकेश कंवल, त्रिलोक सिंह मटियाली, धन सिंह आदि मौजूद रहे।

# 7 उम्मीदवारों ने 11 नामांकन पत्र खरीदे

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** कोटाबाग से ब्लॉक कार्यालय में ब्लॉक प्रमुख, ज्येष्ठ प्रमुख, कनिष्ठ प्रमुख पद के 7 उम्मीदवारों ने 11 नामांकन पत्र खरीदे। नामांकन पत्र कल 11 अगस्त सोमवार को दाखिल किए जाएंगे। वही 12 को नाम वापस किए जाएंगे। कालाढूंगी उपजिला. धिकारी परितोष वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया आज रविवार को कोटाबाग ब्लॉक प्रमुख पद के लिए रामपुर क्षेत्र पंचायत सदस्य मनीषा जंतवाल व गेबुआ से क्षेत्र पंचायत सदस्य चित्रा बिष्ट ने दो दो नामांकन पत्र खरीदे। वही ज्येष्ठ प्रमुख के लिए राहुल पंत, व गीता तिवारी, वही कनिष्क प्रमुख पद के लिए मनप्रीत कौर पन्नू, अपूर्वा बिष्ट, मिनिता जोशी ने नामांकन पत्र खरीदे नामांकन पत्र सोमवार को दाखिल किए जाएंगे वही 12 को नाम वापसी 14 अगस्त को भारी सुरक्षा के बीच चुनाव प्रकिया सुचारू की जाएगी। वहीं देर शाम को ही रिजल्ट भी घोषित किया जाएगा।

# सैलाब में कुछ ढूंढती रह जाएंगी आंखें...

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** साहित्य सृजन संस्था हल्द्वानी के तत्वावधान में अरुणोदय आनन्दी देवी रावत धर्मशाला में रविवार को कवियों एवं साहित्यकारों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. पीसी बाराकोटी, साहित्य सृजन की अध्यक्ष डा. पुष्पलता जोशी पुष्पांजलि, प्रो. बीना मथेला ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि प्रो. बाराकोटी ने सभी साहित्यकारों को बधाई देते हुए कहा कि साहित्यकार समाज की दशा व दिशा को उज्ज्वल बनाता है। संगीतकार डा. गुंजन जोशी ने सुमधुर स्वर में सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इस बीच तीन वरिष्ठ कवियों एवं साहित्यकारों भोपाल सिंह बिष्ट कलयुगी, अखिलेश शर्मा एवं कन्हैया लाल स्नेही को संस्था ने सम्मानित किया। इस अवसर पर आयोजित काव्य पाठ में अपनी रचना प्रस्तुत करते हुए भोपाल सिंह बिष्ट कलयुगी ने कहा जो तू है वही होना चाहूं मैं, डा. मंजू पाण्डे उदिता ने सुनाया सैलाब में कुछ ढूंढती रह जायेंगी आंखें, डा. पुष्पलता जोशी ने कहा लो आया फिर पंद्रह अगस्त दामन में फिर न लगे दाग, करुणा शंकर कांडपाल ने सुनाया खेलती कूदती जिन्दगी को बर्बाद कर गया, पूरन भट्ट नादां ने कहा मुस्कराहट की आड़ में उसने गमों को छुपाया होगा, विनायक जीवन जोशी ने ये तो शुरुआत है मानव तेरी बर्बादी का, डा. प्रदीप उपाध्याय ने सुनाया तू आलै मुख दिखालै त्यारा बाटै चौ रयीं, प्रो. बीना मथेला ने कहा खायी मैंने सीने में ही पीठ दिखाई आज भी न मां, अखिलेश कुमार ने कहा शब्द तो थोड़े घनेरे भाव मन में, त्रिवेन्द्र जोशी ने सुनाया कुछ-कुछ उनकी जैसी हूं मैं एक सैनिक की पत्नी हूं, युवा कवि धर्मेन्द्र ने सुनाया हंसते-हंसते फांसी का फंदा चूम रहे थे वे, कन्हैया लाल स्नेही ने कहा तुम मिलो आंसुओं को हंसी मिल गयी। कार्यक्रम का संच. ालन राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक बिपिन चंद्र पाण्डे ने किया। कार्यक्रम को स़ल बनाने में लतेश मोहन, कैलाश तिवारी, मधुसूदन लोहनी, लोकेश कुमार ने सहयोग दिया।



# अंडर 16 बालक वर्ग का ट्रायल 13-14 को

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के तत्वावधान में होने वाले अंडर 16 बालक वर्ग चयन प्रक्रिया के अंतर्गत अल्मोड़ा जिले के ट्रायल 13 एवं 14 अगस्त 2025 को जीएनजी क्रिकेट एरिना, हल्द्वानी में होना सुनिश्चित हुआ है। अंडर 16 के ट्रायल 13 एवं 14 अगस्त 2025 को हल्द्वानी में होंगे। ट्रायल हेतु रजिस्ट्रेशन फार्म 11 अगस्त से राधा स्पोर्ट्स, सदर बाजार, रानीखेत में उपलब्ध रहेंगे। पंजीकरण कराने के लिए खिलाड़ियों को जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 3 वर्ष के शैक्षिक प्रमाण पत्र, वर्तमान विद्यालय का बोनफ़ाईड प्रमाणपत्र, स्थाई निवास प्रमाणपत्र एवं फोटो लाना अनिवार्य है ।1 सितंबर 2009 के बाद एवं 31 अगस्त 2011 से पहले जन्मे खिलाड़ी ही अंडर 16 हेतु पंजीकरण करा सकते हैं। अल्मोड़ा के कार्यालय राधा स्पोर्ट्स, सदर बाजार, रानीखेत में सम्पर्क किया जा सकता है।

# पर्यावरण सुरक्षा के लिए अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रविवार को खालसा नेशनल बालिका इंटर कॉलेज हल्द्वानी के प्रांगण में आयोजित वृक्षारोपण महोत्सव में साथी संगठन के सदस्य और स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन पर्यावरण मित्र डाक्टर आशुतोष पंत ने किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति द्वारा लाए गए संकटों से बचने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। संगठन के सदस्य कॉलेज के प्रांगण में आम, अमरूद, पपीता, नींबू और आर्नामेंटल पौधों के 20 से अधिक पौधे रोपित किए। इस वृक्षारोपण कार्य में खालसा कॉलेज के उप प्रधानाचार्य डा. कल्पना जोशी और कॉलेज कोऑर्डिनेटर मोहित कांडपाल ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। संगठन की मातृ शक्ति नीमा जोशी, रमा रौतेला और आनंदी जौहरी ने मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में संगठन के संस्थापक अध्यक्ष आनंद सिंह, संरक्षक लीलाधर पांडे और अध्यक्ष आनंद सिंह भाकुनी द्वारा संगठन के नए सदस्य पूरन सिंह मेहरा, भुवन पाठक और मोहन चंद पांडे का स्वागत माला पहनाकर किया गया। इस दौरान लक्ष्मण सिंह गौनिया, आनंद सिंह रावत, वीरेंद्र सिंह भाकुनी, डीडी शर्मा, राजेंद्र बोरा, मोहन सिंह मेहरा, रमेश चंद्र कांडपाल, भुवन चंद्र जोशी, केके जोशी, सुरेंद्र सिंह बिष्ट और सचिन बल्दिया उपस्थित रहे।



# 'आदिम युग' की ओर धकेल रही सरकार

## लोकतंत्र व समानता के लिए बुद्ध पार्क में सत्याग्रह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बुद्ध पार्क हल्द्वानी में मानवाधिकार रक्षकों का एक दिवसीय सत्याग्रह सम्पन्न हुआ। यह सत्याग्रह मानवाधिकार रक्षक यतीश पंत के नेतृत्व में और बची सिंह बिष्ट के संचालन में आयोजित किया गया। सभा में यतीश पंत ने शासन और प्रशासन से अनुरोध किया कि वे मानवीय दृष्टिकोण से कार्य करें ताकि संविधान में दिए गए मानव अधिकारों और मूल अधिकारों की रक्षा हो सके। अम्बेडकर मिशन के जीआर टम्टा ने समतापूर्ण समाज की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि हम भारत के लोग की मूल अवधारणा को नुकसान पहुंचाने वाली कोशिशों को नाकाम करना जरूरी है। सीपीआईएमएल के कामरेड कैलाश पांडे ने कहा कि भारत के नागरिकों को सम्मानपूर्वक जीने और रोजगार प्राप्त करने का अधिकार छीनने वाली सत्ता को बेदखल करने का समय अब आ चुका है। भीम आर्मी के फैजल खान ने वर्तमान नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि क्या यह नीतियां लोगों को आगे बढ़ा रही हैं या फिर हमें आदिम युग की ओर धकेल रही हैं। उत्तराखंड सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष इस्लाम हुसैन ने गांधी जी के दृष्टिकोण का हवाला देते हुए कहा कि आज भी शोषणमुक्त और अहिंसक समाज की आवश्यकता है। वक्ताओं ने चिंता जताई कि वर्तमान समय में सत्ता का दुरुपयोग चिंताजनक है। सत्याग्रह में निर्णय लिया गया कि 15 अगस्त को विभिन्न नगरी संगठनों के लोग पुन: स्वतंत्रता के उत्सव के रूप में बुद्ध पार्क हल्द्वानी में एकत्र होंगे। सत्याग्रह में यतीश पंत, बची सिंह बिष्ट, राजेश कुमार, गुरविंदर गिल, नारायण सिंह, इस्लाम हुसैन, कैलाश पांडे, दिनेश उपाध्याय, कश्मीर सिंह, मोहन सिंह बिष्ट, मुकेश जोशी, राजीव टंडन, हरीश लोधी, नफीस अहमद, टीकाराम पांडे, भारत बौद्ध, जीआर टम्टा और महेश सहित 40 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।




**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# निशा, मुस्कान व कुंडू ने जीता सोना

● **पुरुषों के फाइनल में राहुल कुंडू ने उज्बेकिस्तान के मुक्केबाज को पछाड़ा, महिलाओं में निशा और मुस्कान जीती**



**बैंकॉक, वार्ता।** भारत की युवा महिला मुक्केबाजों ने महाद्वीपीय मुक्केबाजी में अपनी बढ़ती प्रतिभा को दर्शाया, जब निशा (54 किग्रा) और मुस्कान (57 किग्रा) ने रविवार को बैंकॉक, थाईलैंड में अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक जीता, जबकि पांच अन्य ने रजत पदक जीते।

पुरुषों के फाइनल में, राहुल कुंडू (75 किग्रा) ने उज्बेकिस्तान के दिग्गज मुहम्मदजोन याकूपबोवेक पर विभाजित निर्णय से जीत हासिल करके एक और स्वर्ण पदक जीता, जिससे भारत के पदकों की संख्या 14 हो गई, जिसमें तीन स्वर्ण, सात रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं। इसके अलावा, अंडर-19 स्पर्धा में भाग ले रही 10 महिला मुक्केबाजों में से नौ पदक जीतकर लौटेंगी। जिनमें दो स्वर्ण,पांच रजत और दो कांस्य पदक शामिल हैं। जो कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान और चीन जैसे देशों के साथ एक उभरती हुई शक्ति के रूप में भारत की स्थिति को प्रदर्शित करेंगे। अंडर-19 और अंडर-22 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप, जो एक साथ आयोजित की जा रही हैं, भारत के उभरते सितारों को एशिया के कुछ सबसे कठिन प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपने कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करने का एक मंच प्रदान करती हैं। भारत ने 40 मुक्केबाजों का एक मजबूत दल उतारा है। प्रत्येक आयु वर्ग में 20 - जिसमें सिद्ध चैंपियन और घरेलू सर्किट में प्रभावित करने वाली संभावित प्रतिभाओं का एक आदर्श मिश्रण है। निशा ने दिन के दूसरे मुकाबले में भारत के लिए स्वर्ण पदक का खाता खोला जब उन्होंने चीन की सिरुई यांग के खिलाफ तीसरे और अंतिम दौर में अपना दबदबा बनाते हुए 4:1 से जीत दर्ज की। मुस्कान ने इसके बाद भारत के लिए लगातार दो पदक जीते। उन्होंने आक्रामक रुख अपनाया और अगले राउंड में कज़ाकिस्तान की अयाज़ान एर्मेक को 3:2 से हराकर स्प्लिट डिसीजन हासिल किया। पुरुषों की स्पर्धा में, राहुल ने 75 किग्रा वर्ग में उज्बेकिस्तान के मुहम्मदजोन के खिलाफ 4:1 से जीत हासिल करते हुए अपना आत्मविश्वास बरकरार रखा। भारत ने अंडर-22 वर्ग में भी 13 पदक पक्के कर लिए हैं, जिसमें सोमवार को पांच मुक्केबाज स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। रविवार को स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाली अन्य भारतीय महिलाओं में, विनी को 60 किग्रा वर्ग के फाइनल में उज्बेकिस्तान की सेवारा मामातोवा से हार का सामना करना पड़ा, जबकि जापान की अलरदा अकिमोटो ने 65 किग्रा वर्ग के फाइनल मुकाबले में निशा को 4:1 से हराया।

# ऑस्ट्रेलिया 'ए' ने इंडिया 'ए' को किया क्लीन स्वीप

● **सियाना जिंजर ने चार विकेट लेकर नाबाद 17 रन भी बनाए**



**मकाय, वार्ता।** सियाना जिंजर (नाबाद 17 रन/ 4 विकेट) के शानदार आलराउंड प्रदर्शन के दम पर ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम ने रविवार को तीसरे अनौपचारिक टी-20 मुकाबले मे इंडिया ए को चार रन से हराकर सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप कर लिया। 145 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंडिया ए की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चार रन के स्कोर पर दिनेश वृंदा (चार) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी उमा छेत्री भी मात्र तीन रन बनाकर पवेलियन लौट गई। राघवी बिष्ट ने शेफाली वर्मा के साथ तीसरे विकेट के लिए 43 रन जोड़े। आठवें ओवर में सियाना जिंजर ने शेफाली वर्मा को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। शेफाली वर्मा ने 25 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए (41) रन बनाये। इसके बाद जीत की ओर बढ़ रही इंडिया ए को सियाना जिंजर ने राघवी बिष्ट को स्टंप आउट कराकर चौथा झटका दिया। राघवी बिष्ट ने 25 गेंदों मे दो चौकों की मदद से 25 रन बनाये। मिन्नू मनी 29 गेंदों में (30) के रनआउट होने के बाद ऑस्ट्रेलिया ए ने मैच पर अपनी पकड़ बना ली। इसके बाद इंडिया ए का कोई बल्लेबाज ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे नहीं टिक सका। कप्तान राधा यादव (नौ), तनुजा कंवर (एक) और सजीवन सजना (तीन) रन बनाकर आउट हुई। मिन्नू मनी के (30) का टीम के 116 के स्कोर पर पांचवें खिलाघी के रूप में रनआउट होना इंडिया ए के लिए घातक रहा और इसके साथ ही उसकी जीत की उम्मीद टूट गई। इंडिया ए टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 140 रन ही बना सकी और चार रन से मुकाबला हार गई। ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम के लिए सियाना जिंजर ने चार ओवर में 16 रन देकर चार विकेट लिये। लूसी हैमिल्टन और एमी एडगर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया के लिए एलिसा ऋथ तालिया की सलामी जोड़ी पहले विकेट के लिए 37 रन जोड़े। छठे ओवर में सजीवन ने एलिसा (27) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा।

## बीसीबी ने मार्शल, वुड व हेमिंग को कोच नियुक्त किया

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने एलेक्स मार्शल, जूलियन वुड और टोनी हेमिंग को नए कोचों के रूप में नियुक्त किया है। बीसीबी की शनिवार को हुई बैठक के बाद एलेक्स मार्शल, जूलियन वुड और टोनी हेमिंग को नए कोचों के रूप में नियुक्त किया है।

वुड तीन महीने के लिए विशेषज्ञ बल्लेबाजी कोच के रूप में कार्यभार संभालेंगे। वह एक पावर-हिटिंग विशेषज्ञ हैं और हाल ही में श्रीलंका क्रिकेट के साथ काम कर चुके हैं। मार्शल को एक साल के लिए बोर्ड के भ्रष्टाचार निरोधक विभाग का सलाहकार नियुक्त किया गया है। मार्शल पिछले साल सितंबर तक आईसीसी की भ्रष्टाचार रोधक इकाई के महाप्रबंधक थे। बीसीबी की मीडिया समिति के अध्यक्ष इफ्तिखार रहमान ने कहा कि बीसीबी ने बीपीएल के भ्रष्टाचार रोधी कार्यो की देखरेख के लिए आईसीसी की अखंडता इकाई को नियुक्त किया है। बीसीबी की भ्रष्टाचार रोधक इकाई वर्तमान में 2024-25 सीजन के बीपीएल और ढाका प्रीमियर लीग में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कर रही है। हाल ही में पीसीबी के मुख्य क्यूरेटर के पद से इस्तीफा देने वाले हेमिंग को भी बीसीबी ने बुलाया है।

# वनडे से भी संन्यास लेंगे रोहित-विराट!

● **देश के दोनों दिग्गज अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेल सकते हैं करियर की आखिरी वनडे सीरीज**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली पहले ही टेस्ट और टी-20 क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर चुके हैं। इस बीच खबर आ रही है कि दोनों अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर करियर की आखिरी वनडे सीरीज खेल सकते हैं यानी अब दोनों वनडे क्रिकेट को भी अलविदा कह सकते हैं।

इस विषय पर अब पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का बयान आया है। उन्होंने कहा कि, दोनों अगर अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो उन्हें इस प्रारूप में खेलना जारी रखना चाहिए। दरअसल, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद रोहित शर्मा और विराट कोहली टेस्ट और टी-20 के बाद वनडे से भी संन्यास ले सकते हैं। अक्टूबर में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज और पांच टी-20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारतीय टीम प्रबंधन 2027 विश्व कप की रणनीति में



रोहित और विराट पर विचार नहीं कर रहा है। दोनों को वनडे टीम में बने रहने के लिए घरेलू क्रिकेट खेलना पड़ सकता है। सौरव गांगुली ने रोहित और विराट के वनडे से संन्यास पर कहा, श्मुझे इसकी जानकारी नहीं है, मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकता।श उन्होंने एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड इवेंट के दौरान कहा, श्यह कहना मुश्किल है। जो भी अच्छा करेगा, वह खेलेगा। अगर वे अच्छा करते हैं, तो उन्हें खेलना जारी रखना चाहिए। कोहली का वनडे रिकार्ड शानदार है, यहां तक कि रोहित शर्मा का भी। दोनों ही सीमित ओवरों के क्रिकेट में अद्भुत हैं।श भारत का ऑस्ट्रेलिया का वनडे दौरा 19 अक्टूबर से शुरू होगा, जिसके मैच पर्थ, एडिलेड और सिडनी में खेले जाएंगे। इसके बाद दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन घरेलू वनडे मैच खेले जाएंगे।

2026 कैलेंडर में न्यूजीलैंड, अफगानिस्तान, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज खेली जानी है। दुबई में नौ सितम्बर से शुरू होने वाले आगामी टी-20 एशिया कप के बारे में पूछे जाने पर गांगुली ने भारतीय टीम को जीत का दावेदार बताया। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड में पांच कड़े टेस्ट मैचों के बाद मिला आराम टीम के लिए बहुत जरूरी था। गांगुली ने कहा कि खिलाड़ियों को विश्राम करने का जरूरी समय मिल गया है। उन्होंने आईपीएल के बाद पांच टेस्ट खेले और अब वे नौ सितम्बर से एशिया कप खेलेंगे। भारत बहुत मजबूत है।

## न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेटर थैमसिन न्यूटन ने लिया संन्यास

● **थैमसिन अपनी टीम के लिए शीर्ष क्रम की बल्लेबाजी और मध्यम गति की गेंदबाजी करती थी**

**वेलिंग्टन, वार्ता।** न्यूजीलैंड की महिला ऑलराउंडर थैमसिन न्यूटन ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है। न्यूटन ने 14 साल के अपने क्रिकेट करियर में न्यूजीलैंड के लिए 2015 से 2021 के बीच 10 एकदिवसीय और 15 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले। वह 2016 टी-20 विश्व कप और 2017 एकदिवसीय विश्व कप में न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा थीं।

वह शीर्ष क्रम की बल्लेबाज और मध्यम गति की गेंदबाज़ी करती थीं। उन्होंने अपने दूसरे ही टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में श्रीलंका के मध्यक्रम को तहस-नहस कर दिया और नौ रन देकर तीन विकेट झटके थे। उन्होंने नवंबर 2016 में पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय क्रिकेट में पहली बार पांच विकेट लिए।

उन्होंने 2011-12 में वेलिंगटन के साथ अपने घरेलू करियर की शुरुआत की और 2014 से 2018 तक कैंटरबरी में रहीं। 2023-24 सीजन से पहले सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स में जाने से पहले, वह पांच साल के लिए फिर से वेलिंगटन लौटीं। वह चार बार हैलीबर्टन जॉनस्टोन शील्ड, घरेलू 50 ओवर की प्रतियोगिता के फाइनल में शामिल हुईं। न्यूटन ने आखिरी बार 2017 में एकदिवसीय मैच खेला था।

### संक्षिप्त खेल समाचार

### मांडविया ने साइक्लिंग तिरंगा रैली का नेतृत्व किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज सुबह स्वतंत्रता दिवस से कुछ दिन पहले आयोजित 35वीं फिट इंडिया संडे ऑन साइक्लिंग कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ साइकिल चलाई। यहां कार्यक्रम की शुरुआत जवाहर लाल नेहरू (जेएलएन) स्टेडियम में हुई। इस बार देश भर की 2-5 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों को इस आंदोलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया था। ध्वजारोहण से पहले पंचायत के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए डॉ. मांडविया ने साइकिल चलाने के विविध लाभों पर प्रकाश डाला, जो व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण के लिए भी लाभदायक हैं। उन्होंने कहा कि साइकिल चलाने से न केवल स्वास्थ्य लाभ होता है, बल्कि यह प्रदूषण का समाधान भी है।

### हरियाणा और झारखंड के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

**काकीनाडा, वार्ता।** 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 में हरियाणा और झारखंड के बीच सोमवार को खिताबी भिड़ंत होगी। यहां खेले गए दिन के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में हरियाणा ने छत्तीसगढ़ हॉकी को 3-0 से हराया। हरियाणा की कप्तान शशि काशा ने (आठवें) मिनट में गोलकर पहले क्वार्टर में ही अपनी टीम को बढ़त दिला दी। दोनों टीमें एक-दूसरे के खिलाफ कड़ी टक्कर दे रही थीं, लेकिन सुप्रिया ने (45वें और 47वें मिनट) आखिरी क्षणों में लगातार दो गोल करके गतिरोध तोड़ा। इसी के साथ हरियाणा ने टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली। वहीं दिन के दूसरे सेमीफाइनल में झारखंड ने यूपी ने (13वें मिनट) पहले क्वार्टर में पहला गोल किया।

# रमेश ने पदक जीत रचा इतिहास

● **एशियाई सर्फिंग में भारत को दिलाया पहला पदक**

**चेन्नई, वार्ता।** महाबलीपुरम में एएसएफ एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप का समापन हो गया। रमेश बुदिहाल ने आज इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले पहले भारतीय बनकर इतिहास रच दिया। सप्ताह भर चलने वाले इस आयोजन के समापन के साथ ही कोरिया के कनोआ हीजे और जापान के अनरी मात्सुनो को पुरुष और महिला वर्ग का चैंपियन घोषित किया गया। महा. बलीपुरम की विश्वस्तरीय लहरों पर अंतिम दिन की प्रतिस्पर्धा ने रोमांचक फाइनल, राष्ट्रीय गौरव और ऐतिहासिक उपलब्धियों के लिए मंच तैयार किया। पहली बार, किसी भारतीय सर्फर ने महाद्वीपीय स्तर पर पदक जीता है। रमेश बुदिहाल ने ओपन पुरुष वर्ग में कांस्य पदक जीता, जो भारतीय सर्फिंग के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। भारतीय सर्फिंग के लिए यह एक गौरवपूर्ण और अविस्मरणीय दिन है जब किसी एशियाई चैंपियनशिप में पोडियम पर तिरंगा लहराया है, और एक भारतीय सर्फर ने कांस्य पदक जीता है, जो किसी ऐतिहासिक उपलब्धि से कम नहीं है। सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष श्री अरुण वासु ने कहा कि रमेश की उपलब्धि साबित करती है कि भारत एशियाई सर्फिंग के नक्शे पर आ गया है, और यह अनगिनत युवा सर्फर्स को बड़े सपने देखने और कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करेगा। इस दिन ओपन पुरुष, ओपन महिला, अंडर-18 लड़के और अंडर-18 लड़कियों के फाइनल मुकाबले हुए, जिसमें एशिया के सर्वश्रेष्ठ सर्फर पोडियम पर जगह बनाने के लिए चार-व्यक्ति हीट में भिड़े। इन प्रदर्शनों ने इस वर्ष की चैंपियनशिप को परिभाषित करने वाले कौशल, लचीलेपन और प्रतिस्पर्धी भावना को उजागर किया। महाबलीपुरम के दाहिने हाथ के पॉइंट ब्रेक ने ओपन पुरुष वर्ग के फाइनल में बेहतरीन स्थिति प्रदान की, जहां कनोआ हीजे (कोरिया) ने आक्रामक रेलवर्क, सटीक टाइमिंग और 15-17 के हीट-विजेता स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया, और इंडोनेशिया के पजार एरियाना को केवल 0-6 अंकों से पीछे छोड़ दिया। रमेश बुदिहाल 12-60-मेगा आर्टाना को पछाड़ने और भारत के लिए पहला महाद्वीपीय सर्फिंग पदक हासिल करने के लिए स्मार्ट पोज़िशनिंग के साथ स्वच्छ, नियंत्रित टर्न का संयोजन किया। रमेश बुदिहाल के लिए, कांस्य पदक केवल पोडियम फिनिश से कहीं अधिक है-यह भारतीय सर्फिंग के लिए एक ऐतिहासिक सफलता है। एएसएफ एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले पहले भारतीय के रूप में, रमेश की उपलब्धि भारत में इस खेल के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ है।

### रायपुर डब्बा अकादमी के पहलवान चैंपियनशिप में पंजाब का प्रतिनिधित्व करेंगे

**फगवाड़ा, वार्ता।** रायपुर डब्बा ओलंपिक कुश्ती अकादमी, फगवाड़ा के चार पहलवानों ने आगामी राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप के लिए पंजाब कुश्ती टीम में जगह पक्की कर ली है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 21 से 24 अगस्त तक झारखंड के रांची में आयोजित की जाएगी। अकादमी के निदेशक एवं पूर्व राष्ट्रीय कुश्ती कोच प्यारा राम सोंधी ने आज यहां बताया कि अकादमी के चयनित पहलवानों में 70 किग्रा वर्ग में सूरज कुमार, 79 किग्रा वर्ग में विशाल कुमार, 92 किग्रा वर्ग में परमिंदर सैनी और 130 किग्रा ग्रीको-रोमन वर्ग में जस्टिन शामिल हैं। इन चारों ने हाल की प्रतियोगिताओं में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और अकादमी के प्रशिक्षण कार्यक्रम की पहचान बन चुके अनुशासन और कौशल का प्रदर्शन किया है।

# वार्नर ने लंदन स्पिरिट को दिलाई पहली जीत

**लंदन, वार्ता।** लंदन स्पिरिट ने शनिवार (9 अगस्त) को वेल्श फायर पर 8 रनों की कड़ी जीत के साथ मेन्स हंड्रेड में अपना खाता खोलने में कामयाबी हासिल की। टूर्नामेंट के पहले मैच में अपने खराब बल्लेबाजी प्रदर्शन के बाद, लंदन स्पिरिट ने अनुभवी डेविड वार्नर की अगुवाई में शानदार वापसी की, जिन्होंने 70 रनों पर नाबाद रहते हुए बल्लेबाजी की। वेल्श फायर के सलामी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो भी रन चेज में नाबाद रहे और अपनी टीम द्वारा बनाए गए आधे से ज्यादा रन बनाए, लेकिन फिर भी वे लड़खड़ा गए। वार्नर पारी की शुरुआत में ही अच्छी फॉर्म में आ गए थे, लेकिन दूसरे छोर पर केन विलियमसन लड़खड़ा गए। आखिरकार उन्होंने मैदान पर छक्का जड़कर अपनी लय तोड़ी, लेकिन जोश हल के आउट होने के कारण ज्यादा देर तक टिक नहीं पाए। पारी को आधे समय में एक बड़ा झटका तब लगा जब वार्नर और जेमी



● **डेविड वार्नर पारी की शुरुआत में अच्छी फॉर्म में आ गए थे लेकिन विलियमसन लड़खड़ा गए**

स्मिथ ने मिलकर क्रिस ग्रीन को तीन छक्के जड़कर आउट कर दिया। यह सिलसिला जारी रहा और स्मिथ ने हल की गेंद पर एक और बड़ा छक्का जड़ा, उसके बाद एक चौका जड़ा, और फिर गेंदबाज ने इस पारी का अंत कर दिया। इसके बाद एश्टन टर्नर की बारी आई और उन्होंने भी एक उपयोगी छक्का जड़ा। दूसरे छोर पर वार्नर ने रन बनाना जारी रखा और स्कोर को 160 के पार पहुंचाया, जिसका मतलब था कि लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम के लिए एक ठोस शुरुआत जरूरी थी। हालांकि स्टीव स्मिथ और बेयरस्टो ने अपने पहले मैच में पहले विकेट के लिए 62 रन जोड़े थे, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी शुरुआत में ही स्कूप करने की कोशिश में थर्ड मैन पर आउट हो गए। दुर्भाग्य से वेल्श फायर के लिए, विकेटों के गिरने के साथ ही रन गति की शुरुआत हो गई। लगातार दूसरे मैच में मध्यक्रम लड़खड़ा गया, जब लंदन स्पिरिट ने ल्यूक वेल्स, टॉम एबेल और टॉम कोहलर-कैडमोर जैसे बल्लेबाजों को आउट कर वेल्श फायर का स्कोर 39/5 कर दिया। कुछ ही गेंदों में स्कोर 55/6 हो गया, क्योंकि मैच का नतीजा साफ दिख रहा था। हालांकि, यह अपने आप में एक उल्लेखनीय उपलब्धि थी कि वे केवल 8 रनों से हार गए, क्योंकि एक छोर पर उनके साथी खिलाड़ी कम पड़ रहे थे।

# नए फिटनेस टेस्ट में कई बांग्लादेशी क्रिकेटर मानकों पर नहीं उतरे खरे

● **मुशफिकुर रहीम 1600 मीटर की दौड़ सबसे तेज पूरी करने वालों में शामिल रहे नाहिद ने प्रभावित किया**

**ढाका, वार्ता।** कई बांग्लादेशी क्रिकेटर नए फिटनेस टेस्ट में मानकों पर खरे नहीं उतरे। हालांकि मुशफिकुर रहीम 1600 मीटर की दौड़ सबसे तेज पूरी करने वालों में शामिल रहे जबकि नाहिद राणा ने फिटनेस ट्रेनिंग में प्रभावित किया, लेकिन रविवार को नेशनल स्टेडियम में 1600 मीटर दौड़ में कुछ अन्य क्रिकेटर उम्मीदों पर खरे नहीं उतर पाए।

इससे पहले, खिलाड़ियों की फिटनेस की निगरानी यो-यो या बीप टेस्ट के जरिए की जाती थी। हालाँकि, नए स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच नाथन कीली के आने के बाद से, टीम प्रबंधन ने खिलाड़ियों की फिटनेस की जांच के लिए 1600 मीटर दौड़ और 40 मीटर स्प्रिंट का विकल्प चुना है। पता चला है कि तेज गेंदबाज़ मुस्तफिजुर रहमान, तस्कीन अहमद, तनवीर इस्लाम और शमीम पटवारी को 1600 मीटर की दौड़ पूरी करने में लगभग आठ मिनट लगे। दूसरी ओर, से राणा फिटनेस टेस्ट में भाग लेने वाले 22 क्रिकेटरों में सर्वश्रेष्ठ रहे, जिन्होंने 1600 मीटर की दौड़ केवल 5 मिनट 31 सेकंड में पूरी की। टीम प्रबंधन के एक सदस्य ने रविवार को बताया कि राणा ने शानदार प्रदर्शन किया। कुछ अन्य खिलाड़ियों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया।

# अंग्रेजों को घर में भारी पड़े भारतीय बल्लेबाज

● **शुभमन गिल ने महज 10 प्रतिशत गलत शाट्स खेले**
● **बुमराह व सिराज ने अंग्रेजो को ज्यादा परेशान किया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी (एटीटी) के नतीजों को भारत ने किसी तरह 1-3 की हार से 2-2 के ड्रा में बदल लिया, लेकिन पूरी सीरीज में इंडियन प्लेयर्स ही इंग्लिश खिलाड़ियों पर हावी दिखे। सीरीज के 5 टेस्ट में भारत के बल्लेबाजों ने इंग्लैंड के बैटर्स से बेहतर कंट्रोल दिखाया।

एक रिपोर्ट अनुसार, भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने तो दोनों टीमों में सबसे कम 10 प्रतिशत ही गलत शाट्स खेले, जिनमें गेंद उनके बैट से मिडिल नहीं हुई। टॉप-4 बैटिंग कंट्रोल वाले प्लेयर्स में चारों भारतीय रहे। इतना ही नहीं, गेंदबाजों में भी भारत के ही मोहम्मद सिराज ने इंग्लैंड के टॉप-5 बैटर्स को सबसे ज्यादा परेशान किया। उनके सामने बल्लेबाजों ने 25.1 प्रतिशत गलत शाट्स खेले। एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में दोनों टीमों ने जिस तरह की फाइट



दिखाई, उसे 2-2 की स्कोरलाइन से बेहतर और किसी तरह नहीं समझाया जा सकता। हालांकि, आंकड़ों में फिर भी टीम इंडिया आगे रही। इंग्लैंड से 9 के मुकाबले भारतीय बैटर्स ने 12 शतक लगाए। इंडियन प्लेयर्स का बैटिंग औसत भी इंग्लैंड के 37.57 के मुकाबले 39.77 का रहा। यहां तक कि सीरीज के टॉप-6 रन स्कोरर में 4 बैटर्स भारत के रहे। बल्लेबाज किसी गेंद को बैट से मिडिल करता है या पूरी तरह छोड़ देता है तो यह 100 प्रतिशत कंट्रोल में आता है।

वहीं, गेंद अगर बैट के किनारे से लगती है या बल्लेबाज को चकमा देकर चली जाती है, तो उसे 0 प्रतिशत कंट्रोल में काउंट करते हैं। दोनों के औसत से ही किसी बल्लेबाज या गेंदबाज का कंट्रोल प्रतिशत निक. ालते हैं। बैटिंग कंट्रोल के पैरामीटर में भी भारतीय बैटर्स आगे रहे। इंग्लैंड ने 78.2 प्रतिशत कंट्रोल दिखाया, वहीं भारत ने 84.6 प्रतिशत कंट्रोल में शाट्स खेले। यानी भारतीय बैटर्स ने सीरीज में इंग्लैंड के 21.8 प्रतिशत के मुकाबले 15.4 प्रतिशत ही गलतियां कीं। हालांकि, इंग्लैंड पिछले 3 साल से अटैकिंग बैटिंग कर रहा है, इस कारण भी उनके बैटर्स ज्यादा गलतियां कर रहे हैं। इससे विकेट के चांस तो बनते हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि विकेट भी गिरे ही। कई बार बैट का बाहरी किनारा लगने के बाद भी गेंद स्लिप फील्डर तक नहीं पहुंचती। इस कंडीशन में बल्लेबाज गलत शाट के बावजूद आउट होने से बच जाता है। भारत के खिलाफ सीरीज से पहले इंग्लैंड ने बैजबाल अप्रोच में घरेलू कंडीशन में 20 टेस्ट खेले।

### ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को 17 रनों से हराया

**डार्विन, वार्ता।** टिम डेविड (83) और कैमरून ग्रीन (35) की आतिशी पारियों के बाद जॉश हेजलवुड और बेन ड्वारश्विस (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को पहले टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 17 रनों से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। 179 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं और उसने पहले ही ओवर में कप्तान एडन मारक्रम (12) का विकेट गंवा दिया। उन्हें जॉश हेजलवुड ने विकेटकीपर कैमरून ग्रीन के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये लुआन-द्रे प्रेटोरियस को ग्लेन मैक्सवेल ने ओवेन के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया।

# डंडे से पीट-पीटकर व्यक्ति को उतारा मौत के घाट

**❖लक्सर कोतवाली के भीकमपुर जीतपुर में शुभम को उसके साथी ने ही मार डाला**

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** क्षेत्र के भीकमपुर में एक युवक ने 52 वर्षीय व्यक्ति को लाठी डंडे से वार कर मौत के घाट उतार दिया है जिससे परिजनों में हडकम मच गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की धर पकड़ के प्रयास जारी है।

जानकारी के अनुसार एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने बताया कि रात को सूचना मिली थी की एक व्यक्ति के पास एक युवक करीब 2 घंटे से बैठा हुआ था न जाने किस तरह से उस युवक ने पास में बैठे व्यक्ति के ऊपर लाठी डंडों से वार कर दिया। यह सूचना उस व्यक्ति के परिजनों को दी गई परिजनों ने उस व्यक्ति को लेकर तुरंत ही अस्पताल के लिए रवाना हुए रास्ते में ही उस व्यक्ति की मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया 10 जुलाई 2025 को शुभम कुमार पुत्र चंद्र प्रकाश ग्राम भीकमपुर जीतपुर कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार ने थाने पर एक प्रार्थना पत्र 9 अगस्त 2025 को अभियुक्त दीपक कुमार पुत्र राम अवतार निवासी भीकमपुर कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार के खिलाफ देकर बताया कि उसके चाचा राजेश पुत्र सुख्के सिंह निवासी भीकमपुर थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार के घर पर जाकर उसके सिर पर वार कर वादी के चाचा को गंभीर रूप से घायल कर दिया उपचार के लिए अस्पताल ले जाते समय वादी के चाचा की मृत्यु होने के संबंध में लाकर दाखिल की तहरीर के आधार पर संबंधित मुकदमा पंजीकृत किया गया क्योंकि घटना के संबंध में चौकी भीक्कमपुर थाने पर सूचना पहले से ही प्राप्त होने पर प्रभारी निरीक्षक में पुलिस बल के साथ घटना स्तर पर पहुंचे तथा मृतक व्यक्ति के शव का पंचनामा की कार्रवाई की जा रही है। आरोपी की धर पकड़ के प्रयास जारी है।

# कोर यूनिवर्सिटी मे बीटेक छात्रा ने किया सुसाइड

## हॉस्टल में पंखे से लटकता मिला शव

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** कोर यूनिवर्सिटी में पढ़ाई करने वाले एक छात्र ने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी होते ही कॉलेज प्रशासन व छात्रों में खलबली मच गई। वहीं छात्र द्वारा सुसाइड किए जाने की जानकारी यूनिवर्सिटी प्रशासन ने पुलिस को दी। पुलिस ने छात्र के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज अस्पताल भिजवा दिया और साथ ही परिजनों को सूचना दे दी हैं।

**❖पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा अस्पताल मामले की गहराई से छानबीन जारी**

जानकारी के मुताबिक बिहार राज्य के रहने वाला 19 वर्षीय सुगित हरिद्वार दिल्ली नेशनल हाइवे के समीप कोर यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में रहकर बीटेक द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रहा था। रविवार की सुबह सुगित का शव यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में पंखे से लटका हुआ मिला। जिसके बाद यूनिवर्सिटी प्रशासन में हड़कंप मच गया। जिसके बाद यूनिवर्सिटी प्रशासन ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही शांतरशाह चौकी प्रभारी खेमेंद्र गंगवार पुलिसकर्मियों के साथ हॉस्टल पहुंचे। जहां पर उन्होंने शव को फंदे से नीचे उतरवाया। छानबीन के दौरान पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला हैं। वही पुलिस ने मृत छात्र के परिजनों को सूचना दे दी है। और पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शांतरशाह चौकी प्रभारी खेमेंद्र गंगवार ने बताया हॉस्टल में रहने वाले एक छात्र द्वारा सुसाइड करने की जानकारी मिली थी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। साथ ही छात्र के परिजनों को भी जानकारी दे दी गई है।

# युवक को लाठी डंडों से पीटने का वीडियो वायरल



शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** राही गेस्ट हाउस के पास एक वीडियो में कुछ युवक एक युवक को बेरहमी से लाठी डंडों से मारपीट करते नजर आ रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों ने घायल युवक को अस्पताल भिजवाया।पुलिस ने मारपीट कर रहे युवकों की पहचान करनी शुरू कर दी हैं।

जानकारी के अनुसार पिरान कलियर में राही गेस्ट हाउस के पास पार्किंग में कुछ युवक एक युवक के साथ लाठी डंडों से मारपीट कर रहे थे।आसपास के लोगों ने युवक को छुड़ाने के प्रयास किया लेकिन आरोपी युवक को पीटते रहे।वहीं इस मारपीट की किसी ने वीडियो बना ली और वायरल कर दी।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। उसके बाद घायल युवक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल ले गए।थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल भिजवा दिया गया है। साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी हैं।

# अवैध चाकू के साथ एक युवक को दबोचा

शाह टाइम्स सम्वाददाता

**लक्सर।** लक्सर पुलिस के द्वारा मुखबीर की सूचना पर छापेमारी करते हुए एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ है। पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों संदिग्ध व्यक्तियों असामाजिक तत्व पर कारवाई के लिए निर्देश किया था जिसमें 9 अगस्त 2025 को एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम प्रीतम पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी ग्राम अकबरपुर ऊद कोतवाली लक्सर उम्र 25 वर्ष बताया। उसको पकड़ाने वाली पुलिस टीम में सुलतानपुर पुलिस चौकी प्रभारी विरेंद्र सिंह नेगी कांस्टेबल मदन वर्मा गंगा सिंह शामिल रहे। पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# पारिवारिक विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** थाना क्षेत्र के मुकर्रबपुर में पारिवारिक विवाद में ससुराल पक्ष के लोगों के पहुंचने पर दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें दो लोग घायल हो गए है।दोनो पक्षो ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार पिरान कलियर थाना क्षेत्र के वार्ड नो मुकर्रबपुर में बहु और सुसराल पक्ष के लोगों में विवाद चला आ रहा था।रविवार को बहु के परिजन घर पहुंच गए। इस दौरान दोनों पक्षों में किसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया और मारपीट हो गई।जिसमे दो लोग घायल हो गए।दोनो पक्षो ने पुलिस से शिकायत कर कानूनी कार्रवाई की मांग की हैं।पुलिस ने मामले की जांच में जुट गई हैं।

# ई-रिक्शा चालक को पीटा, मोबाइल भी छीना

शाह टाइम संवाददाता

**रुड़की।** गंगनहर कोतवाली क्षेत्र में स्थित रेलवे स्टेशन पर कुछ ई-रिक्शा चालकों ने ऐसी घेराबंदी कर ली है कि दूसरे क्षेत्र के चालकों को वहां घुसने नहीं दे रहे हैं। मारपीट कर रहे हैं। साथ ही सवारियों से मनमाना किराया वसूल रहे हैं। सफरपुर गांव निवासी साकिब नाम का एक ई9रिक्शा चालक दो दिन पहले मारपीट का शिकार हुआ। उसका मोबाइल फोन भी छीन लिया गया। साकिब ने बताया कि जब वह बृहस्पतिवार को ई-रिक्शा लेकर रेलवे स्टेशन पहुंचा तो कई ई-रिक्शा चालकों ने उसे पीटना शुरू कर दिया। साथ मोबाइल फोन भी छीन लिया। साकिब ने कोतवाली पहुंचकर शिकायत की है। कोतवाली प्रभारी आरके सकलानी ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी।

# हेड कांस्टेबल की पुत्री ने राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में जीता कांस्य पदक

## केवी-2 की छात्रा की जीत से परिवार व स्कूल गदगद



शाह टाइम संवाददाता

**रुड़की।** शहर की बेटी ने बेंगलुरु की राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में जीत हासिल कर हरिद्वार जिले का नाम रोशन कर दिया है। खेल प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त करने पर परिवार, स्कूल और शहरवासियों में खुशी की लहर है। विजेता छात्रा ने जीत का श्रेय परिवार और स्कूल को दिया है।

केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 में ग्राम चुलसिया ध्ुमाकोट जिला पौड़ी गढ़वाल हाल भंगेड़ी महावतपुर निवासी स्वस्ति ध्यानी कक्षा 10 की छात्रा है। केंद्रीय विद्यालय संगठन (नई दिल्ली) की ओर से 54 केवीएस राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का बेंगलुरु में आयोजन किया गया था। यह प्रतियोगिता 2 अगस्त से 6 अगस्त के बीच हुई थी। जहां स्वस्ति ध्यानी ने ताइक्वांडो अंदर-17 में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक अपने नाम किया। छात्रा स्वस्ति ध्यानी ने बताया कि माता सरीता ध्यानी ग्रहिणी है। देश के सभी खिलाड़ी उनके आइडल है। उन्हीं से वह सीख लेकर भविष्य में देश का नाम रोशन करना चाहती हैं। छात्रा ने बताया कि वह स्कूल से खेलते हुए पहले हाथी बड़कला में स्वर्ण पदक भी जीत चुकी है। छात्रा के पिता प्रमोद ध्यानी ने बताया कि वह वर्तमान में उत्तरकाशी पुलिस कार्यालय में तैनात है। परिवार शुरू से खेल प्रेमी रहा है। पुत्र देवांश ध्यानी भी क्रिकेट प्रेमी है और रुड़की की एक अकादमी में क्रिकेट का अभ्यास प्राप्त कर रहा है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई-लिखाई के साथ खेलकूद से तन-मन चुस्त दुरुस्त रहता है। युवा पीढ़ी अब खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर बड़े मुकाम हासिल कर देश का नाम रोशन कर रही है। उन्हें आशा है कि जैसे वह उत्तराखंड पुलिस का हिस्सा बनकर प्रदेश की सेवा कर रहे हैं। वैसे ही उनके बच्चे भी खेल में बड़ा मुकाम हासिल कर देश का नाम रोशन करें।

# अनूप सिंह बेदी बने रोटरेक्ट क्लब के अध्यक्ष




शाह टाइम्स सम्वाददाता

**रुड़की।** रोट्रेक्ट क्लब ऑफ अवयाना के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संगठन द्वारा किए जाने वाले कार्यों की जानकारी पदाधिकारियों ने दी।

देहरादून रोड स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रोटरी क्लब के सहायक गवर्नर डॉक्टर अजय भार्गव रहे। उन्होंने कहा कि रोट्रेक्ट ऐसा संगठन है जो कि युवाओं को समाज सेवा के लिए प्रेरित करता है और यहां से आगे बढ़कर वह समाजहित के बड़े कार्यों में भी अपनी भागीदारी करते है। उन्होंने कहा कि अब नई टीम न गठन हो रहा है और पूर्ण विश्वास है कि नवनियुक्त पदाधिकारियों के नेतृत्व में, रोट्रेक्ट क्लब ऑफ अवयाना नई ऊंचाइयों को छूने की उम्मीद है। समाज सेवा के प्रति उनका समर्पण और भी प्रशंसनीय है। इस अवसर पर निवर्तमान अध्यक्ष शिवम में अपने कार्यकाल में किए कार्यों की जानकारी दी और फिर आगामी वर्ष के लिए अनूप सिंह बेदी को कार्यभार सौंपा। नवनियुक्त अध्यक्ष ने कहा रोट्रेक्ट क्लब ऑफ अवयाना का मुख्य उद्देश्य समाज सेवा करना है, जिसमें उन्होंने अपने 6 वर्षों के कार्यकाल में हजारों लोगों को लाभ पहुंचाया है। क्लब ने ष्युवाओं को सशक्त बनाना, कल को समृद्ध बनानाष् थीम के तहत समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए काम किया है। इस अवसर पर मुजीब मलिक,डॉक्टर विकास त्यागी,अभिनव,ऋचा अहलावत,रमेश रावल,ऋतिक नागपाल,प्रेरणा,ऋषभ,दिया, खुराना, माणिक्य, शिवम, सोनल, दीपाली,शुभम,गार्गी,चारुश्री, दिव्या,विकास,रोकी आदि मौजूद रहे।

# व्यवस्था भंग करने पर तीन को किया गिरफ्तार

शाह टाइम संवाददाता

**रुड़की।** कोतवाली गंगनहर पुलिस द्वारा दिनांक 09/08/25 को कोतवाली गंग नहर क्षेत्राअंतर्गत अभियुक्तगण सुनील शर्मा पुत्र स्वर्गीय पूरन चंद शर्मा निवासी आदर्श कॉलोनी अशोक मार्ग रामनगर रुड़की कोतवाली गंग नहर जनपद हरिद्वार,, पंकज जैन पुत्र स्वर्गीय नेम चंद जैन निवासी उपरोक्त, राजमोहन पुत्र स्वर्गीय धनीराम शर्मा निवासी उपरोक्त द्वारा मां दुर्गा मंदिर के ट्रस्टी होने के कारण ट्रस्ट की भूमि पर अपना अधिकार करने तथा मंदिर के पुजारी मनोज सेमवाल को मंदिर से हटाने को लेकर आमजन तथा मंदिर के पुजारी के साथ आमदा फसाद हो रहे थे जिस कारण शांति एवं कानून व्यवस्था भंग होने के दृष्टिगत तीनों अभियुक्त गणों को कोतवाली गंगनहर क्षेत्र आदर्श कॉलोनी रामनगर रुड़की से अंतर्गत धारा 170 बीएनएसएस मे गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त गणो उपरोक्त को न्यायालय पेश किया गया।

# श्री रामलीला समिति बीटी गंज का 106वां ध्वजारोहण, निकाली शोभायात्रा



शाह टाइम संवाददाता

**रुड़की।** श्री रामलीला समिति बीटी गंज रुड़की का 106 वें ध्वजारोहण शनिवार को हनुमान जी की पताका के साथ बड़ी ही धूमधाम से किया गया। उससे पूर्व बैंडबाजों के साथ नगर में शोभायात्रा निकाली गई। रामलीला का मंचन 18 सितंबर से शुरू होगा।

ध्वजारोहण से पूर्व मेन बाजार स्थित पंचायती धर्मशाला में पूजन अर्चना की गई। जिसके बाद ध्वज के साथ शोभायात्रा शुरू की गई। शोभायात्रा मेन बाजार, अनाज मंडी, अम्बर तालाब होते हुए बीटी गंज स्थित रामलीला मंचन स्थल पहुंची। जहां ध्वज को स्थापित किया गया। समिति के अध्यक्ष सुबोध गुप्ता ने बताया कि 18 सितंबर से शुरू होने वाले 106 वें महोत्सव की शुरुआत हनुमान जी के ध्वजारोहण के साथ हुई है। अब बाकी तैयारियां भी तेजी के साथ शुरू कर दी जाएंगी। महामंत्री सौरभ सिंघल ने बताया कि इस बार भी टीवी के कलाकार रामलीला का मंचन करेंगे। कार्यक्रम में नगर विधायक प्रदीप बत्रा,माटी कला बोर्ड के उपाध्यक्ष शोभाराम प्रजापति, मेयर प्रतिनिधि ललित मोहन अग्रवाल, नेरव जैन, नवनीत सिंघल, मनोज अग्रवाल, शिवम अग्रवाल, विशाल गुप्ता, विशाल परुथी, अरविंद गौतम आदि मौजूद रहे।

# सैनी आश्रम विवाद पर पूर्व मंत्री राम सिंह सैनी की सफाई

# स्वास्थ्य कारणों के चलते दिया था इस्तीफा

शाह टाइम्ससंवाददाता

**रुड़की।** सैनी आश्रम से जुड़े विवाद और लगाए जा रहे आरोपों पर चुप्पी तोड़ते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व गृहमंत्री एवं वरिष्ठ समाजसेवी राम सिंह सैनी ने रविवार को अपना पक्ष रखा। रेलवे स्टेशन के समीप स्थित एक होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य हमेशा सैनी समाज की एकजुटता और प्रगति रहा है।

पूर्व मंत्री ने कहा कि सैनी आश्रम को आज जिस मुकाम तक पहुंचाया गया, उसके लिए उन्होंने न केवल अपनी मेहनत लगाई, बल्कि व्यक्तिगत रूप से आर्थिक योगदान भी दिया। साथ ही समाज के लोगों से दान दिलाने का प्रयास किया, जिससे वहां भव्य भवन का निर्माण संभव हो सका। उन्होंने बताया कि वह वर्ष 2009 से लगातार आश्रम के मुख्य संरक्षक के रूप में कार्य कर रहे थे, लेकिन जिस दिन आश्रम में विवाद हुआ, उसी दिन स्वास्थ्य कारणों से उन्होंने सभी पदों से त्याग पत्र दे दिया।

राम सिंह सैनी ने कहा कि आश्रम समाज की अमूल्य धरोहर है, जिसे राजनीतिक या व्यक्तिगत स्वार्थ से दूर रखकर आने वाली पीढ़ी के लिए मजबूत बनाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग उनके त्याग पत्र के बाद से दुष्प्रचार कर युवाओं को भ्रमित कर रहे हैं, जबकि उनका उद्देश्य केवल युवाओं को जिम्मेदारी सौंपना और उन्हें आगे बढ़ाना है।

उन्होंने समाज से आह्वान किया, ष्आपस में टकराव छोड़कर एकजुट हों, ताकि सैनी आश्रम समाज की पहचान और गौरव का प्रतीक बने।ष् पूर्व मंत्री ने यह भी कहा कि जो भी समाजसेवी उनसे मार्गदर्शन या सहयोग लेना चाहता है, उनके घर के दरवाजे हमेशा खुले हैं। इस तरह, पूर्व मंत्री ने साफ कर दिया कि वह किसी विवाद में नहीं पड़ना चाहते, बल्कि चाहते हैं कि समाज की यह धरोहर भविष्य में और भी सशक्त और सम्मानित हो

# देर रात घर में फेंके ईंट पत्थर, परिजनों में मचा हड़कंप

शाह टाइम संवाददाता

**रुड़की।** शनिवार देर रात किसी ने मोहल्ला नई मंडी के एक घर में ईंट पत्थर फेंक दिए। घर के मालिक ने परिजनों के साथ मिलकर घटना को अंजाम देने वालों की तलाश की लेकिन वहां कोई नहीं मिला, जिसके बाद आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। थाना झबरेड़ा मोहल्ला नई मंडी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शनिवार रात को उनके मकान की छत पर किसी के होने की आहट सुनाई दी। इसके बाद उसने अपने परिजनों को उठाया और छत पर कौन है यह देखने के लिए घर के आंगन में आ गए।आरोप है कि उन्हें आता देख छत पर मौजूद अज्ञात लोगों ने आंगन में ईंट पत्थर फेंकने शुरु कर दिए। गनीमत रही की हमले में किसी परिजन को चोट नहीं आई है। इसके बाद उन्होंने आरोपियों की खूब तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। जिसके बाद आसपास के लोगों में भी हड़कंप की स्थिति बन गई।

# मंगलौर प्रेस क्लबः अरशद बने अध्यक्ष व अनिल महासचिव

## राहुल उपाध्यक्ष, फिरोज खान सचिव, तो शमसुल को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी



शाह टाइम्स संवाददाता

**मंगलौर।** प्रेस क्लब मंगलौर की एक बैठक संरक्षक जमीर हसन के कैंप कार्यालय पर आयोजित हुई। बैठक में प्रेस क्लब मंगलौर की कार्यकारिणी को सर्वसम्मति से भंग कर क्लब का नाम प्रेस क्लब ऑफ मंगलौर करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में डॉ अरशद हुसैन को अध्यक्ष और अनिल सैनी को महासचिव बनाया गया। बैठक में एकजुटता पर जोर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को प्रेस क्लब मंगलौर कार्यकारिणी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष गैर हाजिर रहे। बैठक में प्रेस क्लब मंगलौर को भंग करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में नई कार्यकारिणी के गठन का निर्णय लिया हैं। बैठक में संरक्षक जमीर हसन ने कहा कि आज के समय में पत्रकारिता के सामने काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। उन्होंने एकजुटता पर जोर दिया। इस मौके पर डॉ शकील अहमद ने कहा कि पत्रकारों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी पत्रकारों को एक मंच पर लाने की कोशिश करने का भरोसा दिया। बैठक में चुनाव प्रक्रिया के दौरान जमीर हसन अंसारी, जुबेर काजमी, डॉ शकील अहमद को संरक्षक बनाया गया।

वहीं दूसरी ओर इस मौके पर आयोजित बैठक में डा अरशद हुसैन को अध्यक्ष, राहुल सैनी उपाध्यक्ष, अनिल सैनी महा सचिव, फिरोज खान सचिव, शमशुल कुरैशी कोषाध्यक्ष राजेश शर्मा संगठन मंत्री, शमीम मंगलौरी प्रवक्ता, अनुज सैनी सह संगठन मंत्री, श्याम सुंदर, नरेंद्र कुमार, गगनदीप को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। आयोजित बैठक में सभी पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया हैं।

# प्रतिबंधित दवाइयों के साथ पुलिस ने एक नशे का सौदागर पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा युवाओं को नशे की दलदल में धकेलने वाला एक नशा तस्कर गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से 104 अवैध नशीले कैप्सूल बरामद हुए हैं। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया ड्रग फिरी देवभूमि मिशन 2025 को सफल बनाने के लिए एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद को नशा मुक्त करने के लिए अवैध मादक पदार्थों की तस्कारी रोकने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम बनाई गई गठित पुलिस टीम के द्वारा 9 अगस्त 2025 को मुखबीर की सूचना पर चेकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे से 104 अवैध नशीले कैप्सूल बरामद हुए हैं। पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम फरमान पुत्र कुर्बान निवासी अंसारी कोठी के पास सुलतानपुर कोतवाली लकसर उम्र 25 वर्ष बताया।

# पानी से भरे खेत में युवक का शव मिलने से सनसनी

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** नगर के बसेड़ी मार्ग पर स्थित पानी से भरे खेत में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान दिलशाद (35) निवासी ग्राम बसेड़ी के रूप में हुई। पुलिस ने मृतक के परिजन को सूचना देने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।शनिवार सुबह लक्सर में बस अड्डे के समीप बसेड़ी मार्ग पर स्थित खेत में एक युवक का शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। सूचना पर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। यहां खेत में जमा पानी में एक युवक का शव उतराता दिखा। पुलिस ने शव को बाहर निकाला। स्थानीय व्यक्तियों की मदद से मृतक की पहचान दिलशाद (35 वर्ष) निवासी ग्राम बसेड़ी, कोतवाली लक्सर के रूप में हुई।

# साख का सवाल

वोटर लिस्ट में फर्जीवाड़े को लेकर विपक्ष और चुनाव आयोग के बीच छिड़ा सीधा युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है। संसद में तो हंगामा बरपा ही है साथ ही यह मामला अब सुप्रीम कोर्ट के द्वार भी पहुंच गया। रविवार को और विस्तार देते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पोस्ट पर एक फोन नंबर जारी कर वोट चोरी के खिलाफ जनसमर्थन हासिल करने के लिए लोगों से मिस्ड कॉल करने का आग्रह किया है।

राहुल गांधी ने कहा है कि वोट चोरी एक व्यक्ति एक वोट के बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांत पर हमला है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए साफ-सुथरी मतदाता सूची अनिवार्य है और उन्होंने चुनाव आयोग से मांग की है कि वह पारदर्शिता दिखाए और डिजिटल मतदाता सूची सार्वजनिक करे ताकि जनता और राजनीतिक दल उसका खुद ऑडिट कर सके। राहुल गांधी ने इंडिया गठबंधन के नेताओं के सोमवार को प्रदर्शन की बात भी कही। यह प्रदर्शन संसद से चुनाव आयोग तक किया जाएगा। कांग्रेस का यह भी कहना है कि बिहार मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में चुनाव आयोग भाजपा के साथ मिलकर मनमर्जी कर रहा है और एक ही पते पर सैकड़ों लोगों के नाम चढ़ाकर लोकतंत्र को तबाह कर रहा है।

कांग्रेस ने यह भी कहा कि उच्चतम न्यायालय में चुनाव आयोग ने स्पष्ट कहा है कि वह बिहार में जो 65 लाख लोगों के नाम छूट गए हैं उनके विषय में कोई जानकारी नहीं देगा। चुनाव आयोग के अनुसार ऐसा कोई नियम नहीं जिसके तहत नाम काटने का कारण बताया जाए या ऐसी जानकारी दी जाए। कांग्रेस का कहना है कि इससे साफ है कि चुनाव आयोग पूरी तरह से अपनी मनमर्जी चला रहा है और मतदाता सूची पुनरीक्षण के नाम पर धांधली छुपाने के लिए सारी हदें पार कर रहा है। अब इसमें कौन सही है कौन गलत, यह बात अपनी जगह, लेकिन ऊपरी सतह पर देखने में आ रहा है कि किसी की भी दिलचस्पी इस बात में दिखाई नहीं दे रही है, इस मामले की पूरी तरह निष्पक्ष जांच हो। चुनाव आयोग यह मानने के लिए बिल्कुल तैयार नहीं है कि वोटर लिस्ट में किसी तरह की गड़बड़ी हुई है, जबकि राहुल गांधी ने तथ्यों के साथ वोटर लिस्ट के संबंध में अपनी बातों को रखा है और साबित किया है कि वोटर लिस्ट में काफी गड़बड़ है। अभी जो बिहार में वोटर लिस्ट का काम चल रहा है उसके माध्यम से भी बताया गया है कि नई वोटर लिस्ट में मुजफ्फरपुर के एक मकान में 269 वोटरों नाम अंकित हैं। इसी तरह जमूई के एक मकान में 247 वोटरों के नाम हैं। कांग्रेस का मानना है कि यह सरासर वोट चोरी है, जिसका खेल अब सामने आ चुका है।

महाराष्ट्र और कर्नाटक से भी इस तरह की खबरें मिली हैं, जहां एक कमरे के पते के नाम पर 80-90 वोट बनी हैं। चुनाव आयोग को समझना होगा कि उसकी जिम्मेदारी ऐसे हालात में सबसे ज्यादा है, क्योंकि इससे पूरी चुनाव प्रक्रिया ही दांव पर लग गई है। किसी भी मामले में साख बेहद अहम हिस्सा होती है और चुनाव आयोग की साख इस समय बेहद निचले स्तर पर पहुंच गई है।

## विकास की रफ्तार से खुश नहीं कुछ लोग



कुछ लोग ऐसे हैं जो भारत के विकास की रफ्तार से खुश नहीं हैं। उन्हें यह अच्छा नहीं लग रहा, सबके बॉस तो हम हैं, भारत इतनी तेजी से कैसे आगे बढ़ रहा है, कई लोग कोशिश कर रहे हैं कि भारत में, भारतीयों के हाथों से बनी चीजें उन देशों में बनी चीजों से ज्यादा महंगी हो जाएं, ताकि जब ये चीजें महंगी हो जाएं, तो दुनिया इन्हें न खरीदे, यह प्रयास किया जा रहा है, लेकिन, भारत इतनी तेजी से आगे बढ़ रहा है कि मैं पूरे विश्वास के साथ कहता हूं, अब दुनिया की कोई ताकत भारत को विश्व की एक बड़ी ताकत बनने से नहीं रोक सकती, अब हम 24 हजार करोड़ रुपये से अधिक के रक्षा सामान का निर्यात कर रहे हैं, यही भारत की ताकत है, यही नए भारत का नया रक्षा क्षेत्र है, हमारा निर्यात लगातार बढ़ रहा है।

**-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**




# खतरे में सरकार की साख



**तनवीर जाफरी**

भारत वर्ष को विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में जहां दुनिया जानती है वहीं यहां होने वाले चुनाव भी पूरी दुनिया को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। कई बार विश्व के नेताओं के प्रतिनिधिमंडल हमारे विशाल देश की चुनावी प्रक्रिया को देखने व समझने के लिए चुनावों के दौरान भारत आते रहे हैं।

उधर भारतीय चुनाव आयोग जहां इस विशाल चुनाव के सफल संचालन का हमेशा श्रेय लेता आया है वहीं इन्हीं चुनावों में प्राय: कहीं न कहीं चुनावी धांधली के आरोप भी लगते रहे हैं। विगत में लोकसभा व विधानसभा के कुछ चुनाव तो ऐसे भी संपन्न हुए जिनके परिणामों ने चुनाव पूर्व होने वाले सभी सर्वेक्षणों को पूरी तरह नकार दिया। वैसे भी जब से देश में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के माध्यम से वोट पड़ने शुरू हुए हैं उसी समय से मतदान की निष्पक्षता पर सवाल उठते रहे हैं। स्वयं भारतीय जनता पार्टी के ही वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुब्रह्मण्यम स्वामी व राज्यसभा सांसद जीवीएल नरसिम्हा राव जैसे कई प्रमुख नेताओं ने समय-समय पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए इसके इस्तेमाल का विरोध किया है।

बहरहाल 2014 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद EVM की विश्वसनीयता का सवाल अब विपक्षी दलों द्वारा किया जाने लगा है। पिछले एक दशक से होने वाले लगभग सभी चुनावों में EVM से होने वाली धांधलियों के अनेक आरोप लगते रहे हैं। कभी EVM बदलने के तो कभी EVM चोरी होने के। कभी मतदाताओं को यह कहते सुना गया कि उन्होंने वोट तो कहीं और दिया परन्तु मशीन किसी दूसरे निशान पर वोट पड़ा बताती है। हालांकि पिछले चुनावों में कई बार कई राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें भी बनीं परन्तु EVM का विरोध निरंतर जारी रहा। दिल्ली में जंतर-मंतर पर अनेक बार EVM विरोधी प्रदर्शन भी हुए। देश के वकीलों का एक बड़ा वर्ग खुलकर EVM के विरोध में खड़ा हुआ परन्तु सरकार व चुनाव आयोग EVM पर ही विश्वास जताते रहे परन्तु अब मामला EVM की विश्वसनीयता से भी आगे बढ़कर वोटर लिस्ट में हो रही भयंकर धांधली का उजागर हुआ है और इसका भंडाफोड़ किया है लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने।

गत 7 अगस्त को राहुल गांधी ने बड़े पैमाने पर हो रही चुनावी धोखाधड़ी को उजागर किया। उन्होंने विशेष रूप से कर्नाटक के बेंगलुरु मध्य लोकसभा क्षेत्र में, महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए मतदाता सूचियों में, विशिष्ट अनियमितताओं को उजागर किया। राहुल गांधी ने दावा किया कि केवल (महादेवपुरा) क्षेत्र में, कुल 6.5 लाख मतदाताओं में से, 1 लाख से अधिक फर्जी मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ा गया, जिससे उस क्षेत्र में भाजपा की 1,14,046 मतों के महत्वपूर्ण अंतर से जीत हुई। उन्होंने मतदाता सूची में विसंगतियों के उदाहरण दिए और मतदाता सूचियों में हेराफेरी,डुप्लिकेट मतदाता, साक्ष्यों का विनाश और पारदर्शिता का अभाव, असामान्य मतदान पैटर्न आदि विषयों को प्रमाण सहित उठाया। गांधी ने कथित वोट चोरी में शामिल चुनाव आयोग के शीर्ष से लेकर निचले स्तर तक के अधिकारियों को चेतावनी भी दी कि उन्हें सेवा. निवृत्ति के बाद भी परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने उनके कार्यों को देशद्रोही और राष्ट्रहित के विरुद्ध करार दिया और कहा कि कांग्रेस उन्हें जवाबदेह ठहराएगी। राहुल गांधी ने छह महीने की कड़ी मशक्कत के बाद कांग्रेस द्वारा जुटाए गए इन सबूतों को परमाणु बम का नाम दिया। उन्होंने कहा कि इनके सार्वजनिक प्रकाशन से चुनाव आयोग की भूमिका उजागर हो जाएगी और उसके पास छिपने की कोई जगह नहीं बचेगी।

दरअसल राहुल गांधी के मांगने पर चुनाव आयोग ने लगभग तीन क्विंटल से भी अधिक कागजों के विशाल बंडल उन्हें भेजे थे। राहुल ने अपने विशेषज्ञों के साथ इन कागजात में से केवल 4 किलो कागज का चुनाव किया और बड़ी बारीकी से उनका डेटा अध्ययन किया। जब इन कागजात में ही वोटों की बड़ी चोरी पकड़ी गई तभी राहुल गांधी इस नतीजे पर पहुंच गए कि जब 4 किलो कागजात फर्जी हैं तो शेष सैकड़ों किलो कागजात भी फर्जी ही हैं। गोया अब सवाल महादेवपुरा विधानसभा का ही नहीं बल्कि देश की प्रत्येक विधानसभा और लोकसभा सीटों के चुनाव का है? यही वजह है कि अब राहुल गांधी देश की सभी 543 लोकसभा का वोटर डेटा मांग रहे हैं। वह इसीलिए मशीन रिडेबल डेटा की मांग कर रहे हैं ताकि डेटा और फोटो एनालिसिस हो सके। कांग्रेस का मानना है कि यदि चुनाव आयोग ने मशीन डेटा दे दिया तो मात्र 7 दिनों में हर एक वोटर की पहचान हो जाएगी। आश्चर्य है कि भारतीय इतिहास में पहली बार नेता प्रतिपक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा चुनाव आयोग का काला चिट्ठा खोला गया है। पूरी सरकार व प्रधानमंत्री तक को फर्जी सरकार का फर्जी प्रधानमंत्री बताया जा रहा है परन्तु भाजपा व चुनाव आयोग दोनों ही एक दूसरे के पीछे छिपने की कोशिश कर रहे हैं। वही पुराना राग अलाप रहे हैं कि राहुल गांधी के आरोप निराधार, शर्मनाक और लोकतंत्र का अपमान हैं और भाजपा नेताओं के अनुसार ये आरोप कांग्रेस की हार से उपजी हताशा का परिणाम हैं। उन्होंने कांग्रेस को कानूनी रास्ता अपनाने की चुनौती दी और निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता का बचाव किया। साथ ही भाजपा ने इसे कांग्रेस द्वारा संवैधानिक संस्थानों पर हमले के रूप में वर्णित किया। याद कीजिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का वह आरोप जिसमें उन्होंने कहा था कि उनके लोकसभा क्षेत्र में साढ़े तीन लाख वोटरों के नाम काट दिए गए थे। किसने कटवाए थे यह नाम? क्यों काटे गए? ऐसी अनियमिताओं की जिम्मेदारी चुनाव आयोग की नहीं तो किसकी है? किसके इशारे पर होता है यह काम? क्या यह देश के लोकतांत्रिक ढांचे के खिलाफ साजिश नहीं? राहुल गांधी ने यह आरोप भी लगाया कि महाराष्ट्र में केवल पांच महीनों में लगभग 40 लाख संदिग्ध मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ा गया, जिससे चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर संदेह पैदा होता है। उधर महाराष्ट्र में ही कई प्रत्याशी भी यह कहते सुने गए कि भाजपा नियंत्रित अधिकांश बूथ पर शाम पांच बजे के बाद अनजान मतदाताओं की बड़ी भीड़ इकट्ठा हुई थी। कौन थे कहां से आए थे ये मतदाता? राहुल से हलफनामा मांगने जैसी बातें करना तो उनके संगीन आरोपों से मुंह छुपाने का बहाना मात्र प्रतीत होती हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# उत्तरकाशी त्रासदी: मात्र एक चेतावनी

**जलवायु परिवर्तन ने हिमालई क्षेत्र में आपदाओं की आवृत्ति और तीव्रता को बढ़ा दिया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अनुसार, 1988 से 2023 तक उत्तराखंड में 12,319 भूस्खलन हुए, जिनमें से 1,100 अकेले 2023 में दर्ज किए गए। ग्लेशियरों का तेजी से पिघलना और ग्लेशियल झीलों का विस्तार ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड का खतरा बढ़ा रहा है। उत्तरकाशी की हालिया बाढ़ में भी विशेषज्ञों ने जीएलओएफ की संभावना जताई है। इसके अलावा, जलवायु परिवर्तन के कारण वायुमंडल में नमी की मात्रा बढ़ रही है, जिससे बादल फटने और भारी बारिश की घटनाएं अधिक आम हो रही हैं।**



**विनीत नारायण**

भारत के पहाड़ी क्षेत्र, विशेष रूप से हिमालई राज्यों जैसे उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश, प्राकृतिक सौंदर्य और जैव-विविधता के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध हैं। यह क्षेत्र न केवल पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र हैं, बल्कि गंगा, यमुना और अन्य प्रमुख नदियों का उद्‌गम स्थल भी हैं, जो देश की जीवनरेखा हैं।

हालांकि, हाल के वर्षों में इन क्षेत्रों में प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती आवृत्ति और तीव्रता ने गंभीर चिंता पैदा की है। उत्तरकाशी में हाल ही में भीषण बाढ़ और मलबे के प्रवाह ने एक बार फिर से यह सवाल उठाया है कि क्या हम अपने पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों के साथ खिलवाड़ तो नहीं कर रहे हैं? यह आपदा, जो भगीरथी पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्र में हुई, न केवल प्राकृतिक कारणों से बल्कि अवसंरचना परियोजनाओं के कुप्रबंधन और पर्यावरणीय असंतुलन के कारण और भी विनाशकारी बन गई। यह समय है कि हम इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करें और तत्काल कार्रवाई करें।

5 अगस्त 2025 को उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के धराली गांव में एक बादल फटने की घटना ने भारी तबाही मचाई। खीर गंगा नदी के जलग्रहण क्षेत्र में हुई इस घटना ने गांव के घरों, होटलों, दुकानों और सड़कों को तहस-नहस कर दिया।चार लोगों की मौत हो गई और 50 से 100 लोग लापता हो गए। यह आपदा भगीरथी पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्र में हुई, जो 2012 में गंगा नदी की पारिस्थितिकी और जलस्रोतों की सुरक्षा के लिए अधिसूचित किया गया था। विशेषज्ञों का मानना है कि इस क्षेत्र में अनियंत्रित निर्माण कार्य, जैसे कि नदी के बाढ़ क्षेत्रों पर होटल और हेलीपैड का निर्माण, ने इस आपदा को और अधिक गंभीर बना दिया।

उत्तरकाशी की यह घटना कोई अपवाद नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में बार-बार बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने की घटनाएं सामने आई हैं। 2013 की केदारनाथ बाढ़, जिसमें 5,700 से अधिक लोग मारे गए थे और 2021 की चमोली बाढ़, जिसमें 200 से अधिक लोग मारे गए या लापता हो गए, ऐसी त्रासदियों के उदाहरण हैं। इन आपदाओं का एक प्रमुख कारण जलवायु परिवर्तन है, जो हिमालई क्षेत्र में ग्लेशियरों के पिघलने और बादल फटने की घटनाओं को बढ़ा रहा है। लेकिन इसके साथ-साथ मानवीय गति. विधियां, विशेष रूप से अवसंरचना परियोजनाओं का गलत प्रबंधन, इन आपदाओं की तीव्रता को और बढ़ा रहा है।

हिमालई क्षेत्र की भूवैज्ञानिक संरचना अत्यंत नाजुक है। यह क्षेत्र टेक्टोनिक गतिविधियों के कारण भूकंपीय रूप से सक्रिय और भूस्खलन के लिए अतिसंवेदनशील है। फिर भी, चारधाम परियोजना जैसे बड़े पैमाने की सड़क निर्माण परियोजनाएं, हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट्स और अनियंत्रित पर्यटन ने इस क्षेत्र की स्थिरता को और कमजोर किया है। उत्तरकाशी में चारधाम परियोजना के तहत धरासू-गंगोत्री खंड का चौड़ीकरण और हिना-टेखला के बीच प्रस्तावित बायपास, जिसमें 6,000 देवदार के पेड़ों को काटने की योजना है, पर्यावरणविदों के लिए चिंता का विषय रहा है।

चारधाम परियोजना को लेकर सुप्रीम कोर्ट में कई कानूनी चुनौतियां सामने आई हैं, क्योंकि यह परियोजना पर्यावरणीय खतरों को बढ़ा रही है। विशेषज्ञों ने बार-बार चेतावनी दी है कि सड़क चौड़ीकरण के लिए पहाड़ों की कटाई, वनों की अंधाधुंध कटाई और नदी के किनारों पर निर्माण कार्य इस क्षेत्र को और अधिक अस्थिर बना रहे हैं। 2023 में सिल्क्यारा सुरंग प्रकरण ने भी यही दिखाया कि पर्यावरणीय प्रभाव आकलन के बिना परियोजनाओं को मंजूरी देना कितना खतरनाक हो सकता है।

इसी तरह, हिमाचल प्रदेश में शिमला के शोघी-धल्ली राजमार्ग परियोजना के लिए पहाड़ों की कटाई ने भूस्खलन के खतरे को बढ़ा दिया है। शिमला, जो कभी 30,000 लोगों के लिए बनाया गया था, अब 300,000 लोगों और लाखों पर्यटकों का बोझ सह रहा है।


(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अकेली सांझ, बदलते दौर में वृद्ध जीवन का एकाकीपन

हमारे समाज में पीढ़ियों से सुनाई देने वाली कहावत धीयन ले गयो जमाई, बहुएं ले गई पूत, कहें कबीर सुनो भई साधौ, हम तो रह गए उत के उत, कभी हंसी-ठिठोली में कही जाती थी, लेकिन आज यह कई घरों की कड़वी सच्चाई बन गई है। पहले संयुक्त परिवार में रिटायरमेंट के बाद के दिन बच्चों की चहल-पहल, पोते-पोतियों की हंसी और पूरे घर की गर्माहट में गुजरते थे, लेकिन अब आर्थिक जरूरतों, रोजगार के केंद्रीकरण और जीवनशैली में बदलाव के कारण बेटा-बेटी अक्सर विदेश या बड़े शहरों में बस जाते हैं।

नतीजा यह है कि घर में रह जाते हैं केवल वृद्ध माता-पिता और उनके जीवन का संध्या काल जो एक खामोश और अक्सर उदास एकांत में कटने लगता है। यह अकेलापन सिर्फ शारीरिक नहीं, भावनात्मक और मानसिक दूरी का भी प्रतीक है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के आंकड़े बताते हैं कि भारत में साठ वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की संख्या अब 15 करोड़ से अधिक है और इनमें से लगभग 60 प्रतिशत ग्रामीण और कस्बाई इलाकों में रहते हैं। 2011 की जनगणना में लगभग 35 प्रतिशत वृद्ध ऐसे पाए गए जो या तो अकेले रहते थे या केवल अपने जीवनसाथी के साथ। 2024 में एजवेल रिसर्च एंड एडवोकेसी सेंटर की एक रिपोर्ट में बताया गया कि शहरी क्षेत्रों में रहने वाले हर तीन में से एक वृद्ध को सप्ताह में एक बार से भी कम पारिवारिक संपर्क मिलता है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह संख्या थोड़ी बेहतर है, लेकिन वहां भी आर्थिक और सामाजिक दूरी बढ़ रही है। भारत में बुजुर्गों की सामाजिक एवं भावनात्मक स्थिति पर राष्ट्रीय सर्वेक्षणों ने चिंता के संकेत दिखाए हैं। दीर्घकालिक वृद्धावस्था अध्ययन (लॉन्गिट्यूडिनल एजिंग स्टडी ऑफ इंडिया) 2021 के अनुसार, 32 प्रतिशत वृद्धजन निम्न जीवन-संतुष्टि की शिकायत करते हैं और 70 प्रतिशत रोजमर्रा की गतिविधियों में दूसरों पर निर्भर हैं, जबकि 78 प्रतिशत के पास कोई पेंशन सुरक्षा नहीं है। इसी संदर्भ में एक हालिया सामाजिक रिपोर्ट बताती है कि भारत में लगभग 34 प्रतिशत वरिष्ठ नागरिक सामाजिक अलगाव का अनुभव करते हैं और 55 प्रतिशत बुजुर्ग व्यक्ति अक्सर अकेलापन महसूस करते हैं। यह आंकड़े यह स्पष्ट करते हैं कि अकेलापन केवल भावनात्मक पहलू नहीं, बल्कि एक व्यापक सामाजिक और स्वास्थ्य-संबंधी चुनौती बन चुका है। उत्तर प्रदेश में इस दिशा में सकारात्मक पहलें भी हो रही हैं, जो उदाहरणीय हैं। जैसे कि गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वरिष्ठ नागरिक दिवस और देखभाल केंद्र का उद्‌घाटन किया गया, जहां योग, स्वास्थ्य परामर्श, पुस्तकालय और क्रीड़ा जैसी सुविधाएं वृद्धों को उपलब्ध कराई जाती हैं, यह भारत में राज्य स्मार्ट सिटी पहल के अंतर्गत पहला केंद्र है। साथ ही, लखनऊ में एक संस्था आस्था होस्पिस एवं जेरियाट्रिक केयर सेंटर वृद्धों को नि:शुल्क चिकित्सा, वृद्ध-आश्रय और सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे फैशन शो व गिविंग सैटरडे सम्मान अभियान जैसी पहलें प्रदान करती है, जो स्थानीय स्तर पर सामाजिक सहभागिता और गरिमा को बनाए रखने में सहायक हैं। कुछ और भी सकारात्मक



उदाहरण हैं , केरल के त्रिशूर जिले में स्कूलों ने ग्रैंडपैरेंट्स इन क्लासरूम नामक कार्यक्रम शुरू किया है, जिसमें सेवानिवृत्त शिक्षक, सैनिक, किसान और कारीगर सप्ताह में एक दिन बच्चों को अपने अनुभव और कौशल सिखाते हैं। इससे न केवल बुजुर्गों का आत्मसम्मान बढ़ता है, बल्कि नई पीढ़ी को संस्कृति, मेहनत और संघर्ष की वास्तविक कहानियों से परिचय होता है। तकनीक के क्षेत्र में भी समाधान की संभावनाएं हैं।

आज स्मार्ट डिवाइस, वॉयस असिस्टेंट, दरवाजे पर सेंसर-घंटी, और नेबर अलर्ट सिस्टम जैसे उपकरण कम खर्च में उपलब्ध हैं। बेंगलुरु में एक स्टार्टअप ने ऐसे वॉयस-एक्टिवेटेड सिस्टम बनाए हैं, जो गिरने या जोर से पुकारने की स्थिति में पड़ोसियों और परिजनों को तुरंत अलर्ट भेज देते हैं। दिल्ली के कुछ इलाकों में आरडब्ल्यूए ने मोहल्ला सुरक्षा योजना के तहत बुजुर्गों के घरों में हेल्थ अलार्म बटन और मोबाइल आधारित ट्रैकिंग सिस्टम लगाए हैं, जिससे आपात स्थिति में मदद जल्दी पहुंचाई जा सके। यह भी सच है कि सभी समाधान सिर्फ सरकार या संस्थाओं से नहीं आएंगे। पड़ोसी और स्थानीय समुदाय की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। अगर हर मोहल्ले में महीने में एक बार वृद्ध मिलन दिवस मनाया जाए, जिसमें स्वास्थ्य जांच, योग सत्र, हंसी थेरेपी, सांस्कृतिक कार्यक्रम और तकनीकी प्रशिक्षण शामिल हों, तो न केवल बुजुर्गों का मनोबल बढ़ेगा, बल्कि सामाजिक ताना-बाना भी मजबूत होगा। लखनऊ के एक पार्क में सुबह-सवेरे ऐसे ही संगीत-संवाद सत्र होते हैं, जहां बुजुर्ग मिलकर पुराने गीत गाते हैं और दिनभर के लिए सकारात्मक ऊर्जा लेकर घर लौटते हैं। मुद्दा सिर्फ अकेलेपन का नहीं है, बल्कि सांस्कृतिक निरंतरता का भी है। अगर यह पीढ़ी अपने अनुभव, लोककथाएं, जीवन-संघर्ष की कहानियां और नैतिक धरोहर अगली पीढ़ी तक नहीं पहुंचा पाई, तो पांच-दस साल बाद हमारे पास एक ऐसा



**वीरेश तरार**

समाज होगा जो अपनी जड़ों से कटा हुआ होगा। एक ऐसा भारत, जहां केवल आधुनिकता होगी, पर अतीत से जुड़ी संवेदनाएं और विरासत का भाव नहीं होगा। यह खतरा केवल सामाजिक नहीं, मानसिक और भावनात्मक भी है।

इस पूरे प्रयास का सार यही है कि हम एक ऐसे समाज की ओर लौटें, जहां बुजुर्ग बोझ नहीं, बल्कि समाज की धरोहर समझे जाएं। यदि हम उन्हें केवल आर्थिक रूप से नहीं, बल्कि भावनात्मक और सामा. जिक रूप से भी संबल दें, तो वे अपनी सांस्कृतिक विरासत, अनुभव और मानवीय संवेदनाओं को अगली पीढ़ियों तक पहुंचा सकते हैं अन्यथा, आने वाले वर्षों में हम एक ऐसे भारत का सामना करेंगे जहां भावनाओं और रिश्तों का मूल्य कम हो जाएगा और यह हमारी सबसे बड़ी सांस्कृतिक हानि होगी। इसलिए समय है कि हम इसे केवल समस्या मानकर न छोड़ें, बल्कि समाधान की दिशा में ठोस और सामूहिक कदम उठाएं यही हमारे देश और समाज के भविष्य की रक्षा का सबसे सशक्त उपाय है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# गाजा पर कब्जे के खिलाफ तुर्की लामबंद

## इजरायल के फैसले की निंदा की और कहाः सभी मुस्लिम देशों को एकजुट होकर काम करना चाहिए

**अंकारा/वाशिंगटन।** गाजा पर कब्जा करने की इजरायल की योजना के खिलाफ तुर्की उतर आया है। तुर्की के विदेश मंत्री हकान फिदान ने इजरायल के फैसले कर निंदा करते हुए कहा कि सभी मुस्लिम देशों को एकजुट होकर काम करना चाहिए। साथ ही इजरायल की योजना का वैश्विक स्तर पर विरोध किया जाना चाहिए। मिस्र ने भी इजरायल के फैसले की निंदा की।

हालांकि इजरायल ने गाजा में कब्जे की योजना से इनकार किया है। मिस्र में राष्ट्रपति अब्देल फतह अल सीसी और विदेश मंत्री बद्र अब्देलअत्ती से मुलाकात के बाद तुर्की के विदेश मंत्री हकान फिदान ने कहा कि यह इजरायल की नरसंहारकारी और विस्तारवादी नीतियों का एक नया दौर है। इसे रोकने के लिए वैश्विक स्तर पर उपाय करने की जरूरत है। इसलिए हमने इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) को आपातकालीन बैठक के लिए बुलाया है। फिदान ने कहा कि इजरायल की नीति का उद्देश्य फलस्तीनियों को भुखमरी के जरिये उनकी जमीन से बाहर निकालना है।

साथ ही गाजा पर स्थाई रूप से हमला करना है। फिदान ने कहा कि मुस्लिम देशों के पास इजरायल का समर्थन करने का कोई बहाना नहीं है। वहीं मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलअत्ती ने कहा कि यह भी बेहद खतरनाक है। यह न केवल फलस्तीनियों के लिए खतरा है बल्कि पड़ोसी देशों के लिए भी खतरनाक है। इजरायल की योजनाएं अस्वीकार्य हैं। गाजा पर तुर्की के साथ पूर्ण समन्वय है।



■ इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की गाजा पर कब्जे की योजना का राष्ट्रपति ट्रम्प ने किया समर्थन
■ इजरायली योजना का भारी विरोध भी हो रहा, कई सहयोगी देशों ने भी इसकी कड़ी आलोचना की है
■ फ्रांस, कनाडा और ब्रिटेन जैसे देशों ने भी इजरायल के गाजा पर कब्जे के प्लान का विरोध किया

### नेतन्याहू के फैसले का विरोध, इजरायल की सड़कों पर उतरे हजारों लोग

**तेल अवीव।** प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने शुक्रवार को पुष्टि की इजरायलके सुरक्षा मंत्रिमंडल ने गाजा शहर पर कंट्रोल करने की योजना को मंजूरी दे दी है। इजरायलकी इस योजना की दुनिया भर के संगठनों निंदा की है, अब इजरायल में ही इसको लेकर विरोध शुरू हो गया है। तेल अवीव और इजरायल के विभिन्न शहरों में हजारों की तादाद में प्रदर्शनकारी एकत्रित हुए और उन्होंने गाजा शहर पर कब्जा करने के लिए इजरायलकी ओर से नियोजित अभियान शुरू करने से पहले बंधक समझौते और युद्ध विराम समझौते की मांग की। बंधकों के परिवारों ने इस योजना के विरोध में आम हड़ताल का आह्वान किया है और चेतावनी दी कि यह उनके प्रियजनों के लिए मौत की घंटी होगी। संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि पूर्ण सैन्य कब्जे से गाजा में बंदी बनाए गए फलस्तीनी नागरिकों और इजराइली बंधकों के लिए 'विनाशकारी परिणाम' हो सकते हैं। इजरायलमें ब्रिटेन के राजदूत ने कहा है कि यह 'एक बहुत बड़ी भूल' होगी।

उन्होंने ओआईसी मंत्रिस्तरीय समिति के इजरायल की योजना की निंदा के बारे में जानकारी दी। ओआईसी समिति ने कहा कि इजरायल की योजना एक खतरनाक और अस्वीकार्य वृद्धि, अंतर्राष्ट्रीय कानून का घोर उल्लंघन और अवैध कब्जे को मजबूत करने का प्रयास है। यह शांति के किसी भी अवसर को नष्ट कर देगा। ओआईसी ने वैश्विक शक्तियों और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से कहा है कि वे अपनी कानूनी और मानवीय जिम्मेदारियों को समझें। इजरायल की गाजा पर कब्जे की योजना को रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई करें। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय कानून के उल्लंघन के लिए तत्काल जवाबदेही सुनिश्चित करें। हाल ही में इजरायली सुरक्षा परिषद ने गाजा पर कब्जे को मंजूरी दी थी। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि कैबिनेट ने पांच सिद्धांतों को अपनाया है। इसमें हमास का निरस्त्रीकरण, शेष बचे सभी 50 बंधकों की वापसी, गाजा पट्टी का विसैन्ईकरण, गाजा पट्टी पर इजरायली सुरक्षा नियंत्रण और एक वैकल्पि वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के गाजा पर कब्जे की योजना का समर्थन किया है। हालांकि इजरायल की इस योजना की आलोचना भी हो रही है।

यही वजह है कि ट्रम्प ऐसा दिखाने की कोशिश कर रहे हैं कि यह इजरायल की योजना है न कि अमेरिका की। अमेरिका के एक मीडिया संस्थान ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रम्प ने गाजा में मानवीय मदद पहुंचाने के लिए समर्पित रहने की बात कही, लेकिन इजरायल के गाजा में ऑपरेशन की आलोचना भी नहीं की। हाल ही में अपने एक बयान में ट्रम्प ने इजरायल के गाजा प्लान पर कहा कि मैं इस बारे में ज्यादा नहीं कह सकता, ये इजरायल पर निर्भर करता है। गौरतलब है कि गाजा पर कब्जे की इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की योजना को इजरायल सरकार की सुरक्षा परिषद भी मंजूरी दे चुकी है। हालांकि इजरायल की इस योजना का भारी विरोध भी हो रहा है। इजरायल के कई सहयोगी देशों ने भी इसकी आलोचना की है।



अहमदाबाद। स्वतंत्रता दिवस से पहले हाथ में राष्ट्रीय ध्वज लेकर 'तिरंगा यात्रा' में भाग लेते लोग।

# अमेरिका ने अफगान के विदेश मंत्री का इस्लामाबाद दौरा रोका

■ अफगानिस्तान के विदेश मंत्री का पाकिस्तान दौरा 4 अगस्त को प्रस्तावित था

**इस्लामाबाद।** अमेरिका ने एक बार फिर पाकिस्तान को उसकी हैसियत का अहसास कराया है और अफगानिस्तान के विदेश मंत्री की पाकिस्तान यात्रा रोक दी है। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा तालिबान के नेताओं पर लगाए गए यात्रा प्रतिबंध में छूट को मंजूरी देने से इन्कार कर दिया। जिसके चलते अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी को अपनी पाकिस्तान यात्रा टालनी पड़ी। इसके साथ ही अमेरिका ने दिखा दिया है कि भले ही वह दुनिया की दिखाए कि पाकिस्तान उसका सहयोगी देश है, लेकिन असल में अमेरिका, पाकिस्तान पर अपनी दादागिरी चलाता है और उसकी विदेश नीति को नियंत्रित करता है। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, अफगानिस्तान के विदेश मंत्री का पाकिस्तान दौरा 4 अगस्त को प्रस्तावित था। यह दौरा अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच संबंधों को बेहतर बनाने के प्रयासों के तहत हो रहा था। इससे पहले पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री इशाक डार काबुल दौरे पर गए थे। इशाक डार के पाकिस्तान दौरे की व्यवस्था चीन ने की थी, उस दौरे पर ही अफगानिस्तानी विदेश मंत्री के पाकिस्तान दौरे पर सहमति बनी थी, लेकिन पाकिस्तान और चीन की इस पूरी कवायद पर अमेरिका ने पानी फेर दिया।

# यूक्रेन का बंटवारा नहीं होने देंगेः जेलेंस्की

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि रूस को किसी भी हाल में यूक्रेन का दूसरा बंटवारा करने नहीं दिया जाएगा। एक्स पर वीडियो पोस्ट करते हुए उन्होंने कहा कि रूस के जमीन देकर नहीं, बल्कि न्यायपूर्ण तरीके से जंग खत्म करके ही शांति आ सकती है।

जेलेंस्की ने कहा हम इस दूसरे बंटवारे की कोशिश को नाकाम करेंगे। हम रूस को जानते हैं। जहां दूसरा बंटवारा होगा, वहां तीसरा भी होगा। इसलिए हम अपनी पोजिशन पर डटे हैं। युद्ध का अंत शांति और मजबूत सुरक्षा ढांचे के साथ होना चाहिए। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 15 अगस्त को अलास्का में



■ कहाः जंग खत्म करने के बदले जमीन नहीं देंगे ट्रम्प ने कहा थाः अदला-बदली करनी होगी

मिलने वाले हैं। इसमें जंग खत्म करन पर बात होनी है। ट्रम्प पहले कह चुके हैं कि जंग खत्म करने के लिए कुछ इलाकों की अदला-बदली करनी होगी। ट्रम्प और जेलेंस्की ने 26 अप्रैल को पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में वेटिकन मुलाकात की थी। रायटर्स के मुताबिक ट्रम्प इसके बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ त्रिपक्षीय बातचीत भी करना चाहते हैं। वे इस बातचीत में पुतिन को भी शामिल करना चाहते हैं। अमेरिका और रूस के राष्ट्रपति के बीच आखिरी मुलाकात जून 2021 में हुई थी। उस वक्त तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और पुतिन ने जिनेवा में मुलाकात की थी। 4 साल बाद होने जा रही इस मुलाकात को लेकर व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बुधवार को बताया था, रूस ने ट्रम्प से मुलाकात की इच्छा जताई है। ट्रम्प पुतिन और जेलेंस्की दोनों से मिलने को तैयार हैं।

# काकेशस में प्रस्तावित कॉरिडोर को रोकेगा ईरान

## कहाः तेहरान 'रूस के साथ या उसके बिना' इस पहल को रोक देगा

**तेहरान।** ईरान ने कहा है कि वह अजरबैजान और आर्मेनिया के बीच अमेरिका की मध्यस्थता में हुए शांति समझौते के तहत काकेशस में प्रस्तावित कॉरिडोर को रोकेगा।

इस समझौते को क्षेत्र के अन्य देशों ने स्थाई शांति लाने वाला बताया है, लेकिन ये ईरान के लिए एक बड़ी चिंता है। ईरान के सर्वोच्च नेता के एक शीर्ष सलाहकार अली अकबर वेलयाती ने कहा कि तेहरान 'रूस के साथ या उसके बिना' इस पहल को रोक देगा। इस पहल में शामिल आर्मेनिया का ईरान के साथ एक रणनीतिक गठबंधन भी है, लेकिन ट्रम्प की ओर से कराए गए सीजफायर के बाद इस दूरी आ सकती है। अमेरिका और तुर्की काकेशस क्षेत्र में लंबे समय से एक ट्रेड कॉरिडोर बनाना चाहते हैं। जिसके जरिए वह ईरान को बाइपास कर सकते हैं। वेलायती ने शांति समझौते में शामिल परिवहन गलियारे

■ अजरबैजान और आर्मेनिया समझौते के पीछे ट्रम्प कर रहे थे खेला

का ज़िक्र करते हुए कहा कि यह मार्ग ट्रम्प के भाड़े के सैनिकों के लिए प्रवेश द्वार नहीं बनेगा, यह उनका कब्रिस्तान बन जाएगा।

उन्होंने इस योजना को आर्मेनिया की क्षेत्रीय अखंडता को कमजोर करने के मकसद से एक 'राजनीतिक विश्वासघात' बताया है। व्हाइट हाउस में हुए अजरबैजान और आर्मेनिया समझौते की शर्तों में आर्मेनिया से होकर गुजरने वाले एक मार्ग के लिए खास अमेरिकी विकास अधिकार शामिल हैं जो अजरबैजान को नखचिवन से जोड़ेगा, जो एक अजरबैजानी परिक्षेत्र है और बाकू के सहयोगी तुर्की की सीमा से लगा हुआ है। यह स्वायत्त गणराज्य ट्रांस-काकेशियन पठार पर स्थित है। नखचिवन चारों तरफ से अर्मेनिया, ईरान और तुर्की के बीच फंसा है। ईरान ट्रांस-काकेशियन में प्रस्तावित ज़ंगेज़ुर कॉरिडोर के खिलाफ इसलिए हैं, क्योंकि यह उसकी भू-राजनीतिक, रणनीतिक, और आर्थिक हितों के लिए खतरा पैदा करता है। इसके बनने से उसका सीध आर्मेनिया से संपर्क टूट सकता है, जो उसका महत्वपूर्ण सहयोगी है। यह ईरान की क्षेत्रीय पहुंच को कमजोर करेगा। साथ ही हाल के समय में अजरबैजान और नखचिवान के बीच व्यापार और आवागमन के लिए ईरान का क्षेत्र एक महत्वपूर्ण मार्ग है। कॉरिडोर बनने से यह रास्ता बाइपास हो जाएगा, जिससे ईरान का दक्षिणी काकेशस में रणनीतिक और आर्थिक प्रभाव कम हो जाएगा। ईरान को डर ये भी है कि यह कॉरिडोर अमेरिका और नाटो की सैन्य मौजूदगी को उसकी उत्तरी सीमाओं तक बढ़ा सकता है, जिसे वह अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा मानता है।

## चाड के पूर्व प्रधानमंत्री सुचेस मसरा को 20 साल की कैद

**एन दजामेना।** चाड के पूर्व प्रधानमंत्री सुचेस मसरा को शनिवार को राजधानी एन' दजामेना की एक आपराधिक अदालत ने 20 साल कैद की सजा सुनाई। चाड की आपराधिक अदालत द्वारा सुनाए गए फैसले के अनुसार मसरा को जनता को घृणा और शत्रुता के लिए उकसाने का दोषी पाया गया। उनके के वकीलों ने इस फैसले को 'अपमानजनक' बताया और कहा कि वे इसके खिलाफ अपील करेंगे। मसरा को मई में सरकारी जांच के बाद गिरफ्तार किया गया था। उन पर आरोप लगाया गया था कि उन्होंने लोगों को हिंसा के लिए उकसाया था, जिसके कारण दक्षिण-पश्चिमी प्रांत लोगोन ऑक्सिडेंटल के मंडाकाओ गांव में हुई झड़पों में 42 लोग मारे गए थे।

# बलूचिस्तान में 47 उग्रवादी किए ढेर

## पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने पिछले दो दिनों में किया उग्रवादियों का सफाया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सुरक्षा बलों ने अफगानिस्तान सीमा के पास बलूचिस्तान प्रांत में पिछले दो दिनों में कम से कम 47 उग्रवादियों को मार गिराया है। पाकिस्तानी सेना के जनसंपर्क विभाग (आईएसपीआर) ने शनिवार (9 अगस्त) को यह जानकारी दी। बताया जा रहा है कि सुरक्षा बलों ने 7-8 अगस्त की दरमियानी रात झोब जिले के संबाजा क्षेत्र में अभियान चलाकर 33 उग्रवादियों को मार गिराया।

इसके अलावा आईएसपीआर ने बयान में कहा कि 8-9 अगस्त की रात अफगानिस्तान सीमा से लगे संबाजा के आसपास के क्षेत्रों में एक अन्य अभियान में 14 उग्रवादी मारे गए। इस दौरान आतंकवादियों के पास से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद किए गए। अधिकारियों के मुताबिक बलूचिस्तान प्रांत में अज्ञात सुरक्षा कारणों से मोबाइल और इंटरनेट सेवाएं आगामी 31



■ 31 अगस्त तक मोबाइल और इंटरनेट सेवाएं निलंबित की गईं

अगस्त तक निलंबित कर दी गई हैं। बताया जा रहा है कि बलूचिस्तान सरकार के अनुरोध पर मोबाइल और इंटरनेट सेवाएं निलंबित की गई हैं। बलूचिस्तान के गृह विभाग ने बीते 6 अगस्त को जारी एक अधिसूचना में कहा था कि प्रांत में कानून व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए इंटरनेट सेवाओं को तत्काल निलंबित करने का आदेश दिया जाता है। सरकार के प्रवक्ता शाहिंद रिंद ने इसकी पुष्टि की थी। दरअसल पाकिस्तान 14 अगस्त को अपना स्वतंत्रता दिवस मनाता है।

ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि आतंकवादी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देकर आजादी के जश्न को बाधित करने की कोशिश कर सकते हैं। जिसकी वजह से प्रशासन सतर्कता बरत रहा है। बीते गुरुवार को उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में हुए बम विस्फोट में करीब तीन लोगों की मौत हो गई थी। वहीं 13 अन्य घायल हो गए थे, जिसमें तीन पुलिसकर्मी भी शामिल थे। जिला पुलिस अधिकारी ताहिर शाह के मुताबिक कि दक्षिण वजीरिस्तान जिले की वाना तहसील में एक टैक्सी स्टैंड के पास पुलिस गश्ती वाहन के पास विस्फोट हुआ।

# पाक को दो महीने में 127 करोड़ का नुकसान

सिंधु समझौता रद्द करने के भारत के फैसले पर भारतीय विमानों के लिए एयरस्पेस बंद किया गया था, रोजाना 150 फ्लाइट प्रभावित

भारतीय एयरलाइनों को हर महीने 306 करोड़ का नुकसान, एक साल तक एयर स्पेस बंद रहा, तो एयर इंडिया को 600 मिलियन डॉलर नुकसान होगा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**नई दिल्ली।** पाकिस्तान को भारतीय विमानों के लिए एयरस्पेस बंद करने से दो महीनों में 127 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। 23 अप्रैल को सिंधु जल संधि निलंबित करने के भारत के फैसले के बाद पाकिस्तान ने भारतीय विमानों के लिए अपना एयरस्पेस बंद कर दिया था।

पाकिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने संसद में बताया कि इस दौरान रोजाना लगभग 100 से 150 भारतीय उड़ानें प्रभावित हुईं। इससे पाकिस्तान को 24 अप्रैल से 30 जून के बीच 4.10 अरब पाकिस्तानी रुपये (लगभग 127 करोड़ भारतीय रुपये) का नुकसान हुआ। एयरस्पेस बंद करने का यह फैसला जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद लिया गया था। इस हमले में 26 नागरिकों की मौत हो गई थी। पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन 'द रेसिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली थी। पाक रक्षा मंत्रालय ने कहा कि घाटा होने के बाद भी भारतीय विमानों पर लगे प्रतिबंध हटाए नहीं जाएंगे और एयरस्पेस को अगस्त के आखिरी हफ्ते तक बंद रखा जाएगा। इसके बाद स्थिति को देखकर निर्णय लिया जाएगा। पहलगाम आतंकी हमले के अगले दिन 23 अप्रैल को पीएम आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सीसीएस की मीटिंग हुई थी। पाकिस्तान को 2019 में भी इसी तरह का प्रतिबंध लगाने से लगभग 451 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। वहीं, पाकिस्तान के प्रतिबंध के जवाब में भारत ने भी पाकिस्तानी विमानों के भारतीय एयरस्पेस में घुसने पर रोक लगाई हुई है। पाकिस्तानी मंत्रालय के मुताबिक, नुकसान होने के बावजूद पाकिस्तान एयरपोर्ट्स अथॉरिटी की कुल कमाई में बढ़ोतरी हुई है। 2019 में रोजाना औसत ओवरफ्लाइट (ऊपर से गुजरने वाले विमानों) से होने वाली कमाई 4.24 करोड़ रुपये थी, जो 2025 में बढ़कर 6.35 करोड़ हो गई। पाकिस्तानी एयरस्पेस बंद होने के बाद 30 अप्रैल को एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि भारतीय एयरलाइनों को हर महीने करीब 306 करोड़ रुपये से ज्यादा एक्स्ट्रा खर्च करने पड़ सकता है। एअर इंडिया ने अनुमान लगाया था कि अगर एक साल तक एयर स्पेस बंद रहता है, तो उसे 600 मिलियन डॉलर यानी करीब 5081 करोड़ रुपये का नुकसान होगा।

# ऑस्ट्रेलियाई सेना प्रमुख चार दिवसीय भारत यात्रा पर

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल साइमन स्टुअर्ट, भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बातचीत के लिए 10 से 14 अगस्त तक भारत यात्रा पर हैं।

इस यात्रा का उद्देश्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रणनीतिक सहयोग को और अधिक मजबूत करना है। भारतीय सेना ने इस यात्रा को 'रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण' बताया और भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मज़बूत करने और दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग को बढ़ावा देने में इसका उल्लेख किया। दोनों देश हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक स्थिर

■ यात्रा का उद्देश्य हिंद प्रशांत क्षेत्र में रणनीतिक सहयोग को और अधिक मजबूत करना

और नियम-आधारित व्यवस्था बनाए रखने के लिए काम कर रहे हैं। लेफ्टिनेंट जनरल साइमन स्टुअर्ट की भारत यात्रा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में भारतीय सेना की बढ़ती प्रतिष्ठा और सार्थक सहयोग के माध्यम से सामूहिक तैयारियों को आकार देने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस यात्रा से परिचालन और रणनीतिक तालमेल को मज़बूत करने और क्षेत्र में दोनों देशों की सेनाओं के बीच सहयोग के अगले चरण की नींव रखने की उम्मीद है।


# रूस के लिए जंग लड़ने वाले अमेरिकी सैनिक को मेडल

## पिछले साल यूक्रेन में मारा गया, मां अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए की डिप्टी डायरेक्टर

**मास्को/वाशिंगटन।** यूक्रेन के खिलाफ जंग में रूस के लिए लड़ने वाले अमेरिकी सैनिक को राष्ट्रपति पुतिन ने मरणोपरांत आर्डर ऑफ लेनिन मेडल से सम्मानित किया है।

बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी युवक का नाम माइकल ग्लास (21) था। वह पिछले साल यूक्रेन में रूस की तरफ से लड़ते हुए मारा गया था। माइकल अमेरिका की खुफिया एजेंसी सीआईए की सीनियर अधिकारी जूलियन गलीना का बेटा था। गलीना सीआईए में डिजिटल इनोवेशन की डिप्टी डायरेक्टर हैं।

माइकल 2023 की सर्दियों में रूस की सेना में भर्ती हुआ था। माइकल ने मास्को के रेड स्क्वायर से सेल्फी पोस्ट की थी और सोशल



■ माइकल 2023 की सर्दियों में रूस की सेना में भर्ती हुआ था
■ पुतिन ने 6 अगस्त को यह मेडल ट्रम्प के विशेष दूत स्टीव विटकाफ को सौंपा

मीडिया पर यूक्रेन युद्ध को प्राक्सी वार बताते हुए पश्चिमी मीडिया को प्रोपगेंडा कहा था। रूसी मीडिया ने अप्रैल 2024 में उसकी मौत की खबर दी। पुतिन ने 6 अगस्त को यह मेडल ट्रम्प के विशेष दूत स्टीव विटकाफ को सौंपा। सीआईए ने बयान कर जारी बताया कि माइकल मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहा था। एजेंसी ने उसकी मौत राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा नहीं माना है। माइकल के पिता लैरी ग्लास अमेरिका के लिए इराक वार में शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि, हमें डर था कि रूस में कोई उसकी मां की पहचान न जान ले और उसे राजनीतिक मकसद से इस्तेमाल करे। क्रेमलिन ने 'आर्डर ऑफ लेनिन' मेडल देने की बात आधिकारिक तौर पर स्वीकार नहीं की है। यह सोवियत दौर का एक बड़ा नागरिक सम्मान है। अभी यह साफ नहीं है कि मेडल आखिर कहां गया। व्हाइट हाउस, सीआईए और विटकाफ ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी सीआईए की डिप्टी डायरेक्टर जूलियान जे. गालिना डिजिटल इनोवेशन की चीफ हैं। उन्हें इस पद पर जनवरी 2024 में नियुक्त गया है। गालिना ने अपने करियर की शुरुआत यूएस नेवल एकेडमी से की थी। यहां 1992 में वे ब्रिगेड ऑफ मिडशिपमेन की पहली महिला लीडर बनीं। 1846 में एकेडमी की स्थापना के बाद ऐसा पहली बार हुआ था। गालिना को क्रिप्टोलाजिक आफिसर के रूप में कमीशन किया गया और उन्होंने एक्टिव डयूटी तथा नेवी रिजर्व में सेवा दी।

